www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:48

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.06 न्यू | 13.09 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 17.03 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71500.76 |
| निफ्टी | 21572.00 |
| सोना 62,215 | चांदी 75,900 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | वीरवार, 18 जनवरी 2024 | 5 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 31 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |



अयोध्या में सीता जी को मुंह दिखाई में मिला था कनक भवन, पुरुषों का जाना था वर्जित...पेज 16

## न्यूज शॉर्ट्स

### दंगा मामले में पाक के पूर्व मंत्री शेख रशीद गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बीते नौ मई को हुए दंगों के मामले में पूर्व आंतरिक मंत्री एवं आवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख शेख रशीद को गिरफ्तार किया है। उन पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद गत नौ मई को संवेदनशील प्रतिष्ठान में तोड़फोड़ और हमले की योजना बनाने का आरोप है।

### पुलिस ने दबोचा हिजबुल मुजाहिद्दीन का फाइनांसर

**दिल्ली।** पुलिस ने हिजबुल मुजाहिद्दीन के एक फाइनांसर को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी को पकड़ा है, उसका नाम मोहम्मद रफी नजर है। वह जम्मू-कश्मीर के सोपोर जिले का रहने वाला है। आतंकी रफी नजर हिजबुल के हैंडलरों के जरिए पैसे लेकर उन्हें घाटी में पहुंचा रहा था।

### असम में भूकंप से कांपी धरती, 3.5 रही तीव्रता

**दरंग।** असम के दरंग जिले में बुधवार सुबह 3.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। भूकंप का केंद्र दरंग जिला में जमीन से 20 किलोमीटर नीचे रहा।

## टॉप स्टोरीज

अढ़ाई किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार ...पेज 2

हिंदुस्तान में विकास का मॉडल बनेगा हरोली ...पेज 3

ट्राले से टकराई पुलिस बस, महिला कांस्टेबल समेत चार कर्मियों की मौत ...पेज 12

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

मुख्य संपादक, डेस्क पर सब एडिटर, प्रूफ रीडर और उपमंडल स्तर पर जुझारु, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीतियों के इम्प्लीमेंटेशन की देखरेख और मैनेजमेंट के लिए अनुभवी और तेज तर्रार मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

रीडरशिप और अखबारों की प्रसार संख्या के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर 98160-10065

# रामलला की मूर्ति मंदिर परिसर पहुंची, गर्भगृह में पूजन

## प्रतीकात्मक मूर्ति का करवाया मंदिर भ्रमण, भारी वजन के चलते भ्रमण का फैसला बदला

**मूर्ति को परिसर में लाने से पहले सरयू घाट पर आरती**

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** में 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 16 जनवरी से अनुष्ठान शुरू किया गया है। बुधवार को दूसरा दिन है। रामलला की 200 किलो वजन की नई मूर्ति को मंदिर परिसर लाया गया। भारी वजन के चलते मूर्ति का भ्रमण नहीं करवाया गया। इसकी जगह रामलला की 10 किलो की चांदी की मूर्ति रामजन्म भूमि परिसर में घुमाई गई। इससे पहले निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास और पुजारी सुनील दास ने अयोध्या राम मंदिर के गर्भ गृह में पूजा की। इसके बाद महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।






- 10 किलोग्राम की चांदी की मूर्ति घुमाई
- हनुमानगढ़ी में रामलला की मूर्ति को सांकेतिक दर्शन कराया

### मूर्ति आज होगी स्थापित

**बुधवार** देर शाम रामलला की असली मूर्ति भी मंदिर पहुंच गई। ट्रक पर भारी सुरक्षा के बीच मूर्ति मंदिर लाई गई। इस दौरान चंपत राय भी मौजूद रहे। वीरवार को इसे गर्भगृह में लगा दिया जाएगा। मूर्ति के चेहरे पर फिलहाल कपड़ा लपेटा गया है।

### संध्या आरती के समय रामलला का श्रृंगार

**अयोध्या** में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले मौजूदा मूर्ति की बुधवार को संध्या आरती की गई। इस दौरान रामलला का श्रृंगार स्वरूप सामने आया।



### किष्किंधा से देव प्रतिमाएं लेकर पहुंचा रथ

**भगवान** हनुमान के जन्मस्थान किष्किंधा (कर्नाटक के हम्पी) से देव प्रतिमाएं लेकर एक रथ अयोध्या पहुंचा है। सरयू तट पर विग्रह की आरती और पूजन किया गया।



### राम मंदिर आंदोलन की वजह से हूं संन्यासी



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से वह संन्यासी हैं और मंदिर में जो भी सेवक बनकर आएगा, उसका स्वागत किया जाएगा। हम श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का श्रेय नहीं ले रहे हैं। हम तो वहां सेवक बनकर जा रहे हैं। मंदिर का आमंत्रण कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत सबको मिला है, उन्हें राम मंदिर में आने से किसी ने रोका नहीं है। वो राम के सेवक बनकर आएं, जो राम का सेवक बनकर आएगा, उसका स्वागत है। राम मंदिर आंदोलन में हम सब बहुत पहले से जुड़े हैं। सच तो यह है कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से मैं संन्यासी हूं।

**मूर्ति की सुरक्षा में एटीएस कमांडो और पीएसी के 2000 जवान तैनात**

# सुक्खू सरकार गांव के द्वार

## सीएम ने अपने हलके के गलोड़ से शुरू किया कार्यक्रम, खुद इकट्ठी कीं अर्जियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, गलोड़ (हमीरपुर)

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के गलोड़ से 'सरकार गांव के द्वार' विशेष कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने इस मौके पर बड़ी तादाद में पहुंचे लोगों से उनकी अर्जियां भी खुद ही इकट्ठा कीं। इस मौके पर सीएम सुक्खू ने मोदी सरकार और हिमाचल में विपक्ष की खूब आलोचना की।

उन्होंने कहा कि संकट के समय भी प्रदेश भाजपा और केंद्र सरकार ने लोगों के साथ रती भर भी न्याय नहीं किया है। प्रदेश में भाजपा लोगों की कतई भर भी हिमायती नहीं रही है। इसकी पोल आपदा के समय खुल चुकी है।

स्पेशल रिलीफ पैकेज को लेकर केंद्र सरकार की खूब आलोचना की और कहा कि इसकी आपदा के समय से लेकर अब तक बेहद जरूरत थी, लेकिन इसमें न ही तो प्रदेश के भाजपा नेताओं ने साथ दिया और न ही केंद्र सरकार ने, जो भी किया प्रदेश सरकार ने अपने बलबूते पर किया। प्रदेश भाजपा सांसद कभी भी दिल्ली में इकट्ठे होकर हिमाचली हितों के लिए एकजुट नहीं हुए। भाजपाई हर स्तर पर ढोंग रचने में माहिर हो गए हैं।



गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के गलोड़ पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुक्खू का स्वागत करतीं महिलाएं।

### लोस चुनाव में किसी के बहकावे में न आएं

सीएम सुक्खू ने क्षेत्र की जनता से आह्वान किया कि वे अगले लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के किसी बहकावे में न आएं। प्रदेश की सुक्खू सरकार उनकी समस्याएं निश्चित रूप में हाल करेगी। उम्मीद पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### शिमला आना हो तो शुक्रवार को आएं नादौनवासी

**मुख्यमंत्री** ने नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों से कहा कि यदि उनकी समस्याएं यहां पर कोई हल न हों और यदि उन्हें शिमला ही आना पड़े, तो फिर वे शुक्रवार को ही शिमला आया करें। इसके लिए वे नादौन में पार्टी के कार्यालय से समय भी तय करवा लिया करें।

### मुख्यमंत्री ने 250 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे

**मुख्यमंत्री** ने 250 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए। पंचायत बाड़ी फरनोल ने एक लाख और गोइस के पूर्व प्रधान बालक राम ने 50 हजार रुपए का चेक मुख्यमंत्री सुक्खू को आपदा राहत कोष में अंशदान के लिए भेंट किया। इससे पहले गलोड़ मंडल कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन प्रेम चंद ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, नादौन कांग्रेस मंडल अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद, पूर्व विधायक मनजीत डोगरा आदि मौजूद रहे।

### लाभार्थी से पूछा- इंतकाल हो रहे हैं न, कुछ और तो नहीं लगा

सीएम ने कई लाभार्थियों से बात की। एक लाभार्थी ने बताया कि उनका भूमि का इंतकाल हो गया है। तो सीएम ने पूछा कि कुछ और तो नहीं लगा। इससे पहले तो वह मुस्कुराए, उन्होंने कहा कि सब आसानी से हो गया और कुछ भी नहीं लगा। मतलब साफ था कि पहले की तरह जो हालात हुआ करते थे, उस स्थिति में लोगों को अब राहत मिलने लगी है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में 3.43 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कापड़ा पुल, 1.35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाहल और 1.10 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली फाहल-कोटलु पेयजल योजना की आधारशिला भी रखी।

# किन्नौर में खाई में गिरी बोलेरो, पांच लोगों की मौत

## रिकांगपिओ-शिरड़ी मार्ग पर पेश आया हादसा



रिकांगपिओ-शिरड़ी मार्ग पर रोघी दाखो के समीप खाई में गिरी कार।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**किन्नौर** जिले में बुधवार को रिकांगपिओ-शिरड़ी मार्ग पर रोघी दाखो के समीप सुबह 11:00 बजे बोलेरो कैंपर अनियंत्रित होकर 500 फुट नीचे खाई में गिर गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। सभी लोग बोलेरो कैंपर में रिकांगपिओ से शिरड़ी संपर्क मार्ग से सांगला की तरफ जा रहे थे। शुदारंग से करीब पांच-छह किलोमीटर आगे बोलेरो कैंपर खाई में गिर गई।

सड़क से गुजरने वाले राहगीरों ने पुलिस थाना रिकांगपिओ को हादसे की जानकारी दी। यह हादसा इतना भयानक था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों को खाई से निकालकर रिकांगपिओ अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे। एसपी किन्नौर विवेक चहल ने हादसे की पुष्टि की है।

### मृतकों की सूची

**हादसे** में चालक अभिषेक (24) पुत्र राकेश कुमार गांव कल्पा, तनुज (25) पुत्र स्वर्गीय शाम लाल गांव ख्वांगी कल्पा, अरुण (29) पुत्र इंद्र लाल गांव शौंग, उपेंद्र (25) पुत्र रविंद्र कुमार गांव सापनी और समीर (26) पुत्र भगत चंद गांव बारंग जिला किन्नौर की मौके पर ही मौत हो गई है।

## ईडी ने की हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा से पूछताछ



**नई दिल्ली।** ईडी की टीम ने हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मनी लांड्रिंग मामले में पूछताछ की। हुड्डा पर सीएम रहते गुरुग्राम से सटे मानेसर में प्राइवेट बिल्डरों को फायदा पहुंचाने का आरोप है। इससे पहले ईडी ने हरियाणा के मानेसर में जमीन घोटाला मामले में दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में कई बड़े बिल्डरों के नाम भी ईडी ने शामिल किए हैं। ईडी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत 34 लोगों को आरोपी बनाया था, जिसके बाद ईडी ने इसमें मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया था। इसमें अब तक 108.79 करोड़ की प्रॉपर्टी भी अटैच की जा चुकी है।

# टू-लेन नहीं, फोरलेन ही बनेगा मटौर-शिमला हाई-वे

## दिल्ली में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री से सहमति लेकर लौटे मुख्यमंत्री सुक्खू

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**निर्माणधीन** मटौर-शिमला हाई-वे का कोई भी हिस्सा अब टू-लेन नहीं होगा, यह फोरलेन ही बनेगा। नादौन से होकर हमीरपुर तक बन रहा टू-लेन भी अब फोरलेन में ही बदल दिया जाएगा।

पिछले लंबे समय से इस नेशनल हाई-वे को लेकर ऊहापोह की स्थिति चली हुई थी। नादौन से हमीरपुर के कोहली तक जो निर्माण कार्य चल रहा है, वह टू-लेन बनाया जा रहा था, लेकिन अब यह भी फोरलेन ही बनेगा। इसके टेंडर में अब फिर से बदलाव होगा। हमीरपुर के कोहली से आगे भगेड़ तक जो अगला हिस्सा इस फोरलेन का बनना था, उसको लेकर काफी दिनों से स्थिति क्लीयर नहीं हो रही थी। इसे भी टू-लेन बनाने की चर्चा थी, लेकिन अब यह भी फोरलेन का ही रूप लेगा। (अनंत ज्ञान)

### ऊहापोह की स्थिति पर लगा विराम

**मटौर-शिमला** के हाई-वे को करीब पांच अलग-अलग हिस्सों में निर्माण के लिए बांटा जा रहा था। और इसमें ट्रैफिक के लोड का हवाला देकर इसे कहीं फोरलेन, तो कहीं टू-लेन बनाने की कसरत कई बार हो चुकी है। हमीरपुर से होकर निकलने वाले जिस हिस्से का निर्माण इन दिनों चल रहा है, उसे भी टू-लेन ही बनाया जा रहा था। यह सारी ऊहापोह की स्थिति अब इसलिए नया विराम ले रही है, क्योंकि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह दिल्ली में भूतल परिवहन मंत्री से मिलकर इसे फोरलेन बनाने पर सहमति लेकर लौटे हैं।



### भट्ठा से सलौनी सड़क मार्ग भी टू-लेन होगा

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि भट्ठा से सलौनी तक वाया कांगू-गलोड़ होकर निकलने वाले मार्ग को भी टू-लेन बनाया जा रहा है। इसकी डीपीआर तैयार की जा रही है। जल्द ही इसका भी टेंडर लगाकर काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि शिमला-मटौर नेशनल हाई-वे का अब कोई भी हिस्सा टू-लेन नहीं बनेगा। यह मुकम्मल तौर पर फोरलेन होगा। भूतल परिवहन मंत्रालय से उनकी इस बाबत बात हो गई है और इस पर अब कोई भी संशय नहीं रहा है।

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद**

## हिंदू पक्ष ने हाई कोर्ट में की याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में हिंदू पक्ष ने याचिका दाखिल की है। अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन की तरफ से दायर अर्जी में रेवेन्यू सर्वे और हिंदू पक्ष के प्रतिनिधित्व करने की मांग की गई है। शाही ईदगाह मस्जिद की तरफ से पुनर्विचार अर्जी दाखिल कर विवाद से जुड़े मामलों की एकसाथ सुनवाई करने के आदेश पर आपत्ति जताई गई। जस्टिस मयंक जैन की सिंगल बेंच ने अर्जियों पर पक्षकारों से आपत्ति दाखिल करने का समय दिया गया है। बता दें कि इलाहाबाद हाई कोर्ट से जुड़े 18 वादों की एकसाथ सुनवाई कर रही है। पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने केशव देव कटरा समेत 16 वादों की सुनवाई एकसाथ करने का आदेश दिया है।

**रिपोर्ट** ग्लोबल फायर पॉवर ने जारी की सबसे ताकतवर सेनाओं की लिस्ट, अमेरिका नंबर वन

# भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे मजबूत सेना

एजेंसी, नई दिल्ली

**21वीं** सदी में दुनिया के विभिन्न देशों के बीच हथियारों की रेस काफी तेज हो गई है। ऐसे में ग्लोबल फायर पॉवर की ओर से साल 2024 की सबसे ताकतवर सेनाओं की लिस्ट जारी की गई है। भारत सैन्य तौर पर दुनिया का चौथा सबसे ताकतवर देश है। वहीं, कई सालों से लगातार नंबर एख पर चल रहे अमेरिकी सेना को ही पहली रैंक दी गई है। ग्लोबल फायर पॉवर की ओर से जारी डाटा के मुताबिक, दुनिया में दूसरी सबसे ताकतवर सेना रूस के पास है।

बीते दो साल से रूस अपने पड़ोसी देश यूक्रेन के साथ जंग लड़ रहा है। अमेरिका समेत लगभग सभी पश्चिमी मुल्कों ने यूक्रेन को हथियार और पैसों की मदद दी है। लेकिन इतनी मदद के बावजूद यूक्रेन अब तक रूस पर बढ़त नहीं बना पाया है। लिस्ट में तीसरे नंबर पर चीन का नाम है। बीते कुछ सालों में चीन ने अपनी सेना का तेजी से आधुनिकीकरण किया है।



### इन पैरामीटर का रखा ध्यान

**कई** पैरामीटर को ध्यान में रखकर ग्लोबल फायरपावर ने यह लिस्ट तैयार की है, जिनमें सैनिकों की संख्या, सैन्य उपकरण, वित्तीय स्थायित्व, सैन्य संसाधन, प्राकृतिक संसाधन, उद्योग और भौगोलिक परिस्थितियों का भी ध्यान रखा गया है।

### टॉप 10 में ये देश

| देश | रैंकिंग |
|---|---|
| अमेरिका | 1 |
| रूस | 2 |
| चीन | 3 |
| भारत | 4 |
| दक्षिण कोरिया | 5 |
| ब्रिटेन | 6 |
| जापान | 7 |
| तुर्की | 8 |
| पाकिस्तान | 9 |
| इटली | 10 |

### शीर्ष 20 में ये देश शामिल

**ब्राजील,** इंडोनेशिया, ईरान, मिस्त्र, ऑस्ट्रेलिया, इस्राइल, यूक्रेन जर्मनी और स्पेन को शीर्ष 20 ताकतवर देशों में स्थान दिया गया है।

### भारत को मिला 0.1023 स्कोर

**ग्लोबल** फायरपावर की रैंकिंग के अनुसार, भारत को 0.1023 स्कोर मिला है। वहीं अमेरिका को 0.0699, रूस को 0.0702 और चीन को 0.0706 स्कोर मिला है। इस रैंकिंग के अनुसार 0.0000 स्कोर को परफेक्ट माना जाता है।

### भूटान सैन्य तौर पर सबसे कमजोर देश

**दुनिया** में सैन्य तौर पर सबसे कमजोर देश भूटान है, जिसे 145 देशों पर रखा गया है। भूटान के बाद मालदोवा, सूरीनाम, सोमालिया, बेनिन, लाइबेरिया, बेलिज, सिएरा लियोन, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, आइसलैंड और कोसावा से कमजोर देश बताए गए हैं।

**पाक की ईरान को चेतावनी**

## एयर स्ट्राइक के भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

**इस्लामाबाद।** ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कोह-सब्ज क्षेत्र में बलूच विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाया है। इस हमले में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हुए हैं। इस बीच ईरान के हमले पर पाकिस्तान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत में किए गए हमले के जवाब में ईरान को गंभीर परिणाम के भुगतने की चेतावनी दी है। विदेश कार्यालय ने बताया कि पाकिस्तान ने ईरान के प्रभारी को तलब किया है। ईरान की ओर से किए हमले की कड़ी निंदा की है।

### ईरान के एंबेसेडर को देश से निकाला

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान में आतंकी संगठन जैश अल अदल के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान और ईरान के रिश्तों में जबरदस्त तनाव पैदा हो गया। बुधवार को पाकिस्तान ने ईरान के एंबेसेडर को निष्कासित कर दिया। इसके अलावा तेहरान में मौजूद अपने राजदूत को भी फौरन वापस आने को कहा। हालांकि, ईरान का कोई हाईलेवल डिप्लोमैट इस वक्त पाकिस्तान में नहीं है।

## स्पाइसजेट के टॉयलेट में फंसा रहा यात्री, लैंडिंग के बाद ही निकाला

**बेंगलुरु।** स्पाइसजेट की मुंबई से बेंगलुरु जाने वाली एक फ्लाइट में मंगलवार को एक पैसेंजर पूरे सफर के दौरान टॉयलेट में फंसा रहा। टॉयलेट के गेट का लॉक खराब हो गया था। करीब 100 मिनट तक टॉयलेट में फंसे रहने के कारण पैसेंजर लैंडिंग के बाद सदमे में था। लैंडिंग से पहले एयर होस्टेस ने एक पर्ची लिखी और गेट के नीचे से पैसेंजर को भेजा। एयर होस्टेस ने लिखा कि सर, हमने गेट खोलने की पूरी कोशिश की, लेकिन हम गेट नहीं खोल सके। आप घबराइए मत। हम कुछ ही मिनटों में लैंड करने वाले हैं। आप कमोड का ढक्कन बंद करके उस पर बैठ जाएं और अपनी सुरक्षा करें। जैसे ही मुख्य दरवाजा खुलेगा, इंजीनियर आ जाएगा। इसके बाद आपको बाहर निकाल लेंगे। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि पूरी यात्रा के दौरान, हमारे दल ने यात्री को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया। आगमन पर एक इंजीनियर ने शौचालय का दरवाजा खोला और यात्री को तत्काल चिकित्सा सहायता मिली। उड़ान में लगभग एक घंटे तक शौचालय के अंदर फंसे यात्री को पूरा रिफंड दिया गया है।




- एयर-होस्टेस ने दरवाजे के नीचे से पर्ची भेजी, सर कमोड पर बैठ जाइए, हम लैंड करने वाले हैं

# 'नेक्स्ट स्टॉप फोक म्यूजिक' बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म के लिए नामांकित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के नव मीडिया विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म, 'भारतीय चित्र साधना' की ओर से 2024 में होने वाले 'चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल' (सीबीएफएफ) में 'बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म' (कैंपस कैटेगरी) में नॉमिनेट की गई है। फिल्म फेस्टिवल का पांचवां संस्करण 23 से 25 फरवरी, 2024 तक हरियाणा के पंचकूला में आयोजित किया जा रहा है।

इस फिल्म फेस्टिवल में देश के सिनेमा जगत के तमाम दिग्गज शामिल होंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के नवमीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राम प्रवेश राय के अनुसार यह बहुत हर्ष और गौरव की बात है। विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म, 'बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म' (कैंपस कैटेगरी) में नॉमिनेट की गई है। फिल्म 'नेक्स्ट स्टॉप फोक म्यूजिक' लोक संगीत पर आधारित एक फिल्म है, जिसमें भारत के तीन अलग-अलग स्थान (राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और बिहार) की




**सीयू के नव मीडिया विभाग के विद्यार्थियों ने बनाई है डॉक्यूमेंट्री फिल्म**

संस्कृतियों में लोक संगीत का स्थान और स्तर को दिखाया गया है। इस फिल्म का मुख्य निर्देशन नव मीडिया विभाग के अश्विनी रंजन और अनुभव कुमार दूबे ने किया है और सहायक निर्देशन की भूमिका काजल कपूर और अनुभूति मेहता ने निभाई है। इस फिल्म को 23 फरवरी 2024 को रेड बिशप टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-एक, पंचकूला, हरियाणा में स्क्रीन किया जाएगा।

### अलग अंदाज में नजर आ रहे अधिकारी; फिटनेस के लिए उठा रहे भारी भरकम उपकरण, युवाओं को दे रहे फिट रहने का संदेश

# आईएएस यूनुस का गजब वर्कआउट, जिम में बहा रहे पसीना

**जय ठाकुर, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में कई ऐसे आईएएस अफसर हैं, जो अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं। वे लाइमलाइट से तो दूर रहते हैं, लेकिन उन्हें अपनी फिटनेस को लेकर गहरा लगाव है। यह लगाव ऐसा है, कि आम फिटनेस सैंटर के बाहुबलियों को ये आईएएस फिटनेस के मामले में कोसों दूर पछाड़ दें। राजधानी शिमला जैसे ठंडे क्षेत्र में यह आईएएस अधिकारी जिम में घंटों पसीना बहाते देखे जा सकते हैं और अब युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। यहां बात हो रही है आईएसएस अफसर यूनुस खान की। आईएसएस अफसर यूनुस खान प्रदेश आबकारी विभाग में आयुक्त हैं हाल ही में उन्होंने अपनी सोशल मीडिया अकाउंट पर जिम में वर्जिश की वीडियो शेयर की हैं, जिसमें वह अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस दौरान वह काफी मेहनत करते दिखाई दे रहे हैं और युवाओं को भी अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए प्रेरणा देते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारी भरकम उपकरणों का इस्तेमाल वह अपनी फिटनेस के लिए कर रहे हैं। दरअसल, आईएसएस अफसर यूनुस खान पंजाब के मलेरकोटला के रहने वाले हैं। वह इससे पहले, कुल्लू में जिला उपायुक्त के पद पर तैनात थे। आईएसएस अफसर यूनुस खान 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह फिटनेस को लेकर काफी सजग रहते हैं और साथी ही उन्हें गिटार बजाना भी पसंद है। साथ ही पुराने गाने काफी पसंद हैं। अलग से कार्य करने के लिए यूनुस खान अक्सर चर्चा में रहते हैं। हालांकि, विवादों से इनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है, लेकिन अपने काम को लेकर वह सुर्खियां बटोरते रहते हैं। साल 2017 में पूंछ में पंजाब के तरनतारण के फौजी जवान शहीद हो गए थे तो दंपती ने फौजी जवान की बेटी को गोद लेते हुए पढ़ाई का खर्च उठाने का जिम्मा उठाया था। (अनंत ज्ञान)

## माफिया ने की थी हमले की कोशिश

**साल** 2013 में जब यूनुस खान सोलन जिले के बद्दी में एसडीएम थे तो उनपर माइनिंग माफिया ने हमला किया था। मामले ने काफी सुर्खियां बटोरीं थी। 2019 में जब यूनुस खान डीसी कुल्लू थे तो आम चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था और मतदान प्रतिशतता में बढ़ोतरी के चलते उन्हें राज्यपाल ने सम्मानित किया था।





## आईपीएस ऑफिसर अंजुम आरा से की है शादी



**आईएसएस** अफसर यूनुस खान ने आईपीएस अफसर अंजुम आरा से शादी की है। उनका एक बेटा है। अंजुम आरा 2011 बैच की अधिकारी हैं और मौजूदा समय में विजिलेंस में एसपी हैं। इससे पहले, वह सोलन की एसपी भी रहीं।

## फौजियों के साथ मनाई थी दीपावली

**आईएसएस** अफसर यूनुस खान और उनकी पत्नी ने 2023 में दीपावली लोगोंवाला पोस्ट पर फौजियों के साथ दिवाली मनाई थी। इससे पहले, भी आईएसएस अफसर यूनुस खान दुनिया की सबसे ऊंची बैटलफील्ड सियाचीन में भारतीय जवानों से मिलने पहुंचे थे।

# अढ़ाई किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार

### दो अलग-अलग मामलों में कुल्लू जिले के भुंतर और मणिकर्ण पुलिस ने बरामद की नशे की खेप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में दो अलग-अलग मामलों में चरस तस्करी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों व्यक्तियों के कब्जे से पुलिस ने दो किलो 408 ग्राम चरस बरामद की है। पहले मामले में पुलिस थाना भुंतर की टीम ने सियूंड में गश्त के दौरान एक स्कूटर नंबर (पीबी-07जेड-6902) सवार एक व्यक्ति से एक किलो 106 ग्राम चरस बरामद की।

हालांकि स्कूटर सवार ने मौके से फरार होने की कोशिश की, लेकिन जल्दबाजी के चक्कर में वह कुछ दूरी पर स्कूटर सहित सड़क पर गिर गया, जिससे वह घायल भी हो गया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से चरस बरामद की गई। चरस तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान संदीप कुमार 40 वर्ष पुत्र केवल कृष्ण निवासी गुरु गोबिंद सिंह नगर, होशियारपुर, पंजाब के रूप में हुई है। घायल होने के कारण व्यक्ति को पुलिस निगरानी में अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस थाना भुंतर की टीम ने बड़ा भूइन फोरलेन वर्षालय के समीप गश्त के दौरान ज्ञान चंद (40) पुत्र डुगलू राम निवासी पिछला ग्रामंग डाकघर शालंग तहसील कुल्लू के कब्जे से एक किलो 302 ग्राम चरस बरामद की है। उधर, पुलिस अधीक्षक कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि दोनों मामलों में गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज छानबीन शुरू कर दी है और उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।



चरस के साथ दबोचा आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

## शिमला घूमने आए पंजाब के दो पर्यटकों से चिट्टा बरामद, गिरफ्तार

**शिमला।** राजधानी शिमला में मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की सख्ती जारी है। इस क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्त में लिया है। दोनों आरोपी पर्यटक हैं, जो पंजाब के रहने वाले हैं और शिमला घूमने आए थे। वे छोटा शिमला के एक निजी होटल में ठहरे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी नशे की तस्करी में संलिप्त हैं। पुलिस ने होटल में दबिश देकर दोनों आरोपियों के कब्जे से 23.04 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपियों की पहचान फिरोजपुर निवासी कुणाल शर्मा और आनंदपुर साहिब निवासी देवेंद्र कुमार है। चौंकाने वाली बात यह है कि देवेंद्र कुमार पंजाब पुलिस का जवान है। शिमला के एएसपी सुनील नेगी ने बुधवार को बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध छोटा शिमला थाने में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## चिट्टे के साथ पकड़ा अमृतसर का युवक

**चंबा।** जिले में नशे तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा छेड़े अभियान में पुलिस थाना सदर टीम को एक बार फिर सफलता हाथ लगी है। थाना सदर पुलिस टीम ने चंबा-पठानकोट मार्ग पर परेल नामक स्थल पर गश्त के दौरान 10.14 ग्राम हेरोइन चिट्टा बरामद करने सहित एक अमृतसर निवासी युवक को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में पुष्टि करते हुए अभिषेक यादव पुलिस अधीक्षक जिला चंबा ने बताया कि पुलिस थाना सदर की टीम द्वारा चंबा-पठानकोट मार्ग पर परेल नामक स्थल समीप गश्त कर रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक युवक को शक के आधार पर पूछताछ के लिए रोका गया, लेकिन पुलिस के बुलाने पर युवक घबरा गया, जिस पर पुलिस दल को शक होने पर युवक की तलाशी ली तो उससे 10.14 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस दल ने पकड़े गए युवक की पहचान चंदन पुत्र दर्शन हाउस नंबर 454/ए रेलवे कलानी जीपीओ अमृतसर जिला अमृतसर के रूप में की है।



चिट्टे तस्कर आरोपी युवक के संग पुलिस थाना सदर चंबा दल।

## धुमारवीं में अवैध देसी शराब बरामद



**घुमारवीं।** नगर परिषद घुमारवीं के तहत दकड़ी चौक के पास पुलिस ने एक व्यक्ति से 12 बोतल देसी शराब बरामद की है। पुलिस थाना घुमारवीं से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर एएसआई राजेश कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्होंने एक व्यक्ति को स्कूटर पर एक पेटी ले जाते हुए देखा। पुलिस को देखकर व्यक्ति घबरा गया। पुलिस ने शक आधार पर स्कूटर पर रखी पेटी की तलाशी ली। पेटी में 12 बोतल देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत व्यक्ति पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। युवक की पहचान सुनील कुमार (42) वर्ष गांव मतवाना तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। डीएसपी घुमारवीं ने मामले की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### साइबर ठगों ने लगाया छह लाख से अधिक का चूना

**सोलन।** बद्दी के एक फार्मा उद्योग में तैनात कर्मी से साइबर ठगों ने ऑनलाइन ठगी के माध्यम से कुल छह लाख आठ हजार पांच सौ रुपए की धनराशि ठग ली। बद्दी पुलिस थाने में दर्ज शिकायत में पीड़ित आशीष मित्रा ने बताया कि कुछ दिन पहले उसे एक फोन आया था, जिसमें कालर ने बताया कि वह एक्सिस बैंक से बात कर रहा है। कालर ने उससे केवाईसी के नाम पर उसकी जन्म तिथि पूछी और उसके बाद उसे एक ओटीपी आया। कालर ने उससे ओटीपी पूछ लिया और इसके बाद उसके खाते से पहले आठ हजार पांच सौ रुपए और फिर छह लाख रुपए कट गए, जब तक उसे समझ आता कि उसके साथ ठगी हुई है। तब तक उसे छह लाख आठ हजार पांच सौ रुपए का चूना लग चुका था। पुलिस ने आईपीसी की ठगी की धाराओं में केस दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है।



### खांसी की दवाई समझ पी लिया जहर

**अर्की।** पुलिस चौकी सरली के अंतर्गत आने वाले बलेरा गांव निवासी एक महिला के गलती से विषैला पदार्थ पी लेने से उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला के शव को अंत्यपरीक्षण के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार सरली पुलिस चौकी के तहत आने वाले गांव बलेरा की रहने वाले हरीश कुमार की पत्नी बीना कुमारी को विषपान के कारण सिविल हास्पिटल बिलासपुर ले जाया गया है। बाद में यहां से उसे एम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस कर्मी सूचना पर तुरंत एम्स बिलासपुर पहुंचे, जहां बीना के बयान दर्ज कराए गए। बीना ने अपने बयान में बताया कि उसने खांसी की दवाई की जगह किसी अन्य दवाई का सेवन कर लिया था। बयान दर्ज करने के कुछ समय बाद ही महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बिलासपुर में ही बीना देवी के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव को अंतिम संस्कार के परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



### मिस्त्री की ढांक से गिरकर मौत

**राजगढ़।** राजगढ़-हाब्बन सड़क पर लाना रो बाग के पास एक व्यक्ति की ढांक से गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश ग्राम पंचायत शिलांजी के धंधड़ेल गांव में मिस्त्री का काम करता था। देर शाम को वह अपना काम समाप्त करके धंधडेल से अपने घर नेई नेटी को जा रहा था। अचानक लाना रो बाग के पास ढांक से नीचे जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी राजगढ़ रविंद्र कौशल के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसको पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल राजगढ़ लाया गया। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करवाकर कर शव परिजनों को सौंप दिया। तहसीलदार राजगढ़ उमेश शर्मा के अनुसार प्रशासन द्वारा प्राकृतिक राहत प्रकरण के तहत मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपए की फौरी सहायता प्रदान कर दी गई है।





ताजा बर्फबारी के बाद मौज-मस्ती करते पर्यटक।

## भरमौर के लाहल में मकान में लगी आग, जिंदा जला व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



चंबा-भरमौर नेशनल हाई-वे के किनारे बसे लाहल बाजार में एक दो मंजिला स्लेट पोश में को आग लग जाने से एक व्यक्ति जिंदा जल गया व एक घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस द्वारा नागरिक अस्पताल भरमौर ले जाया गया है। इस अग्निकांड में लगभग आठ कमरों का मकान आग की भेंट चढ़ गया है।

आग मकान की ऊपरी मंजिल से लगी बताई जा रही है तथा शॉट सर्किट आग लगने का कारण बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस घर में एक जम्मू-कश्मीर की लेबर के आठ आदमी रहते थे, जैसे ही घर को आग लगी तो सात लोग तो तुरंत बाहर निकल गए, मगर एक मजदूर धुएं में घुट जाने के कारण बाहर नहीं, निकल पाया। इस व्यक्ति को बाहर खींचने के चक्कर में दूसरा व्यक्ति भी घायल हुआ है। मृतक की पहचान नजीर मुहम्मद खान पुत्र गुलाम नवी खान (28) निवासी गांव ककोरसा डाकघर चारगाव तहसील तारकपुर जम्मू-कश्मीर के रूप में हुई है। इस अग्निकांड में दो सगे भाइयों पुरषोतम कुमार पुत्र देविया राम व उत्तम चंद पुत्र देविया राम का घर आगजनी का शिकार हो गया है। आग ने पास में स्थित एक अन्य भवन को भी अपनी चपेट में ले लिया है। इस अग्रिकांड में साथ लगते कांसी राम के घर को भी आंशिक नुकसान हुआ है। प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई हैं, जिन्होंने प्रभावित परिवारों को दस दस हजार रुपए की तुरंत राहत राशि प्रदान की है।

## चिट्टा तस्कर को चार साल का कठोर कारावास और 40 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



अतिरिक्त सत्र न्यायधीश एवं स्पेशल जज सुंदरनगर ने बुधवार को एक हेरोइन (चिट्टा) तस्करी मामले में आरोपी को चार वर्ष का कठोर कारावास और 40 हजार रुपए जुर्माने सजा सुनाई है। वहीं, न्यायालय ने दोषी को जुर्माना अदा न करने की सूरत में चार माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भी सुनाई है।

मामले में दोषी चंदेल सिंह निवासी मसेरन डाकघर पाली तहसील पद्धर जिला मंडी से पुलिस द्वारा 23.06 ग्राम हेरोइन बरामद कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत अभियोग चलाया गया था, जिसमें न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषी करार दिया गया है। जानकारी देते हुए उपजिला न्यायवादी सुंदरनगर विनय वर्मा ने कहा कि 18 जून, 2022 को पुलिस टीम ने सुंदरनगर के पुंघ बैरियर पर यातायात चेकिंग के लिए नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान सलापड़ की ओर से सुंदरनगर आ रही एक पंजाब रोडवेज की बस नंबर (पीबी-65-एटी-4062) को चेकिंग के लिए रोका गया। पुलिस टीम ने उक्त बस की सीट नंबर-47 पर बैठे आरोपी के पिट्ठू बैग की तलाशी पर उससे एक सफेद पॉलीथिन पाउच में 23.06 ग्राम हेरोइन पाई गई। इस पर पुलिस ने आरोपी चंदेल सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत पुलिस थाना सुंदरनगर में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच हेड कांस्टेबल टेक चंद द्वारा अमल में लाई गई और चालान तैयार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। विनय वर्मा ने कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से आरोपी पर आरोप सिद्ध करने के लिए कुल 14 गवाहों के बयान दर्ज करवाए गए। न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत आरोपी चंदेल सिंह को 23.06 ग्राम हेरोइन तस्करी मामले में आरोपी चंदेल सिंह को दोषी करार देते हुए चार वर्ष का कठोर कारावास और 40 हजार रुपए जुर्माने की सजा का फैसला सुनाया गया, वहीं न्यायालय ने दोषी को जुर्माना अदा न करने की सूरत में चार माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भी सुनाई है।

## देवदार के 20 स्लीपर और दस मोछे बरामद

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के कटेरू-पौड़ाकोठी सड़क मार्ग पर पैट्रोलिंग के दौरान वन विभाग की टीम को गरेला में एक पिकअप जीप से देवदार के 20 स्लीपर और दस टुकड़े बरामद किए हैं। मामले में चमन सिंह पुत्र रतन लाल गांव व डाकघर रिवालसर तहसील बल्ह जिला मंडी हाल वन विभाग के जयदेवी वन रेंज आफिसर की शिकायत के आधार पर पिकअप जीप मालिक भूव कुमार(39) पुत्र बुद्धू राम निवासी गांव कटरू के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जब जयदेवी वन रेंज आफिसर चमन सिंह अपने स्टाफ सहित कटेरू से पौड़ाकोठी की ओर पैट्रोलिंग पर मौजूद थे तो इसी दौरान गरेला में एक पिकअप जीप नंबर (एचपी-31ए-6585) से 20 सलीपर और दस लकड़ी के टुकड़े बरामद किए हैं। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने खबर की पुष्टि की है।

**मसला** मंडी में काम नहीं हुआ शुरू, हर जिले में बनने हैं 50-50 बेड के आयुष अस्पताल

# मंडी में बड़ा बजट बन गया आयुष अस्पताल के निर्माण में रोड़ा

**अनिल शर्मा, मंडी**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

छोटी काशी मंडी में आयुष अस्पताल का मुद्दा नासूर बनता जा रहा है और इसकी एवज में प्रदेशभर में लगभग 11 अस्पतालों का काम सिरे नहीं चढ़ पाया है। जंजैहली के ढीम में पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने आयुष अस्पताल की नींव रखी थी, लेकिन वर्तमान में वहां पहाड़ी काटने और निर्माण पर 30 करोड़ से अधिक का खर्च आना है, जबकि केंद्र की ओर से 12 करोड़ के लगभग ही पैसा प्राप्त होगा, जिसमें राज्य सरकार ने दस प्रतिशत अपना पैसा जोड़ना है, लेकिन बड़ा बजट और एरिया अस्पताल के निर्माण में रोड़ा बनता जा रहा है।

बता दें कि आयुष मंत्रालय ने देश के हर जिले में 50 बेडिड आयुष अस्पताल खोलने के निर्देश राज्य सरकारों को दिए हैं और इसका 12 करोड़ तक का खर्चा केंद्र उठा रहा है, लेकिन मंडी जिला में इसका काम शुरू नहीं हो पा रहा है। इस वजह से प्रदेश को लगभग 550 बेड का सीधा नुकसान हो रहा है। प्रारंभिक प्रक्रिया में शर्त यह है कि दो जिले अस्पताल बना कर दें, तभी अन्य जिलों के लिए पैसा जारी होगा। इसके तहत आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2018 में मंडी-कुल्लू जिला के लिए 25.25 लाख रुपए की पहली किस्त जारी की थी। हालांकि कुल्लू जिले के बजौरा में अस्पताल का काम चला हुआ है, लेकिन उसे भी आपदा में नुकसान पहुंचा है।

मंडी जिले में शुरू से ही जमीनी विवाद ने आयुष अस्पताल के रास्ते में रोड़ा डाले रखा। इस कारण प्रदेश के अन्य जिलों को शर्त अनुसार पैसा नहीं मिल पाया है। (अनंत ज्ञान)

## क्या है पूरी कहानी

**आयुर्वेदिक** अस्पताल के साथ डीआरटीबी सेंटर है, जहां आयुष अस्पताल प्रस्तावित था, लेकिन जोनल अस्पताल प्रबंधन ने जमीन को आयुर्वेदिक विभाग को नहीं सौंपा। तत्पश्चात तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इस अस्पताल की नींव सिराज क्षेत्र के जंजैहली के समीप ढीम में रखी, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने इसका लगभग 30 करोड़ का प्राकलन बनाया। इसमें पहाड़ी की कटाई करना भी शामिल है।




## क्या-क्या होगा आयुष अस्पताल में

**आयुष** अस्पताल में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी चिकित्सा, योग व सोवा रिगपा आदि चिकित्सा पद्धतियां लोगों को मुहैया होंगी, जिससे लोगों को सस्ता इलाज उपलब्ध होगा।

## लोगों ने की मांग

**मंडी** की सभी स्वयंसेवी संस्थाओं ने मांग की है कि आयुष अस्पताल को मंडी में समतल जमीन पर बनाया जाए, ताकि यह कम पैसों में बने और सभी जिला वासियों को इसका लाभ मिल सके। क्योंकि अधिकतर लोग जंजैहली नहीं जा पाएंगे, जिस कारण उन्हें स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाएगा।

**आयुष** अस्पताल को बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने 30 करोड़ 20 लाख 89 हजार का प्राकलन बना कर भेजा है। सरकार की ओर से दो करोड़ 75 लाख की पहली किस्त जारी की गई है, लेकिन अभी टेंडर अवार्ड नहीं हुआ है।

**डॉ. राजेश कालिया, जिला आयुर्वेद अधिकारी मंडी।**



नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।



रक्षा मंत्री राजनाथ से शिष्टाचार भेंट करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### हिमाचल के 500 बच्चे जुड़े महात्मा गांधी सामुदायिक केंद्र से; तीन जिलों शिमला, सोलन व मंडी में चल रहे हैं कार्यक्रम

# गांधी स्मारक निधि सुधारेगी 14 साल से कम उम्र के बच्चों की पढ़ने की आदत

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रदेश में 14 साल से कम उम्र के बच्चों की पढ़ने-लिखने की आदत विकसित करने की दिशा में गांधी स्मारक निधि कार्य कर रही है। इसमें शिमला, सोलन और मंडी जिले की सात ग्राम पंचायतों के करीब 40 गांवों और 25 स्कूलों के लगभग 500 बच्चे महात्मा गांधी सामुदायिक केंद्र से जुड़े हैं। तीन से 14 वर्ष की आयु के बच्चे आते हैं, जो आठवीं कक्षा तक के होते हैं। इन्हीं पर अधिक फोकस किया जाता है।

छोटे बच्चों को बड़े बच्चों के साथ सीखने का अवसर मिलता है और बड़े बच्चे एक दूसरे से चर्चा कर पाते हैं। पुस्तकालय में बच्चों की भाषा, ज्ञान व उच्चारण पर ध्यान दिया जाता है। बच्चों को अपने विचार प्रकट करने व दूसरे बच्चों के मनोभाव सुनने का अवसर भी मिलता है। बच्चों को स्वयं की कहानी, कविताएं लिखने के लिए प्रेरित किया जाता है। महीने में तीन दिन इन केंद्रों में यह गतिविधि की जाती है, जिससे बच्चों में पढ़ने लिखने व सीखने का मन बनता है। (अनंत ज्ञान)



### हिमाचल से रहा गांधी का गहरा नाता...

**गांधी** स्मारक निधि, पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश के वर्तमान अध्यक्ष संजय सिंह एवं सचिव आनंद कुमार के प्रयासों से हिमाचल में महात्मा गांधी सामुदायिक केंद्र समेत अन्य गतिविधियां की जा रही हैं। गांधी स्मारक निधि के प्रकल्प निदेशक अशोक शरण ने बताया कि आजाद के बाद संयुक्त पंजाब प्रांत में गांधी स्मारक निधि का काफी कार्य था, जिसमें इसका पर्वतीय क्षेत्र हिमाचल प्रदेश भी शामिल है। गांधी जी वर्ष 1921 से 1946 के मध्य दस बार हिमाचल प्रदेश आए। उन्होंने शिमला के ईदगाह मैदान, रिज व अन्य स्थानों पर मीटिंग व प्रार्थना सभाएं कीं, आर्य समाज मंदिर गए।

### बच्चों को होम लाइब्रेरी के लिए किया जा रहा प्रेरित

**वालंटियर** गांव में बच्चों के घरों में विजिट करते हैं और बच्चों को घर पर अपनी होम लाइब्रेरी बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। अभिभावकों से बच्चों की सहायता करने के विषय में चर्चा की जाती है। इससे बच्चों के पढ़नें के लिए माहौल बनता है और वह पढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। इससे बच्चे अपने सलेबस से हटकर पढ़ने व सीखने की कोशिश करते हैं। बच्चों में रचनात्मकता उत्पन्न होती है और उनमें विषय को केवल रटने की प्रवृत्ति कम होती है। सामुदायिक केंद्र के पुस्तकालय से बच्चों को पुस्तकें भी इशू की जाती हैं।

### सरकार से भी मांगी जगह

**अशोक** शरण ने बताया कि हिमाचल सरकार को पत्र लिख कर मांग की है कि गांधी स्मारक निधि को स्थायी रूप से यहां कोई जगह उपलब्ध करवाई जाए। इससे संस्था गांधी विचारों के अनुरूप हिमाचल प्रदेश में बच्चों, युवाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ -साथ अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सके।

### ये टीम है प्रदेश में

**गांधी** स्मारक निधि, पट्टीकल्याणा पानीपत की टीम प्रकल्प निदेशक अशोक शरण के नेतृत्व में सुनीता शर्मा, गिरिराज के साथ हिमाचल प्रदेश के इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। स्थानीय स्तर पर पुष्पा शर्मा के नेतृत्व में बाकी वालंटियर देवकाला, पूनम, निशा बाला, कल्पना शर्मा, प्रेमा लक्ष्मी सभी चिन्हित गांवों में काम कर रही है।



बैठक करते गांधी स्मारक निधि के पदाधिकारी।

### गांव के बच्चों को पढ़ने की प्रेरणा और सुविधा देना उद्देश्य

**ग्रामीण** परिवेश में शहरों के मुकाबले गांव के बच्चों को पढ़ने-लिखने व सीखने के लिए पर्याप्त सुविधा और प्रेरणा नहीं मिलती है। इन सामुदायिक केंद्रों के पुस्तकालय बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। बच्चों के साथ किए जाने वाले कार्य, जिसमें रीडिंग एंड राइटिंग, फेस्टिवल, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, ड्राइंग कंपटीशन, साइंस फेयर व समय-समय पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम उन्हें सीखने और और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। गांव के बच्चे मंच पर जाने से हिचकिचाते हैं। उन्हें समूह में कार्य करने का अवसर मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।

# हिंदुस्तान में विकास का मॉडल बनेगा हरोली

## डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री बोले- प्रदेश में नशा तस्करों पर कसा जा रहा शिकंजा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली हल्के को पूरे हिंदुस्तान में विकास के मॉडल के रूप विकसित करना उनका मुख्य ध्येय है। हिमाचल को नशे के सौदागरों से बचाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री हरोली विस क्षेत्र में एक कार्यक्रम में विचार प्रकट कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर सख्ती की जा रही है साथ ही हरोली को अपराध मुक्त करने के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से कैमरे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरोली हल्के में नशा तस्करों के खिलाफ़ पूरी सख्ती के साथ नकेल कसी जा रही हैं। पंजाब के साथ लगे हरोली विस क्षेत्र में सभी सीमाओं पर पुलिस और अन्य एजेंसियों को सक्रिय किया गया है। इसके अलावा उन्होंने गांवों के प्रधान, उप प्रधान, महिला मंडलों सहित स्थानीय लोगों से आग्रह किया है कि नशे के सौदागरों के खिलाफ़ सख़्त करवाई करने के लिए ज़िला प्रशासन और पुलिस का सहयोग करने में अपना दायित्व निभाएं ताकि हल्के में नशे जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

उन्होंने कहा कि ज़िला में होने वाले अवैध खनन पर भी नकेल कसी जा रही है और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ़ करवाई अमल में लाई जा रही जिसके परिणामस्वरूप पिछले एक साल से सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। अवैध खनन से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है और पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों को सख्त कार्रवाई की पूरी आजादी दी गई है।



हरोली में लागों को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

### सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने दुलैहड़ में सुनीं जन समस्याएं, मौके पर ही किया निपटारा

**ऊना।** जिला ऊना के हरोली विस क्षेत्र के दुलैहड़ पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की। कार्यक्रम में राजस्व, हेल्थ, बिजली, जल शक्ति विभाग से संबंधित कुल 48 जन समस्याएं प्राप्त हुईं। अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। शेष लंबित समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत प्राथमिकता के साथ समयबद्ध निपटाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम से आम जन की समस्याओं का घर द्वार पर समाधान संभव हुआ है। इस मौके पर विभिन्न विभागों के माध्यम से जागरूकता शिविर भी लगाए गए, जिसमें राजस्व विभाग द्वारा लगभग 31 प्रमाण पत्र, 23 इंतकाल व दस आधार कार्ड बनाए गए। आयुष विभाग द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविर में 213 लोगों का स्वास्थ्य जांचा। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से लगाए गए चिकित्सीय शिविर में 331 लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया, जिसमें आंख के 56, ऑर्थो के 69, गायनी के 38, सर्जरी से संबंधित सात, चाइल्ड ओपीडी के 19 व मेडिसिन के 142 लोग शामिल हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए चिकित्सीय शिविर में ब्लड शुगर के 103, हाई बीपी/शुगर के 23 लैब टेस्ट व दो छाती के एक्स-रे किए गए। इस दौरान कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदेश सरकार के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इस अवसर पर प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रणजीत राणा, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक ठाकुर, ओबीसी सेल के अध्यक्ष विनोद, सचिव सतीश, युवा अध्यक्ष हरोली प्रशांत राय, जिला परिषद सदस्य नरेश कुमारी, प्रधान नंद किशोर, उपप्रधान पवन कुमार, नगनोली प्रधान मेहताब ठैकुर, डीसी राघव शर्मा, एसपी अर्जित सेन ठाकुर सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपास्थित रहे।



सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में अपनी समस्याएं बताते लोग।

### प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ताओं की बैठक कल

**शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश लोकसभा चुनावों के लिए नियुक्त मीडिया कोर्डिनेटर अमृत गिल 19 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में सुबह 11:30 बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ताओं व मीडिया पेनलिस्टों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेगी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनीश किमटा ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रवक्ताओं व मीडिया पेनेलिस्टों से इस महत्वपूर्ण बैठक में आवश्यक तौर पर भाग लेने को कहा है। उन्होंने बताया कि बैठक में लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस का मीडिया के साथ संवाद पर अखिल भारतीय कांग्रेस के दिशा-निर्देशों की जानकारी के साथ साथ आपसी विचार विमर्श व रणनीति पर भी विचार किया जाएगा।



# गगल एयरपोर्ट पर अब मिलेंगे हिमाचली पकवान और उत्पाद

## विधायक केवल सिंह पठानिया ने किया आउटलुक का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, गगल**

गगल एयरपोर्ट पर अब यात्री हिमाचल के पकवानों का भी आनंद उठा सकेंगे। इस बाबत बुधवार को विधायक केवल सिंह पठानिया ने गगल एयरपोर्ट के अंदर आउटलुक का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि आउटलुक में हिमाचल के पकवान तथा अन्य पारंपरिक उत्पाद उपलब्ध करवाए जाएंगे। इससे हिमाचल के उत्पादों तथा पकवानों को नई पहचान मिलेगी। इसके साथ ही विभिन्न स्तरों पर स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को भी बिक्री के प्रदर्शित किया जाएगा। इससे स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन मिलेगा। विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कांगड़ा जिले में अपना कांगड़ा ऐप भी लांच की गई है, जिसके माध्यम से उत्पादों को नई पहचान दिलाई जा रही है। इस अवसर उपमंडल अधिकारी कांगड़ा इशांत जसवाल, एयरपोर्ट अथॉरिटी से दरेंद्र सिंह, खंडविकास अधिकारी कंवर सिंह सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवदत्त शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा, सीएमओ सुशील शर्मा, प्रदीप बलोरिया, पंचायत समिति सदस्य हितेश चैधरी, वीपुल पटाकू संजय शर्मा, विवेक राणा आदि अन्य लोग मौजूद रहे।



गगल एयरपोर्ट पर आउटलुक का शुभारंभ करते विधायक केवल सिंह पठानिया।

### सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में उठा गौ सेंक्चुरी खबल का मुद्दा

**जवाली।** जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन पलौहड़ा में जिलाधीश कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल की अध्यक्षता में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में मंत्री चंद्र कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का उद्देश्य घरद्वार जनता की समस्या को सुनकर उनका समाधान करना था, लेकिन सरकार का यह कार्यक्रम फलॉप रहा। जवाली के कार्यक्रम में गौ सेंक्चुरी खबल का संचालन न होना बेसहारा पशुओं का ठंड में इधर-उधर भटकना व ठंड से हो रही पशुओं की मौत के चलते एक किसान ने कार्यक्रम में गौ सेंक्चुरी खबल के संचालन को लेकर मंत्री चंद्र कुमार से सवाल पूछा, तो मंत्री चंद्र कुमार कोई भी जवाब नहीं दे पाए।



### मंडी में बल्ह से सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आगाज, मौके पर निपटाई समस्याएं

# आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने सुनीं जन समस्याएं

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

हिमाचल सरकार के जन कल्याण को समर्पित नए कार्यक्रम 'सरकार गांव के द्वार' का बुधवार को मंडी जिले के बल्ह क्षेत्र से आगाज हुआ। आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने बल्ह विधानसभा की ग्राम पंचायत छातडू में आयोजित पहले चरण के प्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम में छातडू, कुम्मी, नलसर, सकरोहा, भड़याल, खांदला, कैहड़, रिगड़, लोहारा, स्यांह और गोड़ा गागल ग्राम पंचायतें शामिल की गई थीं। गोमा ने इस दौरान लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निपटारे के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर छातडू में आयुष डिस्पेंसरी खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि लोगों को उनके घर द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। यादविंद्र गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के लोगों की सारी उम्मीदों और आशाओं को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि गांव-गरीब की सेवा ही सरकार का परम ध्येय है। उन्होंने अधिकारियों से पात्र लोगों को योजनाओं का फायदा पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र किया।

मंत्री यादविंद्र गोमा ने बताया कि हर विधानसभा में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित होगा, जिसमें सारी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए शुरुआती तौर पर प्रदेश के 36 संस्थानों का चयन कर लिया गया है जहां पर छह-छह विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी गई है। वहां व्यवस्थाओं को बड़े पैमाने पर सुधारा गया है।



सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री और अन्य पदाधिकारी।

### मौके पर 60 समस्याओं का निपटारा

**छातडू** में हुए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने 60 से अधिक समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। उन्होंने अधिकारियों को जमीनी स्तर पर काम करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लोगों द्वारा रखी विभिन्न मांगों पर संबंधित विभागों को यथाशीघ्र विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सौंपने को कहा। कार्यक्रम में मुख्यतः रास्ते, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, स्कूल भवन, आपदा में क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों की मरम्मत, सुकेती खड्ड के तटीकरण, बेसहारा पशुओं की समस्या जैसे मामले आए। मंत्री ने बेसहारा पशुओं की समस्या का संज्ञान लेते हुए सख्ती बरतने के निर्देश दिए। आयुष मंत्री एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम में बुजुर्गों को सम्मानित किया।

**आयोजन** | सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने की घोषणा

# बजौरा हाट में बनेगा कुल्लू की संस्कृति को दर्शाता प्रवेशद्वार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**कहा- सीपीएस सुंदर ठाकुर को बड़ी जिम्मेदारी देंगे मुख्यमंत्री, लोगों का बढ़ा हौसला**

सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह कभी अधिकारियों को फटकार लगाकर उनकी जिम्मेदारी याद दिलाते रहे तो कभी प्यार-प्यार से उनका जनता के प्रति उत्तरदायी होने को लेकर हौसला भी बढ़ा गए। कुल मिलाकर इस कार्यक्रम में जनता की अधिकतर समस्याएं परवान चढ़ी और जो समस्याएं विकट सामने आई उनका समाधान तलाशने के लिए भी अधिकारियों को रास्ता सुझा गए।

इस दौरान उन्होंने कुल्लू विधानसभा से हिमाचल सरकार में सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर की बार-बार मंच से जहां सराहना की और सुंदर ठाकुर को कुल्लू जिले की जनता की आवाज बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उन्हें शीघ्र ही बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपने वाले हैं, जिससे जिला कुल्लू का विकास और तेजी से होगा। उनकी इस बात को लेकर सुंदर सिंह समर्थकों के साथ कुल्लू की जनता का भी हौसला बढ़ा है। वहीं, इस मौके पर उन्होंने सीपीएस सुंदर ठाकुर की ओर से बजौरा हाट में एक प्रवेशद्वार बनाने की मांग पर उसी समय प्रवेशद्वार बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि बजौरा हाट में बड़ा सा प्रवेशद्वार बनाया जाएगा, जिस पर पारंपरिक संस्कृति को दर्शाया जाए। उन्होंने उपायुक्त कुल्लू को आचार संहिता से पहले इसके टेंडर लगाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर पंचायती राज मंत्री ने कहा कि प्रदेश में बेसहारा पशुओं के लिए जल्द ही अतिरिक्त गोसदन का निर्माण किया जाएगा। कुल्लू जिले में भी जहां अभी तक 11 गोसदन हैं वहीं, और भी गोसदन बनाने के लिए कहा। (अनंत ज्ञान)



### 40 साल तक कब्जा नहीं लिया अब भूमि को बसाने की तैयारी कर रहा है नौतोड़ मालिक

**कुल्लू** जिले के बजौरा में आयोजित सरकार गांव के द्वार में एक ऐसा मामला सामने आया, जो चौंकाने वाला है, जिसको लेकर पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध कुमार ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। हॉट पंचायत के पास एक ऐसी भूमि है, जहां किसी व्यक्ति को 1982 में नौतोड़ दिया गया था, लेकिन मौके पर व्यक्ति ने कब्जा नहीं लिया था। ऐसे में इतने वर्षों में वन विभाग और स्थानीय लोगों ने या पौधारोपण किया और साथ में यहां से लोग जलने के लिए लकड़ियों के साथ-साथ दाह संस्कार के लिए भी इसी जंगल से लकड़ी काटते हैं, लेकिन इतना लंबा वक्त बीत जाने के बाद अचानक जिसके नाम 40 साल पहले नौतोड़ दिया गया था, उसने मौके पर अब भू माफिया को बसाने की तैयारी कर ली है। लोगों का कहना है कि इस भूमि को अब मालिक भू-माफिया को बेचना चाहता है, ऐसे में 2020 को उक्त व्यक्ति ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर इस जमीन की तकसीम करवा दी है, जिसको लेकर लोगों ने कड़ा विरोध जताया है। लोगों का कहना है कि यहां हमारा हक हकूक है, लेकिन व्यक्ति की इस तरह की कार्यप्रणाली के चलते उनके हकूक प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में पंचायतीराज मंत्री ने इस मामले को लेकर हैरानी जताते हुए उपायुक्त कुल्लू को इस मामले की जांच करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि इस भूमि की डिमार्केशन की जाए और कितने सालों तक व्यक्ति ने इस जमीन को अपने कब्जे में क्यों नहीं लिया था और अब वर्तमान में इस तरह से वह लोगों के हक हकूक को कैसे प्रभावित कर रहा है। इन तमाम पहलुओं की जांच की जाए। ऐसे में प्रशासन में इस मामले की जांच करने की तैयारी शुरू कर दी है। उधर, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि जनमंच में 1982 में नौतोड़ अलॉट होने के बावजूद मौके पर कब्जा नहीं करने के बाद अब जाकर उसे जमीन का मालिक आना हक लेने का मामला सामने आया है। इस मामले की जांच करने के आदेश उपायुक्त कुल्लू को जारी कर दिए गए हैं।

# भगवान राम का विरोध भी करते हैं और उनकी कसमें भी खाते हैं कांग्रेसी: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के कुल्लू नेता कुछ भी बोलते हैं। एक तरफ वे अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का विरोध भी कर रहे हैं, दूसरी तरफ भगवान श्रीराम की कसम भी खा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने भगवान राम जन्म क्षेत्र मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नहीं जाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस का यह निर्णय करोड़ों राम भक्तों की आस्था और श्रद्धा के विरुद्ध है।



कांग्रेस बीजेपी का विरोध करते-करते अब रामचंद्र जी का विरोध करने लगी है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। राम का विरोध कांग्रेस को बहुत महंगा पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा का विरोध कर सकती है, लेकिन रामचंद्र जी का विरोध सर्वथा अनुचित है। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री वक्रमादित्य सिंह को प्राण प्रतिष्ठा में जाना चाहिए। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में जाने का निमंत्रण बहुत सौभाग्यशाली और बहुत कम लोगों को मिला है और जिन्हें मिला है, यह बहुत की सौभाग्य की बात है कि उन्हें इस पुण्य अवसर पर साक्षी होने का मौका मिल रहा है। कांग्रेस इस पुण्य कार्य में भी राजनीतिक दृष्टि से निर्णय कर रही है। यह किसी के व्यक्तिगत आस्था और श्रद्धा के प्रति कुठाराघात है। किसी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के महोत्सव में जाने से रोकना अनुचित है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल के कांग्रेसी नेताओं में भगवान राम के प्रति अगर तनिक भी आस्था होती तो वह कांग्रेस द्वारा भगवान श्रीराम की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार श्रद्धा और आस्था के विरुद्ध है, के फैसले पर अपना ऐतराज जताते, लेकिन हिमाचल के किसी भी कांग्रेसी नेता कांग्रेस के इस कृत्य का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश में इस प्रकार का भक्तिमय माहौल पहले कभी देखने को नहीं मिला। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद यह लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पूरे देश के करोड़ों राम भक्त आस्था और श्रद्धा के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पल का इंतजार कर रहे हैं। यह हम सभी के लिए एक सौभाग्य है कि हमें यह क्षण देखने को मिल रहा है। इसमें बड़ा योगदान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रहा है।

जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि पूरे देश में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास और गहराता जा रहा है और वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा केंद्र में आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें हासिल करने का एक नया किर्तीमान स्थापित करेगी।

शबद-कीर्तन करते रागी...



श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर शिमला के गुरुद्वारा साहिब में शबद-कीर्तन करते रागी।

## गुरुद्वारों में धूमधाम से मनाया प्रकाश पर्व

**शिमला।** राजधानी शिमला में सिख धर्म के दसवें गुरु गोबिंद सिंह का बुधवार को 357वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में शबद-कीर्तन किए गए। ओल्ड बस स्टैंड स्थित गुरुद्वारा में सारा दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

इस दौरान सिंह सभा की ओर से सभी लोगों के लिए लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने काफी संख्या में भाग लिया। इसके लिए लुधियाना से रागी जत्था शिमला पहुंचे, जिसने लोगों को बताया कि गरु गोबिंद सिंह ने पांवटा साहिब में कैसे गुरुद्वारा की स्थापना की और सिख सिद्धांतों के बारे में प्रचार किया। गुरु गोबिंद सिंह ने यहां सात साल बिताए थे। गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा और सिखों के धार्मिक ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' को ही सिखों के अगले गुरु के रूप में नामित किया था। छोटा शिमला के गुरुद्वारे भी इस दौरान सीख स्मप्रदाय के लोगों की भीड़ जुटी।

शबद-कीर्तन...



श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर शिमला के गुरुद्वारा साहिब में आयोजित शबद-कीर्तन के दौरान उपस्थित श्रद्धालु।

# राज्य में एक वर्ष से जुमले की सरकार चला रहे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू

### व्यवस्था परिवर्तन के नए दौर से कर्मचारी वर्ग व आम आदमी को झेलनी पड़ रही परेशानी : बलबीर वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में बीते एक वर्ष से प्रदेश में जुम्ले की सरकार चल रही है और व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर अब कर्मचारी वर्ग सहित आम आदमी को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

भाजपा प्रवक्ता और चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा ने कहा कि राज्य में नया दौर का नारा देने वाली सरकार से सभी लोग परेशान हो चुके हैं। बलबीर वर्मा ने प्रदेश सरकार की गारंटियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनाने के लिए हर क्षेत्र के लिए गारंटी दे डाली परंतु अपनी एक भी गारंटी पूरी करने की उनके पास न तो इच्छाशक्ति है और न सामर्थ्य है। कांग्रेस ने सरकार बनाने से पहले गारंटी दी थी कि मोबाइल क्लिनिक (वैन) से हर गांव में गरीब और स्थानीय लोगों का मुफ्त इलाज किया जाएगा, लेकिन आज सरकार की वो वैन कहां गई। भाजपा विधायक बलबीर वर्मा ने सरकार से सवाल किया कि जयराम सरकार के समय चली योजनाओं को नया नाम देकर आप अब जनमंच की जगह सरकार गांव की ओर कार्यक्रम चलाने की बात कर रहे हैं क्या इन वैन में (मोबाइल क्लीनिक) को भी साथ ले जाने का प्रयास सरकार करेगी, पिछली सरकार में जो सुविधाएं स्वास्थ्य के क्षेत्र में दी गई थीं, मात्र उन्हें बंद करने का कार्य सरकार ने किया है, पिछली सरकार की बड़ी व सफल योजना हिमकेयर इस सरकार की नालायकी की वजह से बंद होने के कगार पर है। प्रदेश सरकार हिमकेयर योजना का पैसा अस्पतालों को जारी नहीं कर रही है, जो कि 200 करोड़ से ऊपर की देनदारी सरकार के ऊपर हो चुकी है। बलबीर वर्मा ने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों के साथ-साथ प्रदेश के मेडिकल कॉलेज भी निशुल्क इलाज से आनाकानी कर रहे हैं।

क्रस्ना लैब जो कि मेडिकल क्षेत्र में प्रदेश में अपनी सेवाएं दी रहे थे उनके तकरीबन 54 करोड़ रुपए देय हैं और बार-बार कंपनी के नोटिस दिए जाने के बावजूद यह पैसा प्रदेश सरकार ने इस लैब को नहीं दिया है।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा विधायक बलबीर वर्मा।

### 18 हजार युवाओं को नौकरी खोने का डर

बलबीर वर्मा ने आरोप लगाया कि आज क्रस्ना लैब पर दबाव बनाकर कार्य करवाया जा रहा है। क्रस्ना लैब में कम से कम 18,000 हिमाचली युवा कार्यरत हैं, जिन पर आज अपनी नौकरी खोने का डर बना हुआ है, जिससे साफ पता चलता है कि यह सरकार युवा विरोधी सरकार है। प्रदेश में सरकार बनाने से पहले युवाओं को रोजगार की गारंटी को पूरा करने के बजाए आते ही कोविड वारियर्स को निकालना, आउटसोर्स को निकालना और अब इस तरह क्रस्ना लैब की देनदारी को क्लीयर न करना इसी का सूचक है कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है।

### 108 एंबुलेंस सेवा के खस्ता हाल

बलवीर वर्मा ने कहा कि आज प्रदेश में लंबे समय से मरीजों को लाने-जाने वाली सुविधा 108 एंबुलेंस के टायर तक फट चुके हैं, जिसकी व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही न ही कंपनी से कोई बातचीत की ओर से बीच का रास्ता निकालने के लिए प्रयास कर रही है। कोविड के समय लगे ऑक्सीजन प्लांट का रख-रखाव यह सरकार नहीं कर पा रही है।

### झूठे वादों से बनी संसाधन विहीन सरकार

वर्तमान सरकार की स्थिति बहुत खराब है और यह संसाधन विहीन सरकार बनकर रह गई है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार गरीब हितैषी सरकार नहीं है। झूठे वादे और झूठी गारंटी देकर सत्ता में आई सरकार है और हिमाचल प्रदेश के वासियों की किसी भी प्रकार से चिंता इस सरकार को नहीं हैं। मात्र सत्ता प्राप्त करने के लिए छलावा कर झूठे वादे कर आज गरीब जनता को धोखा दे रही है।

# रोजगार देने के लिए शुरू की 680 करोड़ की राजीव गांधी स्टार्टअप योजना

### युवाओं को ई-टैक्सी के लिए 50 प्रतिशत अनुदान करवाया जा रहा उपलब्ध: विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज चौपाल उपमंडल के तहत बमटा पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता की और लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निवारण किया।

इस दौरान कुल 68 जनसमस्याएं प्राप्त हुई, जिनमें से कैबिनेट मंत्री ने अधिकतर का मौके पर निपटारा किया और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार हिमाचल को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्टअप योजना शुरू की गई है, जिसके तहत युवाओं को ई-टैक्सी के लिए 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सौर ऊर्जा के तहत 200 करोड़ रुपए की योजना भी शुरू की गई है, जिसके तहत सोलर पैनल स्थापित करने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने पर युवाओं को प्रतिमाह सरकार की ओर से पैसा दिया जाएगा।

इस योजना से जहां एक ओर युवा आत्मनिर्भर बनेंगे, वहीं दूसरी ओर और लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। महासचिव प्रदेश कांग्रेस समिति रजनीश किमटा ने कहा कि चौपाल विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं में सड़क और पानी से संबंधित हैं। जल्द ही लोक निर्माण मंत्री का चौपाल क्षेत्र आयोजित करवाया जाएगा और उस दौरान नेरवा बयपास की आधारशीला रखी जाएगी।

### माटल-बमटा मार्ग की टारिंग को प्राथमिकता दी जाएगी



बमटा से खड़ापत्थर मार्ग के लिए सर्वे रिपोर्ट बनवाई जाएगी और इसके लिए संयुक्त बैठक भी आयोजित करवाई जाएगी। माटल से बमटा सड़क की टारिंग को प्राथमिकता दी जाएगी, जिसके लिए इस मार्ग को आगामी बजट में डालकर बजट का प्रावधान करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बंटा स्कूल समीप स्टेडियम के लिए प्रयास किए जाएंगे और बजट का प्रावधान करवाया जाएगा।

### मंत्री ने बांटे प्रमाण पत्र

विक्रमादित्य सिंह ने सुखाश्रय योजना के तहत दो बालिकाओं सलोचना और किरण को और बेटी है अनमोल योजना के तहत चार बच्चियों की माताओं के लिए एफडी वितरित की, जिनमें रोमा शर्मा, महिंद्रा, सपना और गीता शामिल रही। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सुमन की गोद भराई की रस्म अदा की और एक गुड़िया का अन्न प्रश्न किया।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में 18 स्टॉल स्थापित किए गए थे, जिसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर 78 लोगों को स्वास्थ्य जांचा गया, 24 लोगों के टेस्ट और निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई।

# चेक बाउंस होने पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाएगा नगर निगम

**अशिमा वैरागी, शिमला**

- निगम में चेक के जरिए विभिन्न प्रकार के बिलों का भुगतान करते हैं लोग
- फरवरी माह से जो भी उपभोक्ता निगम को देगा फर्जी चेक उसे देना होगा एक हजार जुर्माना

नगर निगम शिमला चेक बाउंस होने वाले लोगों पर सख्ती से पेश आएगा। निगम में विभिन्न प्रकार के बिलों के भुगतान के लिए जनता की ओर से ऑनलाइन सहित चेक के माध्यम से राशि दी जाती है, ऐसे में कई मर्तबा कुछ लोगों के चेक बाउंस होने के मामले भी सामने आते रहते हैं।

निगम की ओर से इस तरह के मामलों से निपटने के लिए अब जुर्माना भी लगाया जाएगा, पहले जहां निगम प्रबंधन की ओर से चेक बाउंस होने पर 100 रुपए वसूल किए जाते थे, वहीं अब इस राशि में कई गुना की वृद्धि की गई है। अब जनता से चेक बाउंस होने पर करीब 1000 रुपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा। निगम की ओर से लंबित बिलों के भुगतान के लिए यह सख्ती की जा रही है। निगम ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। फरवरी माह से जो भी उपभोक्ता फर्जी चेक नगर निगम को देगा उसे जुर्माना लगा दिया जाएगा। इसके लिए नगर निगम की ओर से बुधवार को पूरी तैयारी कर ली है। शहर में हजारों लोग प्रॉपर्टी टैक्स, कंपाउंडिंग फीस, विज्ञापन, स्लॉटर शुल्क, टेंडर फार्म शुल्क, दुकानों और संपत्तियों के किराए आदि का बैंक चेक के जरिए भुगतान करते हैं, लेकिन कई उपभोक्ताओं की ओर से जमा किए जा रहे चेक बाउंस हो रहे थे। इससे निगम कर्मचारियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही थी। इसके लिए ऑनलाइन सुविधा तो की है, लेकिन कई लोग चेक के जरिए भुगतान करते हैं। कर्मचारियों को बार-बार पैसे के लिए बैंक की भाग दौड़ भी करनी पड़ती थी। बिल भुगतान के लिए दिए जाने वाले चेक से पैसा न मिलने पर निगम कानूनी कार्रवाई भी कर सकता है, यह प्रक्रिया काफी लंबी है। ऐसे में निगम ने जुर्माने की व्यवस्था का फैसला लिया था। पहले इसके लिए सौ रुपए का जुर्माना रखा गया था, जिससे लोगों को कोई असर नहीं पड़ रहा था। अधिकतम जुर्माना राशि होने से अब राहत मिलने के आसार हैं। (अनंत ज्ञान)

### निगम कर्मचारियों को मिलेगी राहत

शहर में फर्जी चैक जमा करवाने वालों के कारण निगम कर्मचारियों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती थी। दिन में बार-बार बैंक के चक्कर काटने को लिए कर्मचारी मजबूर थे। शहर में टैक्स के 30 हजार कूड़ा शुल्क के 60 हजार और किराया देने वाले करीब 1500 उपभोक्ता हैं। इसके अलावा विज्ञापन, टेंडर फॉर्म को लेकर भी सैकड़ों लोग शुल्क जमा करवाते हैं। फर्जी चेक जमा करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।



बॉलीवुड फिल्म अभिनेता राजपाल यादव ने जाखू मंदिर में शीश नवाया और इस दौरान राजपाल ने पुलिस के जवानों के साथ फोटो भी खिंचवाई।

# शिमला शहर के उपनगरों में भी सड़कों को चौड़ा करने की जरूरत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश की राजधानी शिमला में सर्कुलर रोड को चौड़ा करने का कार्य किया जा रहा है। शिमला शहर के साथ लगते उपनगरों में निगम सड़कें चौड़ी करवाना चाहता है, ऐसे में शहर को चौड़ा करने के लिए काम करने वाली सभी एजेंसी को शहर के मेयर सुरेंद्र चौहान ने पत्र लिखा है।

पत्र में शहर की सड़कों को चौड़ा करने के नाम पर महज सर्कुलर रोड पर ही काम हो रहा है। शहर में इसके साथ ही उपनगरों में भी सड़कें हैं, इन सड़कों को चौड़ा करने के लिए भी काम करने की जरुरत है। निगम शहर की जनता व सभी विभागों के बीच में पुल का बेहतर काम करेगा। इससे एक बेहतर शिमला का निर्माण आने वाले समय में किया जा सकता है।

### बुलाई जाएगी बैठक

मेयर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि शहर को बेहतरीन बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग और अन्य सभी विभाग सड़कों से जुड़े हुए कार्य को देख रहे हैं। निगम भी ये ही काम कर रहा है। समन्वय की कमी होने के कारण इसका लाभ शहर के लोगों को नहीं मिल रहा है। इसी कमी को दूर करने के लिए जल्द ही बैठक बुलाई है।

# कल्चर क्लब से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश की सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी के स्वास्थ्य विभाग में स्पोर्ट्स और कल्चर क्लब बनने पर कर्मचारियों को अवगत करवाया गया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी इस क्लब का हिस्सा बन कर और खेलों में भाग लेकर स्वयं के ठीक रख कर और स्ट्रेस फ्री महसूस कर सकते हैं।

इसमें कुछ कर्मचारियों ने मेंबरशिप फीस भी दी, जिसमें 500 रुपए और 100 रुपए सालाना रखी गई है। आईजीएमसी के इस क्लब में अपना एक विशेष योगदान रहेगा। अस्पताल अपने स्तर पर बहुत जल्द एक इंडोर स्पोर्ट्सभिट भी रखेगा, जिसमें आईजीएमसी में कार्यरत डॉ. व कर्मचारी अपनी प्रतिभा को दिखा पाएंगे। बुधवार को आईजीएमसी के कमेटी रूम में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रदेश स्वास्थ्य विभाग में स्पोर्ट्स व कल्चर क्लब बनने पर कर्मचारियों को अवगत करवाया गया।

इस मिटिंग में प्रिंसिपल सीता ठाकुर व भिन्न-भिन्न केटेगरी के प्रधान व महामंत्रियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।



आईजीएमसी के स्वास्थ्य विभाग में स्पोर्ट्स और कल्चर क्लब बनने पर अवगत करवाते हुए।

**आयोजन** एबीवीपी ने राज्य के अलग-अलग स्थानों पर करवाई स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

# सिरमौर की दसवीं की प्रज्ज्वल चौहान प्रदेश भर में प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- प्रतियोगिता कोरोना काल के बाद पहली बार करवाई गई इससे पहले हर साल यह प्रतियोगिता करवाई जाती थी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से हाल ही में करवाई गई राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की छात्रा प्रज्ज्वल चौहान ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रज्ज्वल चौहान जिला सिरमौर की रहने वाली है।

हमीरपुर जिले की छात्रा अंशुल ठाकुर ने दूसरा और हमीरपुर के छात्र देवांश रांगड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसका पारितोषिक सम्मान वितरण समारोह 23 जनवरी को एनआईटी हमीरपुर में किया जाएगा। इन विद्यार्थियों को अनुराग सिंह ठाकुर सम्मानित करेंगे। यह प्रतियोगिता कोरोना काल के बाद पहली बार करवाई गई है। इससे पहले हर साल यह प्रतियोगिता पूरे हिमाचल प्रदेश में करवाई जाती थी।

एबीवीपी हिमाचल प्रदेश की ओर से राज्य स्तरीय स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। बीते वर्ष पांच नवंबर को प्रदेश भर में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद की ओर से स्टूडेंट्स को प्रतियोगि परिक्षाओं में अबल बनाने और हर चुनौति से जूझने के लिए प्रेरित किया जाता है। नेगी ने कहा कि इस तरह की परीक्षाओं से स्टूडेंट्स में कई तरह से गुणों का विकास भी होता है और इससे छात्रों का मनोबल भी बढ़ता है। इस परीक्षा में 23 हजार 534 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था। प्रदेश के प्रत्येक जिले में छात्रों की ओर से परीक्षा के लिए पंजीकरण करवाया गया था। परीक्षा में 17,524 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया।

### परीक्षा में प्रथम को 31, द्वितीय को 21, तृतीय स्थान पर 15 हजार रुपए दिए जाएंगे



प्रज्ज्वल चौहान।



अंशुल ठाकुर।



देवांश रांगड़ा।

स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को कई तरह से सम्मान्नित किया जाएगा। प्रथम रहने वाले प्रतिभागी को 31 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान दिया जाएगा, साथ ही द्वितीय आने पर 21 हजार और तृतीय स्थान के लिए 15 हजार तथा अन्य पांच प्रतिभागियों को पांच हजार का पुरस्कार व प्रमाण पत्र सहित सम्मानित किया जाएगा। पारितोषिक वितरण में राज्य स्तर पर अव्वल आने वाले प्रथम आठ प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

- 23 को एनआईटी हमीरपुर में होगा सम्मान वितरण समारोह, मंत्री अनुराग ठाकुर करेंगे सम्मानित

# राज्य सरकार पर बढ़ती जा रही कर्मचारियों की देनदारियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- भुगतान न होने पर भविष्य में सरकार पर बोझ बढ़ता जाएगा : उमेश कुमार

राज्य सरकार पर राज्य कर्मचारियों की देनदारियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को लंबित देनदारियो ंको लेकर बीते पांच वर्षों से भुगतान नहीं हो रहा है, ऐसे में कर्मचारी संगठन भी सरकार से लगातार लंबित देनेदारियां न मिलने के चलते विमुख हो रहे हैं। राज्य कर्मचारी महासंघ का कहना है कि वर्ष 2016 से संशोधित वेतनमान का एरियर और महंगाई भत्ता लंबित है।

कर्मचारियों की वरिष्ठता का मुद्दा भी अभी तक हल नहीं हुआ है। कर्मचारी महासंघ ने सरकार से इस विषय पर गंभीरता से विचार करने और लंबित देनदारियरों को देने की गुहार लगाई है। कर्मचारी महासंघ के सचिव उमेश कुमार ने कहा कि समय पर कर्मचारियों की देनदारियों का भुगतान न होने पर भविष्य में सरकार पर बोझ बढ़ता जाएगा और वितिय स्थिति और भी खराब होगी।

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ से संबंधित प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष इंद्र ठाकुर, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र भंगालिया, प्रदेश महामंत्री उमेश कुमार, प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री नरेश शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री बृजलाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम दुल्टा, राम लाल शर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने सरकार से लंबित मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई।

# सरकार घर-द्वार के समीप बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

## नौणी पंचायत में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के शुभारंभ पर बोले स्वास्थ्य तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार जन-जन को उनके घर-द्वार के समीप बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आज से राज्य में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आरंभ किया गया है, ताकि लोगों की समस्याओं का संतोषजनक समाधान हो सके और उन्हें प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिल सके।

डॉ. शांडिल आज सोलन जिला की नौणी पंचायत में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जन समस्याओं का निवारण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज


एक बुजुर्ग की समस्या सुनते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल।

के विशेषकर कमजोर वर्गों को लाभान्वित करने के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कार्यभार संभालने के उपरांत अपने पहले निर्णय से जहां बेसहारा बच्चों के जीवन में आशा की किरण का संचार किया, वहीं तदोपरांत त्रासदी के मध्य समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने के लिए नवीन योजनाएं कार्यान्वित कीं। उन्होंने कहा कि बेसहारा वर्गों एवं अनाथ बच्चों के लिए कानून बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना है।

**स्वास्थ्य विभाग ने लगाया मेला :** डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों का शुभारंभ किया और कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मेगा स्वास्थ्य शिविर में 142 रोगियों की जांच की गई। 85 आभा आई-डी बनाई गईं।

### ये रहे शामिल

जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष शिव कुमार, खंड कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, नौणी पंचायत के प्रधान मदन हिमाचली, उपप्रधान हरदेव सिंह, क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### 40 शिकायतों का मौके पर निपटारा

'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में कुल 40 शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित बनाया गया। इनमें से 22 शिकायतें व एक मांग लिखित तथा 17 शिकायतें मौखिक रूप से प्राप्त हुईं। डा. शांडिल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत तीन लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 75-75 हजार रुपए के चेक प्रदान किए। उन्होंने बेटी जन्मोत्सव के तहत चार बच्चियों को सम्मानित किया। उन्होंने सोलन विधानसभा क्षेत्र के 66 छात्रों को टैब दिए।

### किन-किन विभागों को क्या दिए निर्देश

1. बिजली बोर्ड के अधिकारी विभिन्न ग्राम पंचायतों के निवासियों द्वारा दी गई लो वोल्टेज तथा बिजली बोर्ड से संबंधित अन्य शिकायतों को निर्धारित समयावधि में निपटारे के लिए प्रभावितों से गांवों में जाकर मिलें।
2. लोनिवि के अधिशाषी अभियंता तथा राज्य पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक गलानग के लिए एचआरटीसी की बस सेवा आरंभ करने के लिए उचित कदम उठाएं।
3. लोक निर्माण विभाग के अधिकारी खनोग-मतियूल संपर्क मार्ग की मरम्मत के लिए मौके पर निरीक्षण करें।
4. जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम को रबौन में उचित मूल्य की दुकान खोलने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।
5. पुलिस अधीक्षक सोलन को निर्देश दिए कि नौणी गांव के परस राम की शिकायत को नियमानुसार शीघ्र निपटाया जाए।

### नशा मुक्ति के लिए जागरूकता आवश्यक

**डॉ. शांडिल** ने नौणी पंचायत में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में नशा निवारण अभियान के तहत हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर करने के साथ अभियान की शुरुआत भी की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए जागरूकता आवश्यक है और युवा पीढ़ी को नशे को न कहना सीखना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने जनसमूह को नशे से दूर रहने और समाज को नशा निवारण के विषय में जागरूक बनाने के लिए शपथ भी दिलाई।

## सड़क सुरक्षा अभियान का समापन आज

**सोलन।** नेहरू युवा केंद्र सोलन में बीते एक सप्ताह से सड़क सुरक्षा अभियान का 18 जनवरी को समापन होगा। एक सप्ताह में नेहरू युवा केंद्र सोलन के स्वयंसेवियों ने सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति शहर वासियों को जागरूक किया और उन्हें नियमों की महत्व के बारे में भी बताया।

नेहरू युवा केंद्र शिमला राज्य निदेशक ईरा प्रभात ने बताया कि 11 से 17 जनवरी तक यह जागरूकता अभियान चला था। इसमें 11 जनवरी को आरटीओ विभाग और पुलिस विभाग ने स्वयंसेवियों को प्रशिक्षण भी दिया, उसके बाद पुलिस विभाग के साथ मिलकर युवा केंद्र के सभी स्वयंसेवियों ने सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति शहर में जागरूकता फैलाई और वीरवार को बुकलेट और पंफ्लेट भी वितरित किए।

अभियान के तहत सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति दोपहिया वाहन और चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट और हेल्मेट की अनिवार्यता के बारे में बताया गया।

## ईशा व भानवी का समग्र शिक्षा यात्रा केरल को चयन



**अर्की।** मांझू गांव की ईशा शर्मा व भानवी शर्मा का चयन समग्र शिक्षा यात्रा केरल के लिए लिए हुआ है। ईशा के पिता दिलीप व भानवी के पिता सुभाष ने बताया कि समग्र शिक्षा यात्रा के लिए सोलन जिले से चयनित हुई है, जो कि 20 से 28 जनवरी तक चलेगी। यह चयन प्रक्रिया दसवीं में मेरिट सूची में आने से हुई।

ईशा शर्मा वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल छात्रा अर्की की मेडिकल साइंस की की छात्रा है तथा भानवी भी इसी विद्यालय की नॉन मेडिकल की छात्रा है। ईशा और भानवी ने अपनी दसवीं की शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय मांजू से उत्तीर्ण की है। ईशा का लक्ष्य भविष्य में सिविल सर्विस में जाना है, वहीं भानवी प्रोफेसर बनना चाहती है। इस उपलब्धि का श्रेय ईशा और भानवी ने अपने माता- पिता व गुरुजनों को दिया है।

## भाजपा की बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर हुई चर्चा


बैठक में हिस्सा लेते भाजपा के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भाजपा कार्यालय में बुधवार को भाजपा मंडल सोलन के अध्यक्ष मदन ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा की गई।

इसमें केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर-द्वार तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया गया। साथ ही अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने सहित सभी मंदिरों में सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पुरषोत्तम गुलेरिया, जिला महासचिव भरत साहनी, मंडल महासचिव संजीव सूद, डॉ. राजेश कश्यप, डिप्टी मेयर मीरा आनंद भी मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश गांधी ने दी।

### श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों में चलेगा सफाई अभियान

# जिला कृषि विभाग के नए भवन को उद्घाटन का इंतजार

## पर्यटन विभाग की ओर से बनाए गए भवन पर 12 करोड़ की आई लागत, किसानों को मिल सकेगा प्रशिक्षण

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला कृषि विभाग सोलन को आखिर लंबे इंतजार के बाद अब अपना भवन मिल जाएगा। फरवरी माह के अंत तक जिला कृषि उपनिदेशक कार्यालय नए भवन में शिफ्ट हो सकता है। विभाग के अधिकारियों का कहना है नए भवन का कार्य अंतिम चरण में है और इन दिनों भवन की फिनिशिंग का कार्य चल रहा है, जो जल्द पूरा होने की उम्मीद है।

इसके बाद कृषि निदेशालय से शीघ्र कृषि उपनिदेशक कार्यालय नए भवन में शिफ्ट करने के आदेश जारी हो सकते हैं। कालका-शिमला फोरलेन पर चंबाघाट के समीप बन रहे जिला कृषि विभाग कार्यालय का कार्य बीते कुछ एक वर्ष से कछुआ चाल में चल रहा है। इसके चलते विभाग को प्रतिमाह हजारों रुपए किराया निजी भवन का देना


जिला कृषि विभाग का नया बना भवन।

पड़ रहा है। जिला कृषि विभाग के इस बहुमंजिला भवन का निर्माण कार्य पर्यटन विभाग द्वारा किया जा रहा है। भवन बनने से किसानों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने में आसानी होगी।

पहले इस भवन का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए मार्च 2023 का समय कृषि विभाग को दिया गया था, लेकिन इसके बाद टेंडर आदि प्रक्रिया में देरी के चलते काम आगे सरक गया। इस भवन के बन जाने के बाद से जहां विभाग का लाखों रुपए किराया बचेगा, तो वहीं जिला के किसानों सहित विभाग के कर्मचारियों को भी सुविधा मिलेगी।

करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा इस भवन का निर्माण किया जा रहा है। पांच मंजिला यह भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इस भवन को किसानों की सुविधाओं को देखते हुए बनाया जा रहा है। कृषि विभाग के इस भवन में जहां जिला कृषि उपनिदेशक कार्यालय होगा, तो वहीं किसानों के प्रशिक्षण के लिए एक ट्रेनिंग हाल का निर्माण भी किया गया है। भवन में बैठकों का आयोजन करने के लिए एक सभागार भी अलग से बनाया गया है।

इसके अलावा मिट्टी आदि की जांच के लिए लैब का निर्माण भी किया गया है, जबकि अब तक कृषि विभाग की यह लैब निजी भवन में चल रही थी, जिसका विभाग को किराया देना पड़ता था। कृषि विभाग की लैब इस भवन में शिफ्ट होने के बाद से विभाग से भी बचत होगी। (अनंत ज्ञान)

### फोरलेन की जद में आ गया था भवन

जिला कृषि विभाग का भवन चंबाघाट से कैथलीघाट फोरलेन निर्माण के दौरान जद में आ गया था, जिसके बाद भवन को तोड़कर विभाग का कार्यालय एक निजी भवन में शिफ्ट करना पड़ा था। जनवरी 2021 से कृषि विभाग व आत्मा परियोजना का कार्यालय एक निजी भवन में चल रहा है, जिसका विभाग को प्रति माह 52 हजार रुपए किराया देना पड़ता है।

वहीं, विभाग का ब्लॉक स्तर का कार्यालय भी सोलन में पहले से ही निजी भवन में है, जिसका आठ हजार रुपए मासिक किराया है। अब नए भवन के बन जाने से कृषि विभाग के अंतर्गत आने वाली लैब व ब्लॉक कार्यालय को इसमें शिफ्ट किया जाएगा।

> विभाग के नए भवन का कार्य फरवरी तक पूरा होने की उम्मीद है। इन दिनों भवन निर्माण के अंतिम चरण का कार्य चल रहा है। इसके बाद उच्च अधिकारियों के आदेश आने के बाद कार्यालय को शिफ्ट किया जाएगा।
> -डॉ. सीमा, जिला कृषि अधिकारी।

## 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में सरकारी प्रदर्शनी बनी लोगों के आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

शिलाई विधानसभा के दूरवर्ती गांव बकरास में विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गईं प्रदर्शनियों में क्षेत्र के लोगों को सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मौका था हिमाचल प्रदेश सरकार के एक बहुत ही महत्वकांक्षी कार्यक्रम 'सरकार गांव के द्वार' की बकरास में शुरुआत का, जहां उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, कृषि, बागवानी, उद्योग, बाल विकास, कल्याण विभाग सहित सभी विभागों ने उनके माध्यम से क्रियान्वित की जा रही सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रचार सामग्री तथा विभिन्न प्रकार के उत्पादों को प्रदर्शित किया गया।

प्रदर्शनियों में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लोगों को सरकार की योजनाओं की


बकरास में कार्यक्रम के दौरान एक विभाग के स्टॉल पर जानकारी के लिए खड़े लोग।

जानकारी दी गई। इसके साथ ही लोगों को कृषि व बागवानी उपकरणों व विभिन्न प्रकार के बीजों व दवाइयां खरीदने तथा इनके बारे में जानने का मौका घर-द्वार के समीप ही मिला।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को सूचना एवं जन संपर्क विभाग ने प्रदेश सरकार की एक साल की उपलब्धियों तथा अन्य जानकारी से भरपूर पुस्तिकाएं व पंफ्लेट्स वितरित किए। इस दौरान राजस्व विभाग की ओर से मौके पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करवाए गए।

स्वास्थ्य व आयुर्वेद विभागों ने निशुल्क चिकित्सा शिविर कार्यक्रम में लगाए। बलवीर चौहान, स्नेह लता, चमेली देवी, भाग सिंह ठाकुर व भरत सिंह सहित अनेक लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया में मुख्यमंत्री की ओर से आरंभ किए गए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम को लोगों के लिए बड़े हित का बताया।

## गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व को लेकर लगाया लंगर

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की में सिख समुदाय व अन्य दुकानदारों ने संयुक्त रूप से सिख गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया। इस मौके गुरु नानक क्लाथ हाउस व अन्य सिख समुदाय ने लंगर लगाया। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अर्की में यह तीसरा लंगर है। इस लंगर में अर्की के निवासियों का पूर्ण सहयोग मिलता है। इस अवसर पर अर्की के समाजसेवी भारत भूषण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जत्थेदार सरदार हरभजन सिंह ने बताया कि श्री गुरु महाराज का प्रकाश पर्व परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारे में अखंड पाठ, कीर्तन दरबार और भव्य नगर कीर्तन आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए दिन-रात अटूट लंगर की व्यवस्था की गई है।



गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर लंगर से प्रसाद ग्रहण करते लोग।

## गुरु की नगरी में निकाला नगर कीर्तन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

इन दिनों गुरु की नगरी पांवटा साहिब में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर शहर में भव्य नगर कीर्तन आयोजित किया गया। इस दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश हुआ। नगर कीर्तन में कई राज्यों के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य गुरुद्वारा पांवटा साहिब में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुद्वारा परिसर में अखंड पाठ चल रहे हैं, वहीं गुरु पर्व की पूर्व संध्या पर भव्य नगर कीर्तन भी आयोजित किया गया। नगर कीर्तन में पांवटा साहिब सहित आसपास के क्षेत्र व अन्य राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर कीर्तन में हिमाचल सहित उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली आदि राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। नगर कीर्तन गुरुद्वारे से श्री गुरु गोबिंद


प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर निकाले नगर कीर्तन की अगुआई करते पंज प्यारे।

सिंह चौक और वापस गुरुद्वारा पहुंचा। इस दौरान समूचे नगर कीर्तन मार्ग में सुसज्जित वाहन में विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शनों को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। नगर कीर्तन मार्ग में शहर के श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह खाने-पीने की वस्तुओं के स्टाल भी लगाए गए थे।

नगर कीर्तन की अगुआई पारंपरिक वेशभूषा में सजे पंच प्यारे कर रहे थे। इस दौरान प्राचीन युद्ध कला गतका सहित स्कूल के बच्चों के विभिन्न करतब आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे।

नगर कीर्तन के दौरान पांवटा साहिब के दर्जनों स्कूलों के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के करतब दिखाए। गौरतलब है कि पांवटा साहिब में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने लगभग साढ़े चार साल का समय बिताया था। उनके दो बड़े बेटों का जन्म भी पांवटा साहिब में ही हुआ था।

**जानकारी** 22 को सोलन में निकलेगी भगवान राम की भव्य शोभायात्रा, आज से निमंत्रण पत्र बंटेंगे

# श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 1500 दीपों से जगमगाएगा सोलन शहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

श्री राम मंदिर अयोध्या में श्री रामलला की मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को सोलन में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। श्री श्याम परिवार ट्रस्ट सोलन, श्री सनातन धर्म मंदिर सभा सोलन, अग्रवाल सभा सोलन और सोलन की समस्त सभाएं व धार्मिक समितियां मिलकर इस शोभायात्रा का आयोजन कर रही हैं। श्री श्याम परिवार ट्रस्ट के प्रधान व उनके अन्य सभा व समितियां के सदस्यों की ओर से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोलन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता में श्री श्याम परिवार सोलन के प्रधान त्रिलोक अग्रवाल ने बताया कि 550 वर्षों के बाद 22 जनवरी को भगवान श्री राम अपने मंदिर में स्थापित हो रहे हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गूंज पूरे विश्व में सुनाई दे रही है। सनातनियों के लिए



पत्रकार वार्ता में सभी कार्यक्रमों की जानकारी देते संस्थाओं के प्रतिनिधि।

यह ऐतिहासिक दिन है। दीपावली की तरह इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भी धूमधाम से मनाया जाए। इसके लिए उनके सहयोगी संस्थाओं द्वारा मिलकर सोलन में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक शोभायात्रा राजनीति से दूर हटकर आयोजित की जा रही है।

इस शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, आतिशबाजी, दीप महोत्सव व पुष्प वर्षा, ध्वज यात्रा वाद्य यंत्रों व संगीत के साथ निकाली जाएगी। उन्होंने सभी सोलन वासियों से आग्रह किया कि इस इस दिन सब अपने घर में कम से कम 11 दीपक जरूर जलाएं और एक साथ दोबारा दीपावली का महोत्सव मनाएं।

उन्होंने बताया कि सभी समितियों को इस आयोजन को लेकर कार्यभार सौंप दिया गया है। वीरवार से शहर में सभी को निमंत्रण पत्र बांटने का काम शुरू होगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामकुमार बिंदल ने बताया कि इस दिन 15000 दीपों के साथ सोलन शहर को जगमगाया जाएगा। 10000 दीपक पुराने बस स्टैंड पर जलाए जाएंगे और 5000 दीपक सोलन के चिल्ड्रन पार्क में जलाए जाएंगे।

अग्रवाल सभा के प्रधान दिनेश गर्ग ने कहा कि इस शोभायात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। वह सरकार से भी आग्रह करेंगे कि सोलन शहर में मंदिर के लिए जमीन चिन्हित कर आवंटित की जाए, ताकि यहां पर भगवान का भव्य मंदिर निर्माण हो सके। उन्होंने जिला प्रशासन से भी आग्रह किया कि वह ट्रैफिक व्यवस्था में सभी संस्थाओं को सहयोग करें, साथ ही नगर निगम सोलन सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभालते हुए इस धार्मिक आयोजन में अपना सहयोग दें।

श्री राम शोभायात्रा समिति के मीडिया संयोजक मुकेश गुप्ता ने सोलन वासियों से आग्रह किया कि सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर इस शोभायात्रा का हिस्सा बनें और भगवान के उत्सव में शामिल हों। धार्मिक संस्थाओं के साथ नवयुवक सभा, जन कल्याण सभा समिति, जगदंबा रामलीला कमेटी, साई संजीवनी अस्पताल, वर्मा ज्वेलर्स, वाल्मीकि समिति के अलावा कई समितियां ने अपना सहयोग प्रदान किया है। शोभायात्रा मे श्री जगदम्बा रामलीला सहयोग हेतु मंडल के निर्देशक हरीश मरवाह की अध्यक्षता मे राम दरबार के साथ तीन अन्य झांकियों के लिए मंडल के स्थानीय कलाकारों को पात्र बना कर तैयार किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद :** प्रेस वार्ता में सभी के साथ राकेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, गौरव मित्तल, सुमित अग्रवाल, पवन गोयल, ललित गर्ग, राहुल गोयल, गौरव गुप्ता, अनुज गुप्ता, राकेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

### बस स्टैंड पर होगा आतिशबाजी का भव्य आयोजन

श्याम परिवार के संयोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि आतिशबाजी का भव्य आयोजन बस स्टैंड पर किया जा रहा है। इसके लिए सहारनपुर से लोगों को बुलाया गया है। इसके अलावा सुंदर आकर्षक झांकियां के दर्शन भी जनता को होंगे। सोलन नगर को सुंदर तरीके से सजाया जाएगा।

हर जगह समितियां व संस्थाओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। अलग-अलग तरह के पकवान मिठाइयां और व्यंजन लोगों को प्रसाद के रूप में बांटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा दो बजे माता शूलिनी के मंदिर से शुरू होकर पुराना बस अड्डा, माल रोड होते हुए पुराने डीसी ऑफिस चौक से वापस आएगी। यात्रा रात्रि 10 बजे तक निकाली जाएगी। यात्रा में 1000 ध्वज शोभायमान होंगे, जिन्हें लोग बाद में अपने घरों की छतों पर भी लगा सकते हैं।

## सिरमौर में छह जगहों पर स्थापित होंगे चार्जिंग स्टेशन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले में एचआरटीसी करीब छह स्थानों पर बैटरी से संचालित चार्जिंग स्टेशन लगाकर बसों को चार्ज करेगा। प्रदेश में एचआरटीसी की इलेक्ट्रिकल बसों के संचालन के बीच एचआरटीसी नाहन डिपो में भी इलेक्ट्रिकल बसों को चार्ज करने के लिए खाका तैयार किया गया है।

इसके अलावा एचआरटीसी प्रबंधन जिन बसों का कार्यकाल 15 वर्ष पूरा हो गया है, उन्हें रूट से भी हटाएगा। इसके बदले में रूट से हटाई गई बसों के स्थान पर इलेक्ट्रिकल बसें मिलेंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ग्रीन हिमाचल के विजन को धरातल पर उतारने के लिए जहां पहले चरण में सरकारी क्षेत्र के वाहनों को जहां इलेक्ट्रिकल वाहनों में तबदील किया जा रहा है, वहीं एचआरटीसी की बसों को भी इलेक्ट्रिकल के तहत संचालित किया जाना है।

इसी कड़ी में नाहन डिपो के तहत पांवटा साहिब, नाहन, ददाहू, सराहां इत्यदि में बैटरी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

## सीपीएस अवस्थी आज अर्की के जयनगर में

**अर्की।** लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग देख रहे मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी 18 जनवरी को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। संजय अवस्थी आज प्रातः साढ़े 11 बजे अर्की विधानसभा क्षेत्र की जयनगर पंचायत की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

# कोर्ट में हाटी मामले को लेकर लोगों की ओर से लड़ेगी सरकार

## शिलाई विधानसभा के बकरास में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के शुभारंभ पर बोले उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

वर्तमान सरकार ने प्रदेश की बागडोर संभालने के उपरांत छोटे से कार्यकाल में व्यवस्था में बदलाव लाने की एक सफल कोशिश की है, जो अब नजर आने लगी है। यह बात उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज जिला के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बकरास में प्रदेश सरकार के जनोपयोगी कार्यक्रम 'सरकार गांव के द्वार' का विधिवत शुभारंभ करने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर बनाना तथा अगले 10 सालों में देश का पूरी तरह से विकसित राज्य बनाना हमारी सरकार का संकल्प है और इसके लिए जरूरी है कि व्यवस्था में आशातीत बदलाव बहाल किए जाएं। उन्होंने कहा कि हाटी मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मामला कोर्ट में है और सरकार लोगों की लड़ाई लड़ेगी।

उद्योग मंत्री ने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसके माध्यम



उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट करते स्थानीय लोग।

से लोगों का शासन व प्रशासन से घर-द्वार के समीप सीधा साक्षात्कार होगा और लोगों को उनके कार्यों को घर-द्वार के समीप करवाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाज में एक भी व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, इस बात को सरकार सुनिश्चित बना रही है।

लोगों की व्यक्तिगत समस्याएं हों अथवा सार्वजनिक, प्रत्येक समस्या के सकारात्मक समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए जरूरी है कि शासन व प्रशासन के पास लोग जिस कार्य को लेकर आते हैं, उसे ईमानदारी के साथ करने का प्रयास हो। समाज का एक भी व्यक्ति निराश नहीं होना चाहिए। यहीं से व्यवस्था परिवर्तन दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को और अधिक व्यापक बनाया जाएगा तथा इसे और अधिक बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश की बागडोर संभालते ही कर्मचारियों की पुरानी पेंशन को बहाल करने की प्रमुख मांग को पूरा करके 1.36 लाख कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने का काम करके अपनी गांरटी को पूरा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आने वाले सालों में अपनी सभी गारटिंयों को क्रमबद्ध तरीके से पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस वित्त वर्ष में 20 हजार पदों को भरेगी, जिनमें से लगभग 8000 पद भर दिए हैं और अन्यों की प्रक्रिया जारी है।

हाटी मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मामला कोर्ट में है और सरकार लोगों की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को उनकी आशाओं के अनुरूप इसका लाभ जरूर मिलेगा। भाजपा के कार्यकाल में शिलाई क्षेत्र की पूरी तरह से अनदेखी की गई। भाजपा को केवल राजनीति करने के लिए मुद्दा चाहिए। लोगों की समस्याओं तथा क्षेत्र के विकास से इनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव के समय भाजपा की सरकार ने अनेक कार्यालयों को बिना बजट प्रावधान के खोलने की घोषणाएं कर दी, जहां जरूरी होगा, वहां हमारी सरकार जरूर नया कार्यालय खोलेगी, लेकिन इससे अधिक महत्वपूर्ण है मौजूदा ढांचे को मजबूत बनाना।

**सीएम सुक्खू को दी बधाई :** उद्योग मंत्री ने हाल ही में स्टार्टअप में हिमाचल प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले राज्य से पुरस्कृत किए जाने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था आधारित नई स्टार्टअप नीति लाएगी जिससे हजारों युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेशक मित्र वातावरण तैयार करने की सरकार पहल कर रही है और आने वाले समय में उद्योगों के विस्तार से नौजवानों के लिए रोजगार के और अधिक अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि फार्मा एक्सपो मुम्बई में 2110 करोड़ के निवेश के लिए 17 समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुए हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने इस अवसर पर जहां रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन किया, वहीं गीत-संगीत के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई।

### 2026 तक हरित ऊर्जा प्रदेश बन जाएगा हिमाचल

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिमाचल को 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए ग्रीन हाईड्रोजन एवं अमोनिया परियोजना के लिए 4000 करोड़ से अधिक के निवेश होगा जिसमें 3500 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक से लैस राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। प्रदेश में लगभग 2100 उत्कृष्ट पाठशालाएं स्थापित की जाएंगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान अपग्रेड किया जा रहा है, जहां लोगों को हर प्रकार की विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

### शिलाई के लिए 100 करोड़ की योजना

उद्योग मंत्री ने कहा कि कहा कि अकेले शिलाई विधानसभा के लिये उन्होंने 100 करोड़ की योजनाएं लाई है, जिन पर कार्य आरंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 1998 में कांग्रेस की सरकार ने सड़क फिला तक पहुंचाई। टिंबी में विश्रामगृह का निर्माण किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सीता राम शर्मा, प्रधान बकरास पंचायत सोहन सिंह चौहान, पंचायत समिति अध्यक्ष बलवीर चौहान, जिला परिषद सदस्य चमेली देवी, स्नेह लता, उपप्रधान बकरास बहादुर सिंह शर्मा, पूर्व प्रधानों में श्याम कला चौहान, भाग सिंह तथा भरत सिंह, विभिन्न पंचायतों के चुने हुए प्रतिनिधि, कांग्रेस के पदाधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## कालाअंब में यातायात नियमों की अवहेलना पर कसेगा शिकंजा

**नाहन।** हरियाणा से सटे औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में यातायात नियमों की अवहेहना करने वाले वाहन चालकों पर अब शिकंजा कसेगा। कालाअंब पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कस दिया है जो बिना सीट बेल्ट या अन्य यातायात नियमों की अवहेलना कर रहे हैं तथा दोपहिया वाहनों को बिना हेल्मेट या ट्रिप्पल राइडिंग में चला रहे हैं। इस कड़ी में पुलिस थाना कालाअंब की पुलिस सड़कों पर उतरी तथा कई वाहनों के चालान किए तथा वाहन चालकों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में यातायात नियमों की अवहेलना को लेकर कालाअंब पुलिस ने व्यापक जांच अभियान शुरू किया है। पुलिस ने हरियाणा हिमाचल एंट्री प्वाइंट पर जांच अभियान को अंजाम दिया। एडिशनल एसएचओ भागीरथ शर्मा के नेतृत्त्व में 25 से अधिक वाहनों का अलग-अलग ऑफेंस में चालान भी किया गया।

## हर घर जागरूक अभियान के पहले दिन नशे के खिलाफ कार्रवाई में चिट्टा बरामद

### नालागढ़ के डीएसपी फिरोज खान की अगुआई में मिली बड़ी सफलता

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

जिला बद्दी पुलिस के हर घर जागरूक अभियान की शुरुआत बुधवार को नालागढ़ से हुई। नालागढ़ के डीएसपी फिरोज खान की अगुआई में शहर के पार्षदों के साथ नशे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान को लेकर चर्चा हुई। इसमें शहर को नशा मुक्त करने का अभियान छेड़ा गया। डीएसपी फिरोज खान के नेतृत्व में नशे के खिलाफ अभियान के पहले दिन ही नशे के खिलाफ पुलिस को कामयाबी मिली।

पुलिस ने नगर परिषद नालागढ़ के साथ सरकारी आवास में एक मकान से चिट्टा बरामद किया जो कि शहर में काफी समय से चिट्टा तस्करी का काम करता है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने शहर को नशा मुक्त करने का अभियान बड़े स्तर पर शुरू कर दिया है जिसके तहत गुप्त सूचना के आधार पर सरकारी आवास परिसर में दबिश दी, जहां आसपास से सिरिंज मिली। इसके बाद एक मकान की तलाशी ली तो कपड़े के अंदर से चिट्टा बरामद हुआ।

यह कार्रवाई डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान की अगुआई में हुई, जिसके बाद जांच अधिकारी को मामले की आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए। आरोपी महिला की पहचान अमरजीत कौर वार्ड-तीन नालागढ़ से हुई जिसके पास से 20.24 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

थाना नालागढ़ के तहत एनडीपीएस एक्ट में मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नशे के खिलाफ हुई बैठक में पार्षदों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए ताकि शहर को नशे से बचाया जा सके। इस मौके पर नगर परिषद नालागढ़ अध्यक्षा अलका वर्मा, पार्षद महेश गौतम, संजय भारद्वाज, अमेंद्र भिंडर समेत अन्य मौजूद रहे।

### नशा तस्करों की अब खैर नहीं

डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान अब पूरी तरह से नशे के खिलाफ मैदान में उतर चुके है। अभियान के पहले ही दिन नशे के खिलाफ कार्रवाई में बरामद हुए चिट्टे की लोगों ने सराहना की। डीएसपी फिरोज खान का कहना है कि नशा बिल्कुल बर्दाश्त नही होगा और नशे के खिलाफ हर घर जागरूक अभियान को तेज किया जाएगा जिसमें जागरूकता के साथ-साथ नशे के खिलाफ कार्रवाई कार्रवाई होगी।

## ठाकुर रघुवीर का 'राम आए हैं' भजन उत्तराखंड से रिलीज

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। उसी को लेकर इन दिनों पूरे देश में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इसी संदर्भ में बुधवार को हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक गायक ठाकुर रघुवीर सिंह ने 'राम आए हैं' भजन लॉन्च किया। उन्होंने देव भूमि उत्तराखंड के कट्टा पत्थर विकासनगर विधानसभा से विधायक मुन्ना चौहान के हाथों इस भजन को लॉन्च किया। जहां उत्तराखण्ड की कई विभूतियों शामिल हुईं।

बता दें कि ठाकुर रघुवीर सिंह हिमाचली लोक गायक हैं। सामान्यतः वह हिमाचली नाटी गाते हैं, मगर इस बार उन्होंने एक नया प्रयास किया और स्वयं ही 'राम आए हैं' भजन लिखा। वह हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में लाइव स्टेज शो करते हैं। सोशल मीडिया पर उनके कई गाने हिट हुए हैं। इस मौके पर ठाकुर रघुवीर सिंह ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्होंने भगवान राम के लिए भजन समर्पित किया है। उन्होंने


रघुवीर सिंह के गीत को लॉन्च करने के बाद उत्तराखंड के विकास नगर के विधायक मुन्ना सिंह चौहान व अन्य।

**पूरा देश राम मय है, रघुवीर का अच्छा प्रयास : मुन्ना चौहान**

कहा कि उनका हमेशा से ही सपना रहा है कि देश के जवानों और ईश्वर के लिए अपने गाने समर्पित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें हिमाचल सहित उत्तराखंड के लोगों का भी भरपूर प्यार और सहयोग मिलता है। इस बार उन्हें पूरी उम्मीद है कि उन्हें लोगों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

वहीं, विकास नगर के विधायक और वरिष्ठ नेता मुन्ना चौहान ने ठाकुर रघुवीर सिंह और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी विभिन्न प्रकार से राम भक्त अपनी आस्था व्यक्त कर रहे हैं। वही, हिमाचल प्रदेश के कलाकार ठाकुर रघुवीर सिंह ने भी इसमें अपना योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि ठाकुर रघुवीर सिंह बेहतरीन आवाज के धनी हैं और उत्तराखंड में भी लोग उन्हें काफी पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग उनके इस भजन को सुनें और अपना प्यार दिखाएं। इस दौरान ठाकुर रघुवीर के सहयोगी और शुभचिंतक ठाकुर नरेंद्र ठंडू और कर्म सिंह मौजूद रहे, जिन्होंने उन्हें शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में स्टेट ड्रग कंट्रोलर का पद 17 दिन से खाली होने से फार्मा इंडस्ट्री के रुके काम

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल दवा नियंत्रण विभाग पिछले 17 दिनों से बिना ड्रग कंट्रोलर के चल रहा है। हिमाचल दवा निर्माता संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर ड्रग कंट्रोलर की तैनाती करने की मांग उठाई है, ताकि फार्मा इंडस्ट्री का काम प्रभावित न हो।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि 30 दिसंबर को ड्रग कंट्रोलर के रिटायर्ड होने के बाद लगभग 17 दिन हो गए हैं, परंतु किसी को चार्ज नहीं देने के कारण दवा इंडस्ट्री के महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे है। इसमें डब्ल्यूएचओ सर्टिफिकेट इंस्पेक्शन, एक्सपोर्ट के सर्टिफिकेट, दूसरे राज्यों व विदेशों के पत्राचार, ड्रग अप्रूवल लाइसेंसिंग अथॉरिटी के कार्य, टेंडर दस्तावेजों का सत्यापन समेत कई कार्य प्रभावित चल रहे हैं। गौरतलब रहे कि बीते 30 दिसंबर को स्टेट ड्रग कंट्रोलर नवनीत मारवाह सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जिसके बाद से अभी तक सरकार द्वारा न तो किसी अन्य अधिकारी को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है जबकि सरकार पद पर नई नियुक्ति भी नहीं कर रही है।

**अभी तक सरकार ने न अतिरिक्त चार्ज सौंपा, न ही की नई नियुक्ति : एसोसिएशन**

### फार्मा इंडस्ट्री के काम हो रहे प्रभावित : संजय शर्मा



**हिमाचल** दवा निर्माता संघ मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि ड्रग कंट्रोलर का चार्ज देने के लिए मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, चीफ सेक्रेटरी और हेल्थ सेक्रेटरी के समक्ष मांग उठाई है ताकि जल्द से जल्द इस समस्या का निवारण किया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से ड्रग कंट्रोलर न होने से इंडस्ट्री को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रग कंट्रोलर का कार्यभार और पद पर नियुक्ति तुरंत प्रभाव से लागू की जाए ताकि इंडस्ट्री के पिछले 17 दिनों से रुके कार्यों का अगले चार से पांच दिनों में नीति निस्तारण हो सके।

## पर्यटन निगम के होटलों में 20 से 40 फीसदी डिस्काउंट

### पर्यटकों को रिझाने के लिए निजी होटल कारोबारियों ने भी कमरे के भाड़े में की कटौती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम राज्य में पर्यटकों की आमद बढ़ाने के लिए कई तरह के प्रयास कर रहा है। सर्द मौसम में पर्यटकों को शिमला सहित अन्य क्षेत्रों में लाने के लिए पर्यटकों को डिस्काउंट ऑफर जारी किया जा रहा है। निगम द्वारा पर्यटकों के लिए अपने होटलों के कमरों की बुकिंग पर 20 से 40 फीसदी तक डिस्काउंट का ऐलान किया है।

पर्यटकों को रिझाने के लिए प्राइवेट होटेलियर भी रूम की बुकिंग पर 30 से 50 फीसदी तक छूट का ऑफर दे रहे हैं। पहाड़ों पर पहुंचकर देशभर के पर्यटक इसका फायदा उठा सकते हैं। प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर बर्फ नहीं गिरने से होटलों में अब 20 से 25 प्रतिशत तक की ऑक्यूपेंसी रह गई


शिमला में बहुत कम पर्यटक ही घूमने को पहुंच रहे हैंद्ध

है। वीकेंड पर बुकिंग कुछ लोकेशन पर 30 से 35 फीसदी तक हो जाती है। प्रदेश के पर्यटन कारोबारी और पर्यटक बर्फ का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मौसम की बेरुखी कारोबारियों पर भारी पड़ रही है।

**बंपर छूट का फायदा उठा सकते हैं पर्यटक :** इस तरह प्राइवेट होटलों में 50 प्रतिशत डिस्काउंट के हिसाब से पांच हजार रुपए का कमरा 2500 रुपए रोजाना और 60 फीसदी डिस्काउंट के हिसाब से दो हजार रुपए में भी मिल रहा है। इस बंपर छूट का पर्यटक फायदा उठा सकते हैं, खासकर जब मैदानी इलाकों में कोहरे के कारण सुबह शाम कड़ाके की सर्दी पड़ रही है, ऐसे में पर्यटक पहाड़ों पर सुहावने मौसम का आनंद उठा सकते हैं।

राजीव कुमार ने बताया कि बर्फ नहीं गिरने के कारण विंटर सीजन में कम पर्यटक पहाड़ों पर आ रहे हैं। मैदानी इलाकों में इन दिनों पहाड़ों से ज्यादा ठंड है। बेशक पहाड़ों पर बर्फ नहीं है लेकिन यहां का मौसम सुहावना है। ऐसे में पर्यटक कोहरे से बचने के लिए शिमला, मनाली, कसौली, डलहौजी सहित अन्य पर्यटन स्थलों का रुख कर सकते हैं।

### निजी होटलों में भी भारी डिस्काउंट

निगम और प्राइवेट होटेलियर द्वारा डिस्काउंट ऑफर करने के बाद लगभग आधे रेट पर कमरे मिल रहे हैं। निगम के होटलों में मिनिमम 20 फीसदी और अधिकतम 40 प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जा रहा है। 40 प्रतिशत डिस्काउंट वाले होटलों में दो हजार रुपए का कमरा अब 1200 रुपए में मिलेगा। इसी तरह पांच हजार रुपए के कमरे के लिए तीन हजार रुपए देने पड़ेंगे।

### वेबसाइट से करें ऑनलाइन बुकिंग

प्रदेश में अलग-अलग लोकेशन पर लगभग 53 होटल चल रहे हैं। इनकी ऑनलाइन बुकिंग की वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है। साइट पर डिस्काउंट और निगम के होटलों की पूरी जानकारी दी गई है। इसके अलावा होटलों में पहुंचकर भी टूरिस्ट बुकिंग कर सकते हैं।

प्रदेश में मंदे टूरिस्ट सीजन की मार झेल रहे प्राइवेट होटेलियर ने भी डिस्काउंट का ऐलान किया है। कई जगह यह छूट 50 फीसदी से भी ज्यादा दी जा रही है। मनाली होटल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनूप ठाकुर ने बताया कि कुछ होटेलियर 70 प्रतिशत तक भी डिस्काउंट दे रहे हैं।

**परेशानी** सोलन व शिमला की दौड़ लगाने को मजबूर हो रहे मरीज व तीमारदार, लग रहे ज्यादा पैसे

## सीएच अर्की में मशीन नहीं, मरीज करा रहे निजी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड

**अनंत ज्ञान, अर्की**

नागरिक अस्पताल अर्की में रेडियोलॉजिस्ट व रंगीन अल्ट्रासाउंड मशीन की कमी के कारण अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए मरीजों व उनके तीमारदारों सोलन व शिमला निजी क्लीनिकों में जाकर समय और धन दोनों की भारी हानि उठानी पड़ रही है।

ज्ञात रहे कि अर्की अस्पताल में अर्की के दूरदराज व दुर्गम क्षेत्रों से लोग आते हैं। यहां कई ऐसे इलाके भी हैं, जहां से मात्र एक या दो बसें ही अर्की तक आती हैं, लेकिन अर्की पहुंच कर जब उन्हें पता चलता है कि यहां अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाएगा तो वह मायूस होकर सोलन या शिमला का रुख करते हैं। यहां गायनी की ओपीडी ही लगभग 60 से 70 तक होती है।

हालांकि अर्की अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध है, लेकिन वह ब्लैक एंड व्हाइट है और वह भी सील्ड है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार अर्की में रंगीन अल्ट्रासाउंड मशीन दे व साथ ही रेडियोलॉजिस्ट का पद भी सृजित कर उसकी जल्द नियुक्त करे।

लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल व सीपीएस व विधायक अर्की संजय अवस्थी से आग्रह किया है कि अर्की अस्पताल में शीघ्र रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की जाए, ताकि लोगों को यहां घर-द्वार पर ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिल सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. राजन उप्पल ने बताया कि अर्की में अल्ट्रासाउंड मशीन रेडियोलॉजिस्ट न होने के चलते नहीं खोली गई है। सील खोलने के बारे में बीएमओ अर्की से बात की जाएगी।



सिविल हॉस्पिटल अर्की जहां पर लोगों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा न मिलने से परेशान होना पड़ रहा है।

## पीली पड़ने लगी जिले में गेहूं की फसल

**नाहन।** सिरमौर जिले में लंबे समय से चल रहे ड्राई स्पैल के बीच जिला की प्रमुख उगाई जाने वाली फसल गेहूं पीली पड़ गई है। वहीं, जारी मौसम के रुख से आगामी समय में गेहूं के पीले रतुआ की चपेट में आने की संभावनाएं भी प्रबल हो गई हैं। कृषि विषेशज्ञों की मानें तो गेहूं की फसल की बिजाई नवंबर व दिसंबर के बीच हो चुकी है। जिला सिरमौर में 96 प्रतिशत बारिश कम हुई है, जिस कारण जिला में गेंहू की फसल पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। गेहूं में पीलापन आ चुका है जिससे पीला रतुआ के भी चांस बढ़ रहे हैं।

उधर, कृषि विज्ञान केंद्र धौलाकुआं की कृषि विषय की जानकार डॉ. शिवानी चांद ने बताया कि दिसंबर माह में गेहूं की बिजाई के बाद ड्राई स्पैल रहने से गेहूं में पीलापन आ चुका है।

## क्रस्ना का काम नहीं संतोषजनक, हमारे पास उससे भी अच्छी लैब : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल क्रस्ना लैब बंद करने की चेतावनी को लेकर पूरी तरह से निश्चिंत है। उन्होंने कहा है कि क्रस्ना लैब का कामकाज पहले भी इतना संतोषजनक नहीं था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वह व्यस्त होने के कारण इस मामले को देख नहीं सके हैं, लेकिन शिमला जाकर वे पूरे प्रकरण को समझ कर क्रस्ना लैब की देनदारी चुकता अवश्य कराएंगे।



उन्होंने कहा कि यदि क्रस्ना लैब अपना काम बंद करना चाहती है, तो वह कर सकती है। फिलहाल प्रदेश सरकार के पास अपनी बेहतरीन लैब है, जिसमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा सकती है।

क्रस्ना लैब को देनदारियों के मामले पर तो निश्चिंत हो जाना चाहिए, उनकी जितनी देनदारी है, उसे प्रदेश सरकार चुकता करेगी। आगे वे काम करना चाहते हैं तो अवश्य करें। वैसे उनकी लैब सुविधा के बंद होने से हिमाचल में कम से कम स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास किसी भी प्रकार के टेस्टिंग लैब को कम से कम कोई दिक्कत नहीं है। देनदारी के मामले को लेकर अचानक काम बंद कर देना उचित नहीं है और यदि उन्हें ऐसा ठीक लगता है तो कर सकते हैं।

क्रस्ना लैब काम नहीं करना चाहती है तो पहले सरकार को सही माध्यम से सूचना दे और अपनी देनदारी क्लीयर करने की बात करे, तब अगली कार्रवाई की जाएगी। विदित रहे कि क्रस्ना लैब हिमाचल के 815 चिकित्सालयों में टेस्टिंग सुविधा मुहैया करा रही है। कंपनी अब सरकार पर 40 करोड़ रुपए की देनदारी बकाया होने की बात कर रही है। लैब प्रबंधन की ओर से देनदारी क्लीयर न होने पर काम बंद करने की धमकी दी गई है। मंत्री शांडिल ने कहा कि सरकार के पास बहुत सारे विकल्प हैं।

# सुरक्षा नियमों को दरकिनार कर डाली हैवी ब्लास्टिंग

## न प्रशासनिक अधिकारियों, न लोक निर्माण विभाग और न ही पुलिस को थी जानकारी

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा-साहो मार्ग पर सड़क चौड़ा करने के काम के दौरान की गई हैवी ब्लास्टिंग का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर की गई ब्लास्टिंग के कारण रिहायशी क्षेत्र पक्काटाला स्कूल के बाहर खेल रहे एक किशोर के गंभीर रूप से घायल होने के बाद जिला प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर संबंधी लोक निर्माण विभाग चंबा सहित पुलिस विभाग भी हरकत में आ गया है। जिससे आगामी दिनों में ठेकेदार पर कानूनी व विभागीय गाज गिर सकती है।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जहां जांच आरंभ कर दी है, वहीं प्रशासनिक आदेशों के बाद लोक निर्माण विभाग चंबा ने सहायक अभियंता की निगरानी में एक जांच कमेटी गठित की है। गौर हो कि चंबा-साहो मार्ग पर सड़क चौड़ा करने के कार्य के दौरान जब ब्लास्टिंग की गई तब किसी प्रकार के सुरक्षा नियमों को ध्यान में नहीं रखा गया।

कार्य स्थल के ठीक विपरीत दिशा में पक्काटाला मोहल्ला स्थित है। जबकि सबसे अहम बात यह है कि ब्लास्टिंग स्थल के ठीक सामने स्कूल भी है। यह तो गनीमत रही कि ब्लास्टिंग से कुछ देर पूर्व ही स्कूल में छुट्टी हो गई थी।

जबकि स्कूल के समक्ष गिने-चुने बच्चे ही खेल रहे थे। जिनमें ब्लास्टिंग में घायल हुआ आशीष पाल किशोर एक है। जिसके मेडिकल परीक्षण में उसे गहरी चोट लगने का भी खुलासा हुआ है। पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में घायल किशोर आशीष पाल प्राथमिक उपचार के पश्चात 24 घंटे निगरानी के तौर पर जहां गत रोज भर्ती किया गया, वहीं बुधवार को घायल किशोर आशीष पाल के सिटी स्कैन व अन्य मेडिकल परीक्षण से ज्ञात हुआ कि किशोर के बाएं कान की हड्डी टूटी है। जिसका उपचार चंबा में संभव न होने के कारण उसे छुट्टी देकर आगामी उपचार चंबा से बाहर करवाने का चिकित्सकों ने परामर्श दिया है।

घायल हुए आशीष पाल के पिता आकाश पाल का कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा उन्हें व उनके मासूम को झेलना पड़ रहा है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच तो आरंभ की है लेकिन चिकित्सालय में उपचाराधीन उनके घायज बेटे का सिटी स्कैन किया गया। जिसमें यह रिपोर्ट आई है कि चोट स्थल के साथ कान की हड्डी टूटी है। इसके बावजूद चिकित्सक ने उनके बेटे को रेफर करने की बजाय छुट्टी कर दी जो कि न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन व मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से इस दिशा में घायल बेटे के उचित उपचार की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)



ब्लास्टिंग के बाद चिकित्सालय में भर्ती घायल आशीष पाल।

### विशेषज्ञ नहीं लेबर के सहारे कर दी ब्लास्टिंग

सड़क कार्य संबंधी ठेकेदार द्वारा चंबा-साहो मार्ग पर ब्लास्टिंग करने से पूर्व न प्रशासनिक अधिकारियों, न लोक निर्माण विभाग और न ही पुलिस को कोई सूचना दी और न ही किसी प्रकार की स्वीकृति ली गई। ठेकेदार द्वारा करीब दो माह पूर्व विभाग से ही ब्लास्टिंग सामग्री का डेंट कटवा कर यह सामग्री हासिल की। ब्लास्टिंग करने के वक्त मौके पर ब्लास्टिंग विशेषज्ञ तक मौजूद नहीं रहा। जिसके चलते लेबर के सहारे किए ब्लास्टिंग का ऐसा घातक परिणाम सामने आया है। हालांकि पुलिस थाना सदर में ठेकेदार के खिलाफ घायल किशोर के परिजनों ने मामला दर्ज करवाया है। जिसके तहत पुलिस ने जांच आरंभ कर दी है।

### ठेकेदार को देने होंगे जवाब

चंबा-साहो मार्ग पर ब्लास्टिंग से घायल हुए किशोर की जांच में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस द्वारा ठेकेदार के पास मौजूद ब्लास्टिंग सामग्री व उससे संबंधी दस्तावेज तलब किए है। जिसमें कहां से कितनी ब्लास्टिंग सामग्री ठेकेदार ने जारी करवाई, उसका कहां और कितनी मात्रा में इस्तेमाल होना था, ब्लास्टिंग के लिए विशेषज्ञ साइट पर नियुक्त था या नहीं, कितनी ब्लास्टिंग सामग्री घटित हादसे स्थल पर इस्तेमाल में लाई गई व सुरक्षा नियमों को पुख्ता क्यों नहीं किया गया। ऐसे कई प्रश्नों की बौछार से आगामी जांच में ठेकेदार को गुजरना पड़ेगा। जिसमें संतोषजनक जवाब न मिलने पर ठेकेदार पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

चंबा-साहो मार्ग पर ब्लास्टिंग मामले के तहत सहायक अभियंता के नेतृत्व में एक विभागीय जांच कमेटी गठित की है। जिसमें जांच कमेटी द्वारा पूर्ण जांच कर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**- ई. राजीव शर्मा, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, चंबा।**

चंबा-साहो मार्ग पर ब्लास्टिंग मामले में पुलिस ने संबंधित ठेकेदार पर मामला दर्ज कर लिया है। जबकि ब्लास्टिंग के लिए इस्तेमाल में लाई सामग्री से लेकर अन्य सुरक्षा नियमों के तहत जांच की जा रही है। जिसमें दोषी पाए जाने पर ठेकेदार के विरूद्ध कानून के तहत उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**संजीव चौधरी, एसएचओ, पुलिस थाना सदर चंबा।**



चंबा-साहो मार्ग पर ब्लास्टिंग के कारण घायल हुए युवक मामले के तहत लोक निर्माण विभाग चंबा से जवाब तलब करने सहित तहसीलदार चंबा व पुलिस थाना सदर चंबा को उचित जांच करने के आदेश जारी कर दिए है।

**-अरुण शर्मा, एसडीएम, चंबा।**

## बेसहारा पशुओं से परेशान

**चंबा।** मुख्यालय में बेसहारा पशु राहगीरों के लिए परेशानी बने हुए है। आलम यह है कि शहर का कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां ये पशु न हो। हालांकि इस दिशा में जिला प्रशासन व संबंधित विभाग कई अधिकारिक बैठकों में बेसहारा पशुओं से मुख्यालय को राहत दिलावने की योजनाएं व घोषणाएं कर चुके है मगर परिस्थितियां जस की तस है। इसके चलते लोगों को इन पशुओं के आतंक को रोजाना झेलना पड़ रहा है। शहरवासियों ने कई बार उक्त समस्या से संबंधित विभाग के अधिकारियों से गुहार भी लगाई है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को इस समस्या से राहत नहीं मिल रही है। शहरवासियों में रोशन लाल, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमआर, सूरज, विनोद, संजय सिंह, भावना व अंजलि आदि का कहना है कि पिछले कुछ माह से इन पशुओं की संख्या कम होने के बजाए बढ़ती ही जा रही है। इन्होंने प्रशासन से निजात की मांग की है।

# 244 डिफाल्टर उपभोक्ताओं के काटे जाएंगे बिजली के कनेक्शन

## बिजली बिल का भुगतान न करने पर बोर्ड ने लिया कार्रवाई का फैसला

**अनंत ज्ञान, चंबा**

बिजली बोर्ड ने 244 डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए बिजली के कनेक्शन काटने के फरमान जारी कर दिए हैं। जिसके बाद चंबा सदर के विभिन्न क्षेत्रों के डिफाल्टर उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है।

गौर हो कि बोर्ड उपमंडल दो के अधीन कई क्षेत्रों के सैकड़ों उपभोक्ताओं द्वारा एक लंबे अरसे से लाखों रुपए के बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा था। जिसके तहत बोर्ड द्वारा कई चेतावनी नोटिसों के माध्यम से उपभोक्ताओं को सूचित करने सहित बिल भुगतान करने तिथि तक जारी की गई, लेकिन हर नोटिस का न कोई जवाब आना और न ही बिजली बिल का भुगतान करने की सूरत में बोर्ड द्वारा 244 उपभोक्ताओं को जहां डिफाल्टर घोषित किया गया, वहीं डिफाल्टर उपभोक्ताओं के तत्काल प्रभाव से बिजली कनेक्शन काटने के फरमान जारी कर दिए गए। जिसमें दोबारा कनेक्शन लेने के लिए डिफाल्टर उपभोक्ता को 250 रुपए की अतिरक्त जुर्माना राशि का भुगतान करना पड़ेगा। यदि इस अवधि में भी डिफाल्टर उपभोक्ताओं द्वारा देय बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जाता है तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहते हैं बोर्ड के अधिकारी



ई. आर अजय कुमार सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चंबा दो का कहना है कि विद्युत उपमंडल चंबा दो के पांच क्षेत्रों के करीब 244 उपभोक्ताओं को बिजली बिल देय अवधि में भगुतान न करने की सूरत में डिफाल्टर पाया गया है। बिजली बिल भुगतान न करने की सूरत में बिजली कनेक्शन काटने के निर्देश जारी किए गए है। यदि इसके बावजूद उपभोक्ता भुगतान नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### किस-किस क्षेत्र में होगी कार्रवाई

विद्युत उपमंडल चंबा दो के अनुभाग खजियार में 49, चनेड़ में 41, सरोल में 94, मरेडी में 27 व साहो में 33 डिफाल्टर उपभोक्ताओं शामिल है।

# पांच दिन के भीतर फिर मिला नवजात का शव

## पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय परिसर में मिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा एक बार फिर से शर्मसार हुआ है। जिसका मुख्य कारण पांच दिनों के भीतर-भीतर एक और नवजात का शव मिलना है। इस बार यह नवजात पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा परिसर में मिला है। हालांकि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सदर दल ने मौके पर पहुंच नवजात के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय शवगृह भेज दिया है।

वहीं मामला दर्ज कर इस दिशा में तफ्तीश भी आरंभ कर दी है। गौर हो कि अभी पांच दिन पूर्व ही बालू नामक स्थान पर मिले नवजात के शव की गुत्थी सुलझ नहीं पाई है। वहीं एक ओर करीब सात माह के नवजात के शव का मिलना हैरानी की बात है या फिर चंबा में भ्रूण हत्या रोकथाम का जागरूकता अलख जगा ही नहीं है। जिसके चलते एक के बाद एक घटनाएं सामने आ रही हैं।

इससे पूर्व भी गत वर्षों चंबा चिकित्सालय सहित अन्य कई स्थानों पर इस तरह नवजात मिलने के मामले प्रकाश में आ चुके है। जिसकी जांच के परिणामों में कोई ठोस वजह या सबूत अभाव होने के चलते वे मामले दब कर रह गए। वहीं ताजा प्रकरणों में बालू पुल व अब पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा परिसर में करीब सात माह के नवजात का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई है। वहीं इन मामलों को लेकर बाजार भी चर्चाओं से गर्म है। वहीं पुलिस ने



नवजात का शव मिलने के स्थान पर जांच करते पुलिस कर्मचारी।

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए लिया कब्जे में

इस दिशा में कार्रवाई करते हुए पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा परिसर स्टाफ व लोगों से पूछताछ आरंभ कर दी है। जबकि पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालने का प्रयास किया जा रहा है ताकि यह ज्ञात हो सके कि नवजात को कौन छोड़ कर गया। उधर मामले की पुष्टि करते हुए संजीव चौधरी एसएचओ पुलिस थाना सदर चंबा ने बताया कि पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा परिसर में मिले नवजात का शव कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। चिकित्सालय शवगृह में रखा है। जबकि इस दिशा में पुलिस ने तफ्तीश आरंभ कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### बादल छाने से किसान हुए खुश

**भरमौर।** भरमौर व आसपास के क्षेत्रों में बुधवार देर शाम बाद एकाएक बादल छाने के कारण लोगों ने राहत की सांस ली है। देर शाम बाद भरमौर में हल्की-हल्की सी बारिश और आसमान में बादल आने के कारण किसानों व बागवानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। गौरतलब है पिछले कई महीनों से यहां पर बारिश न होने के कारण पानी के प्राकृतिक स्रोत सूखने लगे हैं तो वहीं पर बागवानों के सेब के पौधे भी सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। जमीन में पानी का स्तर बहुत ही कम हो गया है तो वहीं पर किसानों की फसल भी खेतों में ही सूख गई है। बुधवार देर शाम छह बजे के बाद एकाएक मौसम के खराब हो जाने के बाद लोगों को फिर से बारिश व बर्फबारी की उम्मीद जगी है। हालांकि यहां के लोग बारिश के लिए देवी-देवताओं की शरण में भी जाने लगे हैं। बता दें कि यहां सितंबर महीने के बाद खुलकर बारिश नहीं हुई है। जिसके कारण जमीन में पानी का स्तर बहुत ही कम हो गया है तो वहीं पर सूखे की स्थिति होने के कारण भरमौर के जंगल भी चारों ओर जलकर राख हो गए हैं। लिहाजा एकाएक मौसम के खराब होने के बाद लोगों को उम्मीद जगी है की अब बारिश व बर्फबारी का दौर जारी होगा।

### डलहौजी अस्पताल में रक्तदान शिविर 22 को

**डलहौजी।** सिविल हॉस्पिटल डलहौजी में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर फाउंडेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन एवं प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें की होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन डलहौजी एवं प्रेरणा द इंस्पिरेशन के सदस्यों द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों से अपील है कि 22 जनवरी के दिन अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में डलहौजी सिविल अस्पताल पहुंचकर रक्तदान कर इस शुभ दिन को यादगार बनाएं ताकि आज के दिन किया गया रक्तदान किसी की बहुमूल्य जिंदगी बचाने में मददगार सिद्ध हो। रक्तदान एक महादान है इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर इस शुभ दिन को यादगार बनाएं। अधिक जानकारी के लिए फेडरेशन आफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन डलहौजी एवं प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा से संपर्क कर सकते हैं।




### गेस्ट टीचर भर्ती नीति पर सरकार करे विचार

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला चंबा ने सरकार द्वारा प्रस्तावित व मंत्रिमंडल से पारित गेस्ट टीचर भर्ती नीति के स्थान पर स्थायी रूप से लोक सेवा आयोग व राज्य चयन आयोग के माध्यम से अध्यापक भर्ती करने की मांग की है। संघ का तर्क है कि इस तरह अस्थायी रूप से की जाने वाली भर्तियों से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी तथा शिक्षित व बेरोजगार युवा पीढ़ी की प्रतिभा से भी सरासर अन्याय होगा। इस संदर्भ में प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिलाध्यक्ष चंबा दीप सिंह खन्ना ने बताया कि पूर्व में सरकारों की इस तरह भर्ती नीतियों से विभिन्न समय पर शिक्षित युवाओं का 10 से 12 वर्षों तक शोषण व हितों के साथ कुठाराघात हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी संवैधानिक इकाई के माध्यम से ही नियुक्तियां करें ताकि शिक्षित और सालों से तैयारी कर रहे बेरोजगार युवाओं से न्याय हो सके। इसके तहत संघ महासचिव राजेश ठाकुर, वरिष्ठ राज्य उपाध्यक्ष राजेश शर्मा , संचालन समिति के चैयरमैन शौकत अली जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश बसंत, जिला संचालन समिति के मुख्य सलाहकार सूरज बली, मुख्य प्रेस सचिव जगजीत जरियाल, वित्त सचिव संजीव ठाकुर, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राजदीन, बालक राम शर्मा, राजीव सिंह, प्रताप नेगी, संजय शर्मा ,ओम प्रकाश शर्मा, भुवनेश्वर सुनील मांडला, जिला कार्यकारिणी के सदस्य आशीष ठाकुर ,हरविंद्र सिंह, राजकुमार, हेमराज खन्ना, धीरज कुमार, लेखराज, संजय, संजीव ठाकुर, संघ के अन्य पदाधिकारियों ने सरकार से प्रस्तावित भर्ती नीति पर पुन विचार करने की पुरजोर मांग की है।

# जल्द हो होली-उतराला सड़क का निर्माण

## संघर्ष समिति ने विधायक डॉ. जनक राज को ज्ञापन सौंप उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

होली-उतराला सड़क संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल भरमौर पांगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज के साथ अपनी मांग को लेकर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने होली-उतराला सड़क को लेकर जल्द से जल्द काम शुरू करने की गुहार लगाई। इस मौके पर संघर्ष समिति ने विधायक से इस सड़क को प्रमुखता से निर्माण करवाने का आग्रह किया और इसके लिए उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर विधायक डॉक्टर जनक राज ने उनकी मांग को पूरा करवाने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा है कि यह सड़क समूचे विधानसभा क्षेत्र भरमौर के लिए मील का पत्थर साबित होगी और क्षेत्र के विकास में चार चांद लगाएगी। गौरतलब है कि पिछले कई दशकों से इस सड़क निर्माण के लिए लोग इंतजार कर रहे हैं। इस सड़क निर्माण के दौरान चंबा कांगड़ा की दूरी अढ़ाई सौ किलोमीटर कम हो जाएगी। बता दें तहसील होली के अधिकतर लोग जिला कांगड़ा के पालमपुर, बैजनाथ आदि जगहों पर रहते हैं। लिहाजा इस सड़क निर्माण होने के बाद यहां के लोग चंद घंटे में ही कांगड़ा से चंबा की दूरी को तय कर लेंगे। इस मौके पर विधायक डॉक्टर जनकराज ने संघर्ष समिति को आश्वासन देते हुए कहा है कि वह इस सड़क को लेकर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के साथ प्रमुखता से इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा है कि पिछली भाजपा सरकार के दौरान ही इस सड़क निर्माण के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस व बजट का प्रावधान हुआ है और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही इस सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष गगन ठाकुर, महासचिव सुनील ठाकुर, उपाध्यक्ष सन्नी राणा, सचिव कमलेश ठाकुर,सतीश ठाकुर, प्रवक्ता देव राज कपूर, प्रकाश ठाकुर एवं अन्य समिति सदस्य मौजूद रहे।



विधायक डॉ. जनक राज को ज्ञापन सौंपते संघर्ष समिति के सदस्य।

## रघुनाथ मंदिर डलहौजी में 22 को लगेगा लंगर

**डलहौजी।** अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा दिवस के पावन पर्व पर श्री रघुनाथ मंदिर गांधी चौक डलहौजी में 22 जनवरी को प्रात: दस बजे प्रभु के पूजन के उपरांत साढ़े दस बजे से सुंदर कांड पाठ किया जाएगा। इसके बाद विश्व शांति के लिए हवन यज्ञ और ध्वजारोहण किया जाएगा बाद दोपहर एक बजे से अयोध्या रामलला स्थापना पर्व के उपलक्ष्य पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री रघुनाथ मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुभाष चौहान, महासचिव वीरेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष नितिन रल्हन, सह संयोजक रंजीत चौहान, भान सिंह चौहान, पंडित सुनील शास्त्री एवं समस्त कमेटी सदस्यों द्वारा समस्त डलहौजी वासियों से निवेदन है कि इस ऐतिहासिक महत्व के पर्व पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य और दिव्य बनाने में सहयोग करें।

# गरनोटा में 20 जनवरी को होगा 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रदेश सरकार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आरंभ करने जा रही है । 20 जनवरी को चंबा जिला के भटियात विधानसभा सभा क्षेत्र के गरनोटा में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने बताया कि भटियात विस क्षेत्र के बाद जिला के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी अलग-अलग दिन यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



विधानसभा अध्यक्ष 21 जनवरी को चंबा के हरिपुर में, 22 को भरमौर हेलिपैड में, 23 को भंजराडू में, 24 को सलूणी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इन कार्यक्रमों में स्थानीय विधायक,पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और आम लोगों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि जनसमस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जा सके। उपायुक्त ने जिला स्तर के सभी कार्यालय प्रमुखों को इन कार्यक्रमों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल लगाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा शिविर आयोजित करेंगे जिनमें मरीजों के निशुल्क टेस्ट होंगे तथा उन्हें दवाइयां भी वितरित की जाएगी। इस दौरान निर्वाचन विभाग द्वारा नए मतदाताओं का पंजीकरण, आधार अपग्रेडेशन, सामान्य सेवा केंद्र व ग्रामीण विभाग संबंधित सेवाओं के लिए स्टॉल स्थापित करेंगे।

# डलहौजी, खैरी एवं चुवाड़ी के थाना प्रभारियों के नंबर बंद

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पुलिस थाना डलहौजी खैरी एवं थाना चुवाड़ी के थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों के सरकारी मोबाइल नंबर बिल न भरने से बंद पड़े हैं। बता दें कि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर का सरकारी मोबाइल नंबर भी बिल न भरने की वजह से सेवा में नहीं है।

बताते चलें की पिछले महीने भी जिला चंबा पुलिस अधीक्षक सहित जिला के तमाम डीएसपी थाना प्रभारियों चौकी प्रभारियों के सरकारी मोबाइल नंबर बिल न भरने से बंद पड़े थे बाद में बिल की अदायगी पर नंबर चल पड़े थे किंतु वर्ष के शुरुआत होते ही जिला पुलिस प्रशासन के तमाम सरकारी मोबाइल नंबर एक बार फिर से सेवा से बाहर हो गए हैं जो की एक हैरानी का विषय है। पुलिस प्रशासन के इन नंबरों के बंद होने से लोगों को आपातकालीन स्थिति में अपराधिक या ऐसी कोई गैर कानूनी स्थिति को पुलिस तक पहुंचने में अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला के कई पुलिस थानों के लैंडलाइन नंबर भी सेवा में उपलब्ध नहीं है।



डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सरकारी नंबरों का चलना न चलना शिमला से तय होता है अगर वहां से रिचार्ज बिलों की अदायगी हो जाती है तो फोन चल पड़ते हैं। यदि किसी कारणवश नहीं होती तो फोन बंद हो जाते हैं। विभाग द्वारा सरकारी मोबाइलों के बंद होने की सूचना शिमला दे दी गई है और जल्द ही पुलिस विभाग चंबा के बंद पड़े मोबाइल जल्दी सुचारू रूप से सेवा में होंगे। (अनंत ज्ञान)

**बैठक** | भुरु नाग देवता कमेटी लगाएगी एलईडी, बैठक के दौरान लिया फैसला

# बनीखेत में दिखाएंगे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

22 जनवरी को प्रभु श्री राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा दिवस के पावन अवसर के चलते भुरु नाग देवता मंदिर के साथ लगते पद्दर मैदान बनीखेत में भुरु नाग देवता मंदिर कमेटी की एक बैठक का आयोजन किया गया ।

इस बैठक के दौरान 21 जनवरी को गुरु नाग देवता मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई व्यवस्था को अंजाम दिया जाएगा तथा 22 जनवरी सुबह से ही गुरु नाग देवता मंदिर में विधिवत्त पूजा-अर्चना के साथ हवन किया जाएगा तथा पूर्णाहुति के पश्चात सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं प्रभु श्रीराम भजनों से माहौल को भक्तिमय किया जाएगा साथ ही प्रांगण के एक तरफ बड़ी एलईडी के माध्यम से अयोध्या से भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी लोगों को दिखाया जाएगा। इसके साथ-साथ बनीखेत में आए हुए भक्तों को लंगर के रूप में प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस आयोजन में बनीखेत भुरु नाग देवता मंदिर कमेटी के समस्त सदस्य, आरएसएस के समस्त सदस्य, कई भाजपा कार्यकर्ता, गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस बैठक में आए हुए समस्त लोगों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस के पावन एवं मनोरम पर्व पर भुरु नाग देवता मंदिर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करें।



पद्दर मैदान बनीखेत में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद भुरु नाग देवता मंदिर कमेटी के सदस्य।

## कुल्लू में धूमधाम से मनाया गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाशोत्सव

# सवा लाख से एक लड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू के अखाड़ा बाजार में स्थित गुरुद्वारा साहिब सिंह सभा कुल्लू में बड़ी ही धूमधाम ओर सौहार्द के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी प्रकाश पर्व मनाया गया। बुधवार को सुबह के 10.30 बजे से गुरुद्वारा साहिब में प्रकाश पर्व का कार्यक्रम सहज पाठ के साथ शुरू किया गया। इसके बाद जैसे ही संगतों ने गुरुद्वारा साहिब में अपनी हजारी दी तो वैसे ही सभी संगतों ने मंडी से आए विख्यात रागी जत्थे के कीर्तन विचार सुनकर खुद को निहाल किया। इसके बाद कीर्तन जत्थे ने शबद और कीर्तन विचार का दौर दोपहर के तीन बजे तक चलता रहा।

इस दौरान गुरुद्वारा साहिब कुल्लू कमेटी के उपप्रधान अमरप्रीत सिंह ने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कुछ चुने हुए लम्हों को साझा किया। सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर 1666 को बिहार के पटना में हुआ था। गुरु गोबिंद सिंह जी के पिता का नाम गुरु तेग बहादुर था और उनकी माता का नाम गुजरी था। गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में बैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु गोबिंद सिंह एक महान योद्धा होने के साथ-साथ एक कवि, एक भक्त और एक आध्यात्मिक गुरु भी थे। गुरु गोबिंद सिंह ने ही सिखों के सबसे पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब को पूरा किया और उन्होंने इस पवित्र ग्रंथ को गुरु रूप में सुशोभित किया था।

बुधवार को गुरुद्वारा साहिब सिंह सभा कुल्लू कमेटी के प्रधान महेंद्र सिंह चावला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है और इस पावन अवसर पर मंडी से विशेष तौर पर पुखराज सिंह अपने रागी साहिबान के साथ उपस्थित होकर सभी संगतों को अपने कीर्तन विचार से निहाल कर रहे हैं और साथ में सभी संगतों के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई है। गुरुद्वारा साहिब सिंह सभा कुल्लू में सैकड़ों संगतों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर के कीर्तन विचार का आनंद लिया। (अनंत ज्ञान)





अखाड़ा बाजार में स्थित गुरुद्वारा साहिब सिंह तथा (नीचे) कीर्तन करता रागी जत्था।

### भुंतर में प्रकाशोत्सव पर भजन-कीर्तन से संगत को किया निहाल



भुंतर में गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन करते रागी।

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

सिखों के 10वें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाशोत्सव श्री गुरुद्वारा सिंह भुंतर में धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सतविंद्र सिंह लाडी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाशोत्सव उल्लास से मनाया गया। गदोरी साहिब के बाबा दयानंद व पाठियों ने भजन-कीर्तन से संगत को निहाल किया।

गुरु गोबिंद सिंह जी के 357वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में संगत को जलेबी व मिठाइयों का प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारा साहिब भुंतर में भजन-कीर्तन के उपरांत संगत ने लंगर भी छका। सिख धर्म में गुरु गोबिंद सिंह का महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिख धर्म के लिए कई नियम बनाए, जिसका पालन आज भी किया जाता है। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को गुरु के रूप में स्थापित किया किया और सामाजिक समानता का पुरजोर समर्थन किया।

स्मरण रहे तख्त श्री हरिमंदिर जी विश्व में सिखों का दूसरा बड़ा तख्त है। यह दसवें गुरुगोबिंद सिंह जी की जन्मस्थली है। सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं गुरु गोबिंद सिंह का यह वाक्य सैकड़ों साल बाद आज भी हमें अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत देते हैं। हिमाचल से भी गुरु गोबिंद सिंह जी का किस्सा जुड़ा है वह अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे। एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। तभी से इस जगह को पवित्र माना जाने लगा जिसे आज पावंटा साहिब के नाम से जाना जाता है।

गुरु गोबिंद सिंह जी ने यहां अपने जीवन के चार साल बिताए और इसी जगह पर दशम ग्रंथ की रचना की। यहां उनके हथियार और कलम भी रखी हुई। जिला कुल्लू के भुंतर में गुरु पर्व की खूब धूम रही।

## प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्र के प्रति संवेदनशील : विनय





स्पीति के ताबो में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार जनसमस्याओं का निपटारा करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत बुधवार को स्पीति खंड के ताबो गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में 11 शिकायतें आई जिनका मौके पर ही निपटारा गया, जबकि 27 मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही आठ इंतकाल मौके पर निपटाए गए।

इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में रखी गई सभी शिकायतों को निपटारा मौके पर किया गया। इसके साथ ही जिन मुद्दों का समाधान सरकार के स्तर पर होना है, उन सभी मुद्दों पर रिपोर्ट बनाकर सरकार समक्ष रखेंगे, ताकि आने वाले समय में सभी मुद्दों का समाधान हो सके।

उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर 2022 को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का गठन किया। एक साल में हमारी सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किए है। प्रदेश में ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल करके एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को भविष्य सुरक्षित किया है। प्रदेश में 5291 शिक्षकों के पदों की भर्ती बैच बाइज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके अलावा भी अन्य कई कार्य किए हैं।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को घर द्वार पर जाकर जागरूक करना है और लोगों की समस्याओं को मौके पर ही निपटारा करना है। यहां पर आज भी कई मूलभूत सुविधाओं की कमी है। प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्र के प्रति संवेदनशील है।

इस अवसर पर एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह नेगी, नायब तहसीलदार प्रेम सिंह, सभी विभागाध्यक्ष, टीएसी सदस्य केंसग रापचिक, वीरभगत, पूर्व जिला परिषद सदस्य पूनम, ग्राम पंचायत प्रधान काजा सोनम, यश बौद्ध , छेवांग सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

## जाहलमा में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम 27 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम ग्राम पंचायत जाहलमा में 27 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राजस्व उद्यान एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहेंगे।

**जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे**

उन्होंने कहा कि जाहलमा के आसपास ग्राम पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना जाएगा और मौके पर ही उनका समाधान किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में जिला स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ उपमंडल उदयपुर के अधिकारी भी मौके पर लोगों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शिनियां भी लगाई जाएंगी।

उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से भी संवाद किया जाएगा, साथ ही विशेष ग्राम सभा तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग, परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास सोनू गोयल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोशन, उपनिदेशक शिक्षा सतीश कोरा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रोहतांग की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी शुरू

**अनंत ज्ञान, रोहतांग**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रे सहित सभी ऊंची चोटियों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। लाहौल घाटी सहित पर्यटन नगरी मनाली में भी बुधवार को दिन भर बादल छाए रहे। ऊंची चोटियों में बर्फबारी शुरू होने से अब लाहौल व कुल्लू जिला में भी बर्फबारी की उम्मीद बढ़ गई है। मनाली-लेह मार्ग के सभी दर्रों में बर्फ की सफेद परत बिछ गई है। हालांकि सभी मार्ग सर्दियों के चलते वाहनों के लिए बंद हैं लेकिन बर्फ की परत से सभी दर्रे निखर उठे हैं। रोहतांग सहित शिंकुला, बारालाचा, लाचुंग ला व तंगलाग ला में हिमपात हो रहा है। दूसरी ओर जंस्कार को लाहौल से जोड़ने वाले शिंकुला दर्रे में भी बर्फबारी हो रही है। तीन महीने से मनाली व लाहौल घाटी सूखे का सामना कर रही है। मौसम की बेरुखी से किसान बागवान सभी निराश हैं, लेकिन घाटी में छाए बादलों से सभी को हिमपात होने की उम्मीद है।



बर्फ में स्केटिंग का मजा लेते पर्यटक।

### गणतंत्र दिवस में मार्चपास्ट और रंगारंग कार्यक्रम होंगे मुख्य आकर्षण

## केलांग में मंत्री जगत सिंह नेगी फहराएंगे तिरंगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला स्तरीय 75वां गणतंत्र दिवस लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग के पुलिस मैदान में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त राहुल कुमार ने गणतंत्र दिवस के प्रबंधों को लेकर जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उपायुक्त ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर राजस्व एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत प्रकाश नेगी तिरंगा फहराएंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मार्च पास्ट में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी तथा एनएसएस की टुकड़ियों के साथ केंद्रीय विद्यालय केलांग के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।



बैठक में अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार।

### न्यूज ब्रीफ

#### 21 जनवरी तक चलेगा स्वच्छ तीर्थ अभियान



स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत सफाई करते पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर।

**मनाली।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की से पहले देश भर में चल रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने बुधवार को कार्यकर्ताओं के साथ धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया। इस सेवा कार्य मे युवा कार्यकर्ताओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूर्व मंत्री कार्यकर्ताओं के साथ गोंपा रोड स्थित बोध मंदिर के प्रांगण और गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान को अंजाम दिया। इस अवसर पर गोविंद ठाकुर ने कहा कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने वाला है। यह सब भारतीय के लिए हर्ष की बात है। राजनीति से ऊपर उठकर साधु संतों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छ तीर्थ अभियान चलाया गया है। 21 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में हर धर्म से जुड़े धार्मिक स्थलों की सफाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाशोत्सव भी है। उन्हें खुशी है कि वह इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में सेवा करने पहुंचे।

#### सुल्तानपुर उपडाकघर में सब पोस्ट मास्टर पर गबन का मामला

#### उपभोक्ताओं को लाखों का चूना, जांच शुरू

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू में डाकघर में लाखों रुपए का गबन हुआ है। मामला कुल्लू के सुल्तानपुर स्थित डाकघर का है जहां पर उच्च पद पर आसीन एक महिला ने गबन किया है। उधर, मामला सामने आने के बाद डाक विभाग ने महिला अधिकारी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। साथ ही विभाग ने गबन मामले में संलिप्त महिला कर्मचारी को इस डाकघर में सब पोस्ट मास्टर के पद से हटाकर मुख्य डाकघर में तैनात किया है। इसके अलावा विभाग की ओर से सुल्तानपुर उप-डाकघर के खाताधारकों से भी अपील की है कि अपनी पासबुक एक माह के अंदर उप-डाकघर में जांच करवा लें ताकि गबन मामले की जांच की जा सके। जानकारी है कि इस डाकघर में बचत खाता, सुकन्या योजना, आरडी सहित केंद्र सरकार की डाकघर के माध्यम से चलाई गई योजनाओं में यह गड़बड़ी हुई है। इस बात का खुलासा विभाग के उच्च अधिकारियों के सामने तब हुआ, जब सब-पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात महिला कर्मचारी ने दिनभर जमा होने वाली विभिन्न योजनाओं के धन को जमा करने के लिए जाली रिपोर्ट तैयार कर उसमें कम कैश हैंडओवर किया। ऐसे में जब महिला कर्मचारी की ओर से दिए धन को अधिकारियों की ओर से गिना जाने लगा तो धनराशि कम होने पर मामला सभी के सामने आ गया। उसके बाद जांच शुरू हुई तो पता चला कि इससे पहले भी कई खाताधारकों की राशि को गबन किया गया है। ऐसे में अब डाक विभाग की तरफ से खाताधारकों से इस ब्रांच में खोले गए खातों और योजनाओं की एक बार वेरिफिकेशन करने का आग्रह किया है ताकि इस बात का पता चल सके कि इस गड़बड़ी का शिकार कौन-कौन हुआ है और कितने लाख की गड़बड़ी हुई है। डाक विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिस ने गड़बड़ की है वह महिला इस ब्रांच में पिछले दो साल से कार्यरत थी। ऐसे में इस दौरान हुए लेन-देन की भी जांच की जा सकती है। उधर, इस मामले की जांच संबधी मुख्य डाकघर से मुख्य अधिकारी के साथ-साथ अन्य कर्मचारियों की टीम जांच करने के लिए सुलतानपुर स्थित डाकघर में पहुंची और जांच शुरू कर दी है। उधर, एएसपी मुख्य डाकघर ढालपुर कुल्लू मनोहर लाल ने कहा कि ब्रांच में लाखों की गड़बड़ी सामने आई है। जिसकी जांच शुरू कर दी है जांच के बाद यह पता चलेगा कि कुल कितने लाख की गड़बड़ी हुई है। सुलतानपुर डाकघर में तैनात सब पोस्ट मास्टर को मुख्य डाकघर में जांच पूरी होने तक तैनात कर दिया है।

#### रोशन व सुनील बने भुंतर सुधार समिति के उपाध्यक्ष

**भुंतर।** भुंतर सुधार समिति की बैठक पारला भुंतर में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सबसे पहले समिति के उपाध्यक्ष मनीष कौंडल के पिता डॉ. कुलतार कौंडल के स्वर्ग सिधारने पर दो मिनट का मौन रखा गया। उसके उपरांत समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों व सामाजिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। समिति ने निर्णय लिया कि समाजिक सरोकार के पुनीत कार्य को सभी के सहयोग नए साल में और गति दी जाएगी। वहीं भुंतर सुधार समिति का विस्तार करते हुए रोशन लाल व सुनील चौहान उर्फ सोनू को उपाध्यक्ष, मनीष कौंडल को सहकोषाध्यक्ष, डीआर आनंद को मुख्य प्रवक्ता, गणेश गन्नी व कंपनी कमांडर प्रेम राज शर्मा को सलाहकार, झावे राम पहलवान को सहसचिव, नीलम घई को महिला विंग की प्रवक्ता, दीप लखनपाल व पूर्ण ठाकुर को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सभी ने बधाई दी। वहीं, आजीवन सदस्य संजू व पूर्ण को लाइफटाइम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल, हासचिव रविंद्र परमार आदि सदस्य उपस्थित रहे।



बैठक के बाद उपस्थित मेघ सिंह व अन्य।

#### यूथ ओलंपिक के लिए साउथ कोरिया पहुंची भारतीय टीम

**मनाली।** यूथ ओलंपिक में भाग लेने को भारतीय टीम साउथ कोरिया पहुंच गई है। साउथ कोरिया में 19 जनवरी से एक फरवरी तक यूथ ओलंपिक आयोजित हो रहा है। मनाली के साहिल ठाकुर साउथ कोरिया में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। साउथ कोरिया में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले साहिल ठाकुर भारत के एकमात्र अल्पाइन स्कीयर हैं। टीम मैनेजर लुदर ठाकुर ने बताया कि वह कोच चुनी लाल व भारतीय खिलाड़ी साहिल ठाकुर के साथ साउथ कोरिया पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार हिमपात न होने से हिमाचल के सकीयरों की भी दिक्कत बढ़ी है। सकीयरों को अभ्यास करने का मौका नहीं मिला है लेकिन साहिल ठाकुर के हौंसले बुलंद है। उन्होंने बताया कि साहिल एकमात्र खिलाड़ी है जिसने यूथ ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

## विद्यार्थी परिषद ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू के ढालपुर में स्थित अटल सदन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू ने संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। बुधवार को अटल सदन के कॉन्फ्रेंस हॉल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कुल्लू शाखा ने खेलकूद की विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह ओर पदक भेंट करके सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के हिमाचल प्रदेश संगठन मंत्री गौरव अत्री बतौर मुख्यातिथि संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में उपस्थित रहे साथ ही विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू के जिला प्रमुख रामानंद गुरु और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू के जिला संयोजक ऋषभ ठाकुर उपस्थित रहे। संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान सम्मान समारोह के मुख्यातिथि ने संबोधित करते हुए अपने विचार साझा किए और सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की। सम्मान समारोह के दौरान मुख्यातिथि गौरव अत्री ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह और पदक भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद कुल्लू के सभी कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग किया।




खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि गौरव अत्री, साथ हैं अन्य।

**आगाज** 

### सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने किया हथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ

## हस्तशिल्प पर आधारित 'ताना बाना' प्रदर्शनी का आगाज

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जिला मुख्यालय ढालपुर में स्थित प्रदर्शनी मैदान में सात दिवसीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी 'ताना-बाना' का विधिवत शुभारंभ हो गया है। बुधवार को ढालपुर के प्रदर्शनी मैदान में हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम द्वारा आयोजित ताना-बाना 17 से लेकर 23 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। जिला हथकरघा प्रदर्शनी एवं बिक्री का शुभारंभ दोपहर बाद तीन बजे सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।

इस सात दिवसीय हथकरघा प्रदर्शनी एवं बिक्री का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम लिमिटेड हिमाचल प्रदेश और विकास आयुक्त (हथकरघा) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से हस्तशिल्प ओर हथकरघा उद्योग से जुड़े कारीगरों एवं उत्पादों के उत्थान के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस बार इस संकट के दौर से चल रहे उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माई हैंडलूम माई प्राइड विषय को ध्यान में रखकर इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में भाग ले रहे कारीगरों को निशुल्क स्टॉल उपलब्ध करवाया गया और साथ ही सभी को टीए डीए भी दिया जा रहा है।




हथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी ताना बाना में लगे स्टॉल एवं कारीगर।

#### कुल्लू हाट को बनाने के लिए जमीन का किया जाएगा चयन

**प्रदर्शनी** का शुभारंभ करने के बाद सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने सभी हथकरघा उद्योग से जुड़े लोगों से बातचीत कर दिल्ली हाट की तर्ज पर कुल्लू जिला में भी कुल्लू हाट शुरू करने के बारे में अपने विचार रखते कहा की कुल्लू हाट को बनाने के लिए जमीन का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा सेंटर खोलने की कोशिश करेंगे ताकि आने वाले समय में कुल्लू हाट बन कर तैयार हो सके ओर इस कार्य को लेकर पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह से भी चर्चा हो चुकी है और कोशिश रहेगी कि इस कार्य को पंचायती राज विभाग के माध्यम से करवाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### लोस चुनाव में सक्रिय रहेगा ओबीसी मोर्चा



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में पदाधिकारी और सदस्य।

**बालीचौकी।** ग्राम केंद्र सरोआ में ओबीसी मोर्चा ग्राम केंद्र की बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम केंद्र अध्यक्ष हेमप्रभ ने की। बैठक में विशेष तौर पर सराज भाजपा के विस्तारक हेतराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गुलजारी लाल ठाकुर, जिला परिषद सदस्य रजनी ठाकुर, प्रदेश युवा मोर्चा के प्रवक्ता पम्मी ठाकुर, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति किशोर कुमार व ओबीसी मोर्चा सराज मंडल के अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज उपस्थित रहे। बैठक में विस्तारक हेतराम ठाकुर ने आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत और सक्रिय करने का आग्रह किया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुलजारी लाल ठाकुर ने वर्तमान सरकार की नाकामियों के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत किया। ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष वीर सिंह ने विश्वकर्मा योजना में पंजीकरण करने के लिए लोगों से आग्रह किया। बैठक की जानकारी ओबीसी मोर्चा महासचिव गुमान सिंह ने दी।

### मंत्री यादविंद्र गोमा का स्वागत किया



आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा को देव कमरुनाग का चित्र भेंट करते हुए।

**धनोटू।** आयुष मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन ने आयुष, युवा मामले व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा से भेंट कर उनका स्वागत किया। सुंदरनगर रेस्ट हाउस में हुई इस मुलाकात में राज्य अध्यक्ष डॉ. देव वर्मा की अगुआई में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त आयुष मंत्री को देव कमरुनाग का चित्र भेंट कर उनका स्वागत किया और साथ ही चिकित्सा अधिकारियों की लंबित मांगों को पूर्ण करने की मांग की। मांग पत्र में एमडी करने वाले डॉक्टर के अध्ययन अवकाश को ऑन ड्यूटी मानने, 20 प्रतिशत एएमओ को एसएमओ पर पदोन्नत करने तथा राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्यापकों की नियुक्ति के लिए आरएंडपी रूल्स में संशोधन कर सेवारत चिकित्सकों की नियुक्ति व एसोसिएशन द्वारा नई नियुक्तियों पर एनपीए को बहाल करने की मांग रखी गई। इस अवसर पर महासचिव डॉ.योगेश, संगठन सचिव डॉ. प्रमोद पारीक, डॉ. आशुतोष, डॉ. हितेश, डॉ. संजय गुलेरिया, डॉ. कल्पना, डॉ. मोनिका, डॉ. सुकर्मा, डॉ. माणिक, डॉ. विक्रांत, डॉ. शीतल, डॉ. विकास सहित चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**मंडी।** विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी, अंबाला कैंट ने सूचित किया है कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ तथा जम्मू-कश्मीर के योग्य युवाओं की भारतीय वायु सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। जिसके लिए राज्यों के अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि जनवरी, 2025 में अग्निवीर वायु सेना के रूप में भारतीय वायु सेना में शामिल होने के लिए निर्धारित परीक्षण की अधिसूचना जारी कर दी है।

### झंग्गी स्कूल में छात्रों का स्वास्थ्य जांचा



शिविर के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते डॉक्टर।

**धर्मपुर।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंग्गी में एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य बीएस भंडारी ने बताया कि इस कैंप में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। वहीं पर बच्चों में पाई जाने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान भी किया और आयु के साथ शारीरिक बदलाव के बारे में भी जानकारी दी। बच्चों को एल्बेंडाजोल, कैल्शियम की गोलियां भी वितरित की। इस अवसर पर डॉ. शशिकांत एएमओ आयुष, डॉ. कृतिका, डॉ. गौरव ठाकुर एमओ प्रभारी झंग्गी, नीरज शर्मा, कुशाल पठानिया, सरिता और स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### आयुर्वेदिक कर्मचारी महासंघ ने ज्ञापन सौंपा

**धनोटू।** हिमाचल प्रदेश राज्य आयुर्वेदिक राजपत्रित कर्मचारी महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल अशोक कुमार प्रधान की अध्यक्षता में बुधवार को आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा के साथ सुंदरनगर विश्राम गृह में मिला और मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने मुख्यमंत्री सुक्खू का यादविंद्र गोमा को आयुष विभाग का स्वतंत्र प्रभार देने पर धन्यवाद किया। प्रतिनिधिमंडल ने महासंघ उपप्रधान पंकज कुमार, राज्य आयुष फार्मेसी महासंघ के वरिष्ठ उपप्रधान राकेश जम्वाल जिला आयुष फार्मेसी अधिकारी संघ के प्रधान राकेश वालिया, सुंदरनगर इकाई प्रधान शकुंतला शर्मा, सुंदरनगर आयुष फार्मेसी अधिकारी महासंघ के प्रधान खेम राज, लतेश चौधरी, भावना, निशा, सोहन लाल, वनिता ठाकुर, सुमन शर्मा, अरुण कौशल, महेंद्र पाल, अरुण कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बस के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपने के बाद जनवादी नौजवान सभा के सदस्य सामूहिक चित्र में।

**बालीचौकी।** भारत की जनवादी नौजवान सभा ने बुधवार को उपमंडलाधिकारी नागरिक बालीचौकी को बालीचौकी-थाटा, खोडाथाच सड़क मार्ग पर एचआरटीसी की बस चालू करने के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की है कि पिछले लगभग छह महीने से बालीचौकी-थाटा सड़क मार्ग पर एचआरटीसी की बस नहीं चल रही है। इस क्षेत्र में यह एकमात्र बस है जो बालीचौकी क्षेत्र से सीधी न्यायालय गोहर तक जाती है। नौजवान सभा के नेता महेंद्र राणा ने कहा कि क्षेत्र के सभी लोग न्यायालय के लिए इस बस में जाते हैं, परंतु बस सुधरानी से आगे नहीं जा रही है। उन्होंने कहा कि इस सड़क मार्ग पर निजी बसें, ट्रक, टिपर, डंपर इत्यादि खोडा थाच तक जा रहे है लेकिन निगम की बस न चलने के कारण ग्राम पंचायत थाटा, बूंगजहल, घाट के लोगों को गोहर जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नौजवान सभा ने निगम प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि बस को इस रूट पर शीघ्र अति शीघ्र सुचारु रूप से चलाया जाए अन्यथा नौजवान सभा को मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल में नौजवान सभा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा, इंद्र कुमार, केहर सिंह, गुलशन कुमार, अमर सिंह, कमलेश कुमार उपस्थित रहे।

# विभाग के पास पैसे नहीं तो हम देंगे चंदा

## विश्वकर्मा चौक के पास बदहाल सड़क पर पड़े गड्ढों में मिट्टी भरने पर उखड़े लोग

**पुष्पराज, मंडी**

विश्वकर्मा चौक के पास आपदा के दौरान भूस्खलन से टूटी सड़क को लोक निर्माण विभाग पांच महीने बाद भी सही नहीं कर पाया है। यही नहीं विभाग टूटी सड़क के गड्ढों को कच्ची मिट्टी से भर कर शहर को धूल से सराबोर कर रहा है। बारिश न होने के कारण यह धूल लोगों के गले में फंस कर जुकाम और गले के रोग पैदा कर रही है। जोनल अस्पताल में एक दर्जन के करीब दुकानदार गले के रोगों को लेकर इलाज करवा रहे हैं।

बुधवार को जब विभाग ने फिर से मिट्टी लाकर गड्ढों में भरना शुरू की, तो परेशान लोगों ने नगर निगम के मेयर वीरेंद्र शर्मा भट्ट से गुहार लगाई। मेयर खुद मौके पर पहुंचे और लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को भी मौके पर बुलाया। मेयर ने हालात देख कर हैरानी जताई और कहा कि पांच महीने बीतने पर भी विभाग ने सड़क पर आए पत्थर नहीं हटाए, न मिट्टी के ढेर ही साफ किए, न नालियां खोली। चारों ओर धूल ही धूल है। लोगों ने मेयर से यहां तक कह दिया कि यदि छोटे से काम के लिए भी सरकार व विभाग के पास पैसे नहीं हैं तो हम चंदा एकत्रित करके दे देते हैं, कम से कम हमें इस बीमारी से तो निजात मिलेगी। मेयर ने मामले की गंभीरता को समझते हुए मौके से ही अधिकारियों से बात की और इस कुछ मीटर सड़क को तुरंत प्रभाव से ठीक करने के लिए कहा। (अनंत ज्ञान)



बदहाल विश्वकर्मा चौक का जायजा लेते नगर निगम के मेयर वीरेंद्र भट्ट व अन्य।

### ... तो कर देंगे रास्ता जाम

लोगों ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि एक सप्ताह में इसे ठीक करके निजात नहीं दिलाई गई तो वे रास्ता जाम कर देंगे। यह शहर का प्रवेश द्वार है जहां से होकर दिन में पूरे जिले के लोग व वाहन शहर में आते हैं। ऐसे में सब को साथ लेकर रास्ता जाम करने के अलावा और कोई चारा नहीं रहेगा। लोगों ने मेयर वीरेंद्र शर्मा भट्ट का आभार जताया कि कम से कम उन्होंने तो उनकी तकलीफ को मौके पर आकर देखा है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तो गाड़ी से नीचे उतर कर कभी मौके पर इसका मुआयना करते नहीं देखे।

### शहर की खाली दीवारें देंगी स्वच्छता का संदेश

**मंडी।** मंडी शहर में स्वच्छता को लेकर बहुत से कार्य अमल में लाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्माइल हिमाचल संस्था के सौजन्य से मंडी शहर की खाली दीवारों में स्वच्छता से संबंधित चित्रकारी की जाएगी। बुधवार को नगर निगम महापौर ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में पर्यावरण और स्वच्छता से संबंधित पेंटिंग बनाई जा रही है जिसके लिए उन्होंने स्माइल हिमाचल संस्था का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत सेरी मंच के साथ वाली सीढ़ियों से की जा रही है और उसके बाद नगर निगम की दीवार पर पेंटिंग बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम मंडी के सभी वार्डों में यह काम किया जाएगा ताकि स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके। वहीं स्माइल हिमाचल के संस्थापक निखिल वालिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य मंडी शहर के खाली दीवारों पर जहां लोग थूक देते हैं और कूड़ा फेंक देते है, उन दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश देना है। उन्होंने बताया कि अभी दो दीवारों पर लगभग 15 से 20 हजार रुपए खर्च होगा। उन्होंने नगर निगम मंडी से सहयोग की मांग की है।

### हैप्पी बर्थडे



सुंदरनगर के नूतन कुमार को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान की ओर से बधाई।

### कार्रवाई मांगी

**सरकाघाट।** सज्याओपिपलु में 27 दिसंबर को पेड़ पर लटके संजय कुमार के शव मामले में पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन की यह बहुत ही गैर जिम्मेदाराना और तथ्यों को मिटाने के लिए अपराधियों को समय देने वाली और रस्मअदायगी वाली कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुलिस चौकी टिहरा के प्रभारी और अन्य जांच करने वाले पुलिस कर्मचारी जिम्मेदार हैं। भूपेंद्र सिंह ने एसपी मंडी से मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने और जांच में बरती गई लापरवाही के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई मांगी है।

# कांग्रेस के जनविरोधी निर्णयों के कारण बढ़ रही महंगाई

**भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने घेरी प्रदेश सरकार**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 12 महीनों के कार्यकाल में जनविरोधी निर्णय लेने का काम किया है। हिमाचल प्रदेश में सरकार के द्वारा आए दिन जन विरोधी निर्णय लेकर महंगाई को बढ़ाने का काम किया जा रहा है। जिससे प्रदेश के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने विधानसभा में अब राजस्व विभाग के नियमों का संसोधन किया जिसके तहत प्रदेश में स्टांप ड्यूटी को बहुत ज्यादा बढ़ाकर प्रदेश की जनता को ठगने का काम कर रही है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा सीमेंट के दाम बढ़ाने से भवन, सड़के बुरी तरह से प्रभावित हुई है। औद्योगिक क्षेत्र में बिजली के दामों को बढ़ाने के निर्णय से उद्योग कारोबारी बाहर के राज्यों का रुख कर रहे है। जहां सरकार को रोजगार देने का काम करना चाहिए था वहीं उद्योग बाहर जाने से बेरोजगरी व महंगाई बढ़ रही है। सरकार ने बिना किसी की सलाह से स्टोन क्रशर को बंद किया जिस कारण रेत, बजरी की कीमतों में तीन गुना तक वृद्धि हो गई। अजय राणा ने बताया कि पूर्व की जयराम सरकार ने अपने कार्यकाल में डीजल के दाम को सात रुपए कम करके जनता हित में फैसला लिया गया था लेकिन कांग्रेस ने सत्ता में आते ही डीजल पर टैक्स बढ़ा कर जनविरोधी निर्णय लिया है। जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी है तब से लोगों को राहत न देकर, बल्कि आए दिन जनविरोधी निर्णय लेकर प्रदेश में महंगाई बढ़ाने का काम कर रही है।

### विभागों में हो रही भर्तियां बेरोजगारों के लिए सौगात

**सुंदरनगर।** एनएसयूआई ने प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में की जा रही भर्तियों का स्वागत किया है। एनएसयूआई एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के अध्यक्ष अनित जसवाल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभिन्न सरकारी विभागों में लगभग 20 हजार पद भरने का निर्णय लेकर प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोले हैं। इन पदों के अलावा प्रदेश सरकार युवाओं के लिए स्वरोजगार के साधन भी उपलब्ध करवा रही है। अनित जसवाल ने बताया कि शिक्षा विभाग में टीजीटी, शास्त्री और लेक्चरर इत्यादि श्रेणियों के पांच हजार से अधिक पदों पर बैचवाइज एवं सर्विस कमीशन से सीधी भर्ती की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। युवाओं को सरकारी रोजगार प्रदान करने के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए भी सरकार प्रयास कर रही है।

# जी का जंजाल बनी यातायात व्यवस्था

## बालीचौकी में बेतरतीब पार्किंग से समस्या, लोग हो रहे परेशान

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

बालीचौकी पुलिस के लिए कस्बे की यातायात व्यवस्था जी का जंजाल बनती जा रही है। आलम यह है कि पुलिस की अक्षमता के चलते सिरफिरे वाहन चालक जहां कहीं भी अपने वाहनों को पार्क कर देते हैं वहीं नो पार्किंग जोन में भी धड़ल्ले से वाहन खड़े किए जा रहे हैं। नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने से न केवल दुकानदारों को परेशानी झेलनी पड़ रही है बल्कि शाम के समय लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जीरो चौक में रेडीमेड का कारोबार करने वाले एक व्यापारी ने कहा कि शाम के पांच बजते ही कुछ स्थानीय टैक्सी वाले नो पार्किंग जोन में अपने वाहन लगा देते हैं, इस कारण न केवल जाम लगता है बल्कि बाजार में चलने वालों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पुलिस ने बाजार की यातायात व्यवस्था सिर्फ होमगार्ड के भरोसे रखी है। जिनसे कई स्थानीय वाहन चालक उलझते रहते हैं और लोग मनमानी पर उतर जाते हैं। लोगों का कहना है कि बाजार के मुख्य स्थान जीरो चौक में प्रतिदिन ट्रैफिक ड्यूटी पर एक पुलिस जवान को नियुक्त किया जाए ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया जा सके। स्थानीय लोगों ने बाजार के साथ निर्मित पुल के समीप भी सड़क पर पार्क किए वाहनों की व्यवस्था की भी सुध लेने की मांग की है। इस स्थान पर सड़क के बीचों-बीच गाड़ियां लगाई जाती हैं, इस कारण यहां पैदल चलने वाले राहगीरों को भी समस्या आती है और लगातार दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। इस बारे चौकी प्रभारी राम कृष्ण का कहना है कि कुछ टैक्सी वाले यातायात व्यवस्था को खराब कर रहे हैं। अब उन्हें आए दिन चालान करने पड़ेंगे। उन्होंने अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर चिंता भी जाहिर की। (अनंत ज्ञान)



बालीचौकी में सड़क पर पार्क की गई गाड़ियां।

### घरोट में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम 20 को

**गोहर।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घरोट में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। इस दौरान एसडीएम ने कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि गोहर उपमंडल में 20 जनवरी को ग्राम पंचायत घरोट में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार मुख्यातिथि होंगे।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में ग्राम पंचायत घरोट के आसपास की पांच ग्राम पंचायतों घरोट, झुंगी, जाछ, मशोगल और कुटाहची के लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना जाएगा। कार्यक्रम में उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ जिला स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# विधिक सेवा शिविर में निपटाए जाएंगे घरेलू विवाद

**कल्याणी संस्था लोगों के लिए लगाएगी कैंप**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोगों के कानूनी अधिकारों को लेकर क्षेत्र की कल्याणी संस्था आगे आई है और जगह-जगह विधिक सेवा शिविर आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। इसी के चलते मंडी के सिद्ध गणपति मंदिर के प्रांगण में सेवा शिविर आयोजित किया गया। कल्याणी संस्था की प्रधान रजनी शर्मा ने कहा कि बहुत से ऐसे मामले भी होते हैं जिनका निपटारा आसानी से हो सकता है, लेकिन गलत दरवाजा खटखटाने से वह वर्षों तक लटक जाते हैं।

उन्होंने एक मामले का जिक्र करते हुए कहा कि एक जमीनी विवाद को लेकर कोर्ट चले गए और यह 20 वर्ष तक कोर्ट में चलता रहा। हर बार तारीख पर तारीख मिलती रही, लेकिन 20 वर्ष बाद एक जज साहब ने बताया कि यह केस रेवेन्यू का है वहां इसका जल्द समाधान होगा। तत्पश्चात डिमार्केशन के लिए अप्लाई किया गया, तो 20 वर्ष से चला आ रहा मामला दो माह में हल हो गया। ऐसे ही बहुत ऐसे मामले होते हैं, जो गलत जगह उठाए जाते हैं और धन और समय की बर्बादी होती है। इस कारण इन समस्याओं के समाधान को लेकर विधिक सेवा शिविरों का आयोजन कर लोगों को आवश्यक जानकारी मुहैया करवाई जा रही है। कल्याणी संस्था की प्रधान रजनी शर्मा ने कहा कि विधिक सेवा शिविर में मुख्यत: भूमि संबंधी, घरेलू विवाद, महिलाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि इन शिविर का आने वाले समय में लोगों को बहुत लाभ होगा और कोर्ट में तारीख पर तारीख से भी राहत मिलेगी। लोगों के साथ मिलकर शहर में और भी विधिक सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### पुरुष-महिला चयन समिति का गठन

**मंडी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने वर्ष 2023-24 के लिए सभी वर्गों की जूनियर और सीनियर टीमों की चयन समितियों की घोषणा कर दी है। मीडिया को जारी बयान में अजय राणा ने कहा कि चयन समिति में प्रवीण सेन, जितेंद्र जम्वाल, अनिल शर्मा, कौल सिंह और चेतन ठाकुर को जगह मिली तो वहीं महिला वर्ग के चयन की जिम्मेदारी भारती ठाकुर और नेहा सैनी को दी गई है। उन्होंने कहा कि नवगठित समिति ही नए सत्र के लिए सभी टीमों का चयन करेगी। उन्होंने जारी बयान में कहा कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में नई पिच का निर्माण कार्य विशेषज्ञों की देख रेख में करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा की क्रिकेट को मजबूत व खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्रिकेट एसोसिएशन लगातार प्रयासरत है।

### यश इलेवन ने जीते 21 हजार और ट्रॉफी



क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**पधर।** झटिंगरी के सरागलू खेल मैदान में लोहड़ी के उपलक्ष्य में आयोजित दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता यश इलेवन ने जीती। प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला यश इलेवन और कुफरी की टीम के मध्य हुआ। जिसमें यश इलेवन टीम ने छह विकेट से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। कुफरी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 82 रन पर आल आउट हो गई। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए यश इलेवन की टीम ने मात्र चार विकेट खो कर 83 रन बनाकर मुकाबला जीता। यश इलेवन के खिलाड़ी मुकेश ठाकुर ने सर्वाधिक 40 रन का योगदान दिया। वहीं गेंदबाजी करते हुए दो विकेट भी झटके। मुकेश ठाकुर को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं प्रतियोगिता में सर्वाधिक 260 रन बनाने के लिए यश इलेवन के खिलाड़ी हनी को मैन ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में क्षेत्र के समाजसेवी अमर चंद और उनकी धर्मपत्नी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विजेता टीम को 21 हजार नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी वहीं उपविजेता टीम को दस हजार रुपए की राशि बतौर पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया।

### स्वनिधि से समृद्धि योजना की जानकारी दी

**सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर द्वारा बुधवार को सामुदायिक भवन में स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत एक शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नगर परिषद सुंदरनगर की उपाध्यक्ष रक्षा धीमान ने की। इस मौके पर नगर परिषद सुंदरनगर के कार्यकारी अधिकारी हितेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यकारी अधिकारी हितेश कुमार ने कहा कि स्वनिधि से समृद्धि एक बहुउद्देशीय योजना है और इसके तहत पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया जाता है। योजना के तहत एक ही मंच से रेहड़ी धारक व उनके परिवार के सदस्यों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाता है। शिविर में आवेदन फॉर्म भरने के साथ दस्तावेजों और योजना को लेकर जानकारी भी दी गई।

### छात्रवृत्ति पंजीकरण की तिथि बढ़ाई जाए

**सुंदरनगर।** छात्रवृति में आवेदन करने से बहुत से छात्र वंचित रह गए हैं क्योंकि आधार कार्ड में जन्मतिथि व अन्य अपडेट अभी तक आधार अपडेट मुख्यालय से अपडेट नहीं हुए हैं। राजस्व अधिकारी द्वारा बनाए जाने वाले प्रमाण पत्र जारी करने में समय लग रहा है। इन दिक्कतों के मध्य नजर रखते हुए हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ जिला मंडी के कोषाध्यक्ष हीरा सिंह कौशल ने तथा बच्चों व अभिभावकों ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व शिक्षा निदेशक उच्चतर अमर जीत से आग्रह किया है कि राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में 2023-24 में आवेदन पंजीकरण को 31-1-2024 तक बढ़ाया जाए।

### मंडी बस स्टैंड में कूड़ा बिखरा यात्री परेशान

**मंडी।** मंडी बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर बुधवार को बुरी तरह से कूड़ा बिखरा हुआ देखने को मिला। आते जाते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जहां मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का पोस्टर लगा है वहीं पर गंदगी भारी मात्रा में फैली हुई है। यात्रियों का कहना है कि बस स्टैंड के आस पास और बस स्टैंड के अंदर भी गंदगी से बुरा हाल है, जिससे चलते यात्रियों का चलना फिरना भी मुश्किल हो गया है। बस स्टैंड के प्रवेश द्वार से लेकर पांच नंबर काउंटर तक और अंदर भी शराब की बोतले देखने को मिली। हैरानी की बात तो यह है कि बस स्टैंड के बाहर बड़े-बड़े कूड़े के ढेर लगे हुए हैं परंतु न ही अड्डे से संबंधित कोई अधिकारी और न ही नगर निगम इस समस्या पर ध्यान दे रहा है। नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि बस स्टैंड से कूड़ा अलग-अलग करके नहीं दिया जाता है जब तक यह कूड़ा कचरा अलग-अलग नहीं दिया जाएगा गाड़ी कूड़े को नहीं उठाएगी। बस स्टैंड मंडी को गीला और सुखा कूड़ा अलग-अलग करने का नोटिस जारी किया जाएगा यदि फिर भी यह नहीं मानते हैं तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**आक्रोश** मनरेगा मजदूरों में रोष, 30 को करेंगे विरोध-प्रदर्शन

# दिहाड़ी 240 लेकिन मिल रहे मात्र 198 रुपए

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

प्रदेश सरकार द्वारा इस वित्त वर्ष के लिए मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी 212 रुपए से बढ़ा कर 240 रुपए कर दी है। जिसकी अधिसूचना भी जारी हो चुकी है लेकिन मजदूरों को अभी वर्ष 2021 की मजदूरी जो 203 रुपए थी वह भी पूरी नहीं मिल रही है। मनरेगा मजदूरों के खाते में अभी तक 198 रुपए ही पड़ रहे हैं। राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य और यूनियन के राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह ने पिछले दिनों से कई पंचायतों का दौरा करने के बाद यह बात पत्रकारों को बताई।

उन्होंने कहा कि इस बारे जब बीडीओ धर्मपुर से फोन पर बात की गई तो जानकारी मिली कि बहुत सी ग्राम पंचायतों में जो पुराने काम लंबित थे उन्हें वर्तमान वर्ष में करवाया जा रहा है, लेकिन उसके एस्टीमेट रिवाइज करने का काम जो तकनीकी सहायकों और कनिष्ठ अभियंता का है लेकिन उनके द्वारा काम नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से पुरानी दिहाड़ी ही मजदूरों को मिल रही है। इसके अलावा हिमाचल सरकार का दस प्रतिशत मजदूरी का भाग अभी खातों में नहीं आ रहा है। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाली सुक्खू सरकार व धर्मपुर के विधायक एक साल में इस तकनीकी कमी को दुरुस्त करने में कोई कदम नहीं उठा पाए हैं। इस कारण हजारों मजदूरों को लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान हो रहा है। हालांकि पिछले दस महीनों से विधायक धर्मपुर में पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों की समीक्षा बैठकें नियमित तौर पर कर रहे हैं और कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं, लेकिन मजदूरों को जो 212 रुपए मजदूरी पिछले साल मिलती थी इस सरकार के समय वह भी नहीं मिल रही है।

ग्रामीण विकास विभाग और चुने हुए विधायक मजदूरों की इस समस्या को हल करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। इसलिए सीटू से संबंधित मनरेगा व निर्माण मजदूर यूनियन ने 30 जनवरी को मंडी में विशाल विरोध-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

यहीं नहीं मनरेगा मजदूरों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिल रहा और अभी तक इस वित्त वर्ष में 40 दिनों से भी कम का ही काम मिला है। सुक्खू सरकार ने मनरेगा मजदूरों को राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की सदस्यता और सहायता से भी वंचित कर दिया है जो कानूनी तौर पर भी गलत फैसला है। जिसके खिलाफ सभी मजदूर यूनियनें एकजुट हो गई हैं और सभी जिला मुख्यालयों पर 30 जनवरी से लेकर नौ फरवरी तक प्रदर्शन करने जा रही हैं। भूपेंद्र सिंह ने मांग की है कि मनरेगा मजदूरों को घोषित 240 रुपए दिहाड़ी दी जाए और सौ दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाए। यूनियन मजदूरों को उनके हक दिलाने के लिए संघर्ष तेज करेगी।



मजदूर महिलाएं रोष प्रकट करती हुईं।

# यूपी के मॉडल को किया स्टडी, अब बनाई जा रही सूबे की पहली स्पेस लैब

## बिलासपुर एडीसी डॉ. निधि पटेल ने लिया इनिशिएटिव, यूपी की एक पंचायत के मॉडल को किया स्टडी, इसके लिए स्पेशल ट्यूटर प्रोग्राम चलाया जाएगा

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में प्रदेश की पहली स्पेस लैब बनने जा रही है। यह लैब बिलासपुर जिले के घुमारवीं क्षेत्र के सीनियर सेकेंडरी ब्वायज स्कूल घुमारवीं में बनाई जा रही है, जिसको लेकर कार्य भी शुरू हो गया है और यह लैब कुछ समय के भीतर पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगी।

इस लैब को लगभग 70 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है और अब अंतिम रूप इस कार्य को दिया जा रहा है। यह मानें तो इसी माह यह लैब बनकर पूरी तैयार हो सकती है।

बिलासपुर एडीसी डॉ. निधि पटेल ने बताया कि ग्रामीण बच्चों में साइंस टेक्नोलॉजी के प्रति रुचि बढ़ाने के मकसद से इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए खाका तैयार किया गया। इसके लिए यूपी के सिद्धार्थनगर की एक पंचायत के मॉडल को स्टडी किया गया। स्पेस लैब निर्माण को लेकर डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड से 10 लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। (अनंत ज्ञान)





घुमारवीं में तैयार हो रही प्रदेश की पहली साइंस लैब।

### इसरो के अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे

विद्यार्थी सैटेलाइट लांचर प्रणाली के साथ-साथ ड्रोन कैसे तैयार किए जाते हैं व इसरो के अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स **के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।** उन्होंने बताया कि यह स्कूल पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए एक मॉडल होगा। समय-समय पर विद्यार्थियों को बंगलुरु सहित अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर एक्सपोजर विजिट भी करवाए जाएंगे।

- बच्चों में साइंस टेक्नोलॉजी के प्रति रुचि बढ़ाने की पहल शुरू
- 10 लाख रुपए के बजट से तैयार की जा रही अंतरिक्षशाला

### इसके लिए चलाया जाएगा स्पेशल ट्यूटर प्रोग्राम

ऐसे में जल्द ही स्पेस लैब विकसित कर ग्रामीण विद्यार्थियों को साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रति विस्तृत प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए स्पेशल ट्यूटर प्रोग्राम चलाया जाएगा। वहां पर विज्ञान की महत्वपूर्ण जानकारियों से लैस अंतरिक्ष से संबंधित नए-नए मॉडल विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करने में सहायक बनेंगे। एडीसी के अनुसार पूरे हिमाचल प्रदेश घुमारवीं में विकसित की जाने वाली यह पहली स्पेस लैब होगी, जहां विद्यार्थियों की साइंटिफिक थिंकिंग को प्रोमोट करने के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। घुमारवीं ब्वायज स्कूल में विकसित की जाने वाली स्पेस लैब में आसपास स्कूलों के विद्यार्थी भी आकर विज्ञान के प्रति जानकारी हासिल कर सकेंगे।



#### कार्य पूरा होने जा रहा

प्रदेश की पहली स्पेस लैब घुमारवीं में तैयार की जा रही है। यह कार्य लगभग पूरा होने जा रहा है। जल्द ही यह लैब बनकर पूरी तैयार हो जाएगी। यूपी के मॉडल को स्टडी कर जिला में ग्रामीण विद्यार्थियों का साइंस एंड टेक्नोलॉजी की तरफ रुझान बढ़ाने के मकसद से यह नया इनिशियटिव लिया गया है। इस लैब के बनने से बच्चों में साइंस के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**डॉ. निधि पटेल, एडीसी बिलासपुर।**

---

## नाटक के माध्यम से विभिन्न विषयों की दी जानकारी

**बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम हाइड्रो पावर स्टेशन के आवासीय परिसर में चल रही बालिका सशक्तिकरण अभियान की छह दिवसीय अनुवर्ती कार्यशाला का समापन हुआ।

इस अवसर पर बालिकाओं ने नृत्य, गायन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यशाला में बालिकाओं ने विभिन्न विषयों पर न सिर्फ शिक्षा प्राप्त की, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न तरह के पाठ्यक्रम का भी लाभ उठाया। कार्यशाला में बालिकाओं को गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। कोलडैम के मुख्य महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद अहिरवार ने कहा कि इस कार्यक्रम का दूरगामी परिणाम सुखद होगा। उन्होंने बालिकाओं को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। एनटीपीसी कोलडैम भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करता रहेगा। संगिनी संघ की अध्यक्ष ऊषा अहिरवार ने कहा कि दृढ़ संकल्प से सभी प्रकार की बाधाओं को पार किया जा सकता है।

## दसगांव में एनडीआरएफ ने स्टूडेंट्स को दिया आपदा प्रबंधन का पूर्वाभ्यास



दसगांव में एनडीआरएफ की टीम स्टूडेंट्स को आपदा प्रबंधन के पूर्वाभ्यास की जानकारी देती हुई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एनडीआरएफ की 14वीं वाहिनी की क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र सलापड़ की टीम ने रावमापा दसगांव में विद्यालय में आपदा प्रबंधन को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर सुनील वर्मा व तेज सिंह सब इंस्पेक्टर के नेतृत्व में नौ सदस्यीय टीम ने आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीम ने स्टूडेंट्स को किसी भी प्रकार की आपदा से बचाव के उपायों की जानकारी दी।

इस प्रायोगिक पूर्वाभ्यास का उद्देश्य लोगों की आपदा के समय मदद करना है। त्वरित मदद से लोगों की जान बचा सकते हैं। एनडीआरएफ की संरचना, कार्यशैली व आपदा प्रबंधन के विषय में विस्तृत से जानकारी दी गई। बाढ़ के दौरान जीवन सुरक्षा के लिए स्थानीय संसाधनों से रक्षक जैकेट बनाने का तरीका, सांप काटने पर प्राथमिक उपचार तथा भूकंप, भूस्खलन आगजनी आदि विभिन्न आपदाओं के रूप-स्वरूप के अनुसार त्वरित सुरक्षात्मक उपायों का विस्तृत पूर्वाभ्यास के माध्यम से व्यक्तियों के प्राथमिक उपचार के बारे में बताया गया। आपदा के दौरान या सामान्य जीवन में चोट लगने पर प्राथमिक उपचार जैसे ड्रेसिंग, बैंडेज, खून का बहाव रोकना, फ्रेक्चर को स्थायित्व प्रदान करने के बारे में बताया गया। जीवन रक्षक सीपीआर का प्रशिक्षण, घायल व्यक्ति को एंबुलेंस या हॉस्पिटल तक ले जाने के लिए घरेलू सामान स्ट्रक्चर बनाने का तरीका समझाया गया। डूबे हुए व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने और बिजली से बचने का तरीका (दामिनी एप) बताया गया। प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने एनडीआरएफ की टीम का आभार प्रकट किया। इंस्पेक्टर सुनील वर्मा व तेज सिंह सब इंस्पेक्टर के दिशा-निर्देश सहित आपदा प्रबंधन के बारे में आयोजित पूर्वाभ्यास कार्यक्रम प्रभावशाली रही। इस कार्यक्रम में प्रवक्ता कुलदीप कुमार, कामिनी, शिखा, वीना सहित सभी अध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 18 से चिकित्सक काले बिल्ले लगाकर देंगे सेवाएं

**घुमारवीं।** सरकार की ओर से चिकित्सकों की कई मांगें पूरी न होने के चलते डॉक्टर 18 जनवरी से काले बिल्ले लगाकर सेवाएं देंगे। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन जिला इकाई बिलासपुर की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. भूपेंद्र ने की। उनकी मुख्य पांच मांगें हैं। इसमें नान प्रैक्टिस अलाउंस एनपीए को बहाल करना प्रमुख मांग है। बीते काफी समय से इसे लेकर मांग चल रही है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही।

कई बार डॉक्टर प्रदर्शन कर चुके हैं, हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। साथ ही 4-9-14 की बहाली, एड्स कंट्रोल सोसायटी में परियोजना निदेशक का कार्यभार वापस स्वास्थ्य निदेशक को दिया जाए। पात्रता एवं वरिष्ठता के आधार पर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, जेडी, डीडी, सीएमओ, एसएमएस, बीएमओ को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति दी जाए और किसी को भी सेवानिवृत्त होने के बाद एक्सटेंशन न दी जाए। इन्हीं मांगों को लेकर उन्होंने काले बिल्ले लगाकर विरोध करने का फैसला लिया।

## विधायक जेआर कटवाल की फेसबुक आईडी हैक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- लोगों को मैसेज कर पैसों की डिमांड कर रहे



झंडूता विस क्षेत्र के विधायक जेआर कटवाल की फेसबुक आईडी हैक हो गई है। हैकर विधायक की फेसबुक आईडी से लोगों को मैसेज करके पैसों की डिमांड कर रहे हैं। हालांकि अभी तक उनकी आईडी के माध्यम से लोगों ने किसी भी तरह का लेनदेन नहीं किया है।

परंतु बिलासपुर जिला सहित अन्य क्षेत्र के लोगों को मैसेज करके पैसा की डिमांड की जा रही है। कुछ समय से साइबर क्राइम के मामले अधिक बढ़ना शुरू हो गए हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन समय-समय पर लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक कर रहा है, परंतु फिर भी कोई न कोई व्यक्ति इन शातिरों का शिकार हो रहा है। जानकारी के अनुसार झंडूता विधायक जेआर कटवाल की फेसबुक आईडी से मैसेज किए जा रहे हैं कि उनके कोई दोस्त सेना में अफसर है और उनका तबादला हो गया है। ऐसे में वह अपने घर का सामान सस्ते में बेचना चाहते हैं, तो वह आपसे संपर्क करेंगे और आप वह सामान खरीद लें।

विधायक की आईडी से शातिर स्वयं लोगों को सामान खरीदने की अपील कर रहे हैं।उधर, डीएसपी राजकुमार का कहना है कि शातिर कई माध्यमों से लोगों से पैसें ऐठनें का काम कर रहे हैं। लोगों को जागरूक रहना है और अगर इस तरह से कोई भी मैसेज आता है, तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें।

## एलआईसी में कार्यरत कर्मी से 68 हजार की हुई ठगी

**घुमारवीं।** बिलासपुर में एलआईसी में कार्यरत एक कर्मी से 68 हजार की ठगी हुई है। उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई है। एलआईसी कर्मी को मोबाइल पर दोस्त के नाम पर फोन आया। उनका दोस्त हरियाणा में कार्यरत है। उसे कहा गया कि उसके कुछ पैसे सुंदरनगर से आने हैं और उसके खाते में जमा करवाए जाएंगे। बाद में राशि मेरे खाते में ट्रांसफर कर देना।

बातचीत होने के बाद बाकायदा राशि जमा होने का मैसेज भी आया, लेकिन यह राशि उनके खाते में जमा ही नहीं हुई थी, शातिरों ने उन्हें एक लिंक से राशि भेजने की बात की। लिंक भेजा गया, जैसे ही लिंक ओपन किया और उसके खाते से 20 हजार की दो ट्रांजेक्शन हुई। चार हजार की अन्य ट्रांजेक्शन की गई। शातिरों ने इस व्यक्ति को एक अन्य बैंक खाते के बारे में भी बताया। यह खाता उसकी पत्नी का था। इससे भी 24 हजार की ट्रांजेक्शन हुई। हालांकि पीड़ित व्यक्ति ने सोचा कि उसके दोस्त के पास यह राशि पहुंच गई होगी और उसके खाते में यह राशि आ भी गई होगी, जब खाता चैक किया, तो उन्हें सिर्फ राशि जमा होने का फ्रॉड मैसेज ही उनके फोन पर आया। उधर, बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया व जांच की जा रही है।

---

## बाहरी लोगों को टैक्सी व बस परमिट देने का होगा विरोध

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- शीघ्र ही बुलाई जाएगी प्रदेश स्तरीय बैठकः राम रतन
- बाहरी लोगों के पास ड्राइवर या क्लीनर की नौकरी करने पर हो जाएंगे मजबूर

हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के बाहर के लोगों को टैक्सी और बस के परमिट देने का ऑल हिमाचल प्रदेश टैक्सी ऑपरेटर और ड्राइवर संगठन ने विरोध किया है।

ऑल हिमाचल प्रदेश टैक्सी ऑपरेटर और ड्राइवर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष और कार विंग बीओसी के वाइस चेयरमैन राम रतन शर्मा ने कहा कि यह सरकार का फैसला बेहद गलत है और इसका विरोध किया जाएगा। यह फैसला आज तक किसी भी सरकार की ओर से कभी भी नहीं लिया गया था। इससे जो बाहर के बड़े-बड़े जिनके पास पांच पांच सौ टैक्सी और इतनी ही बसे हैं, वो हिमाचल प्रदेश में अब करीब सौ-सौ टैक्सी कैब और बसों के परमिट अप्लाई कर चुके हैं यह एक बहुत ही गलत फैसला है। इससे हमारे सारे एक या दो टैक्सियों और बसों वाले लोग बर्बाद हो जाएंगे या उन बाहरी लोगों के पास ड्राइवर या क्लीनर की नौकरी करने पर मजबूर हो जाएंगे। शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही ऑल प्रदेश टैक्सी ऑपरेटर और ड्राइवर एसोसिएशन, कांगड़ा ऑपरेटर यूनियन, जिला बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, ऊना, लाहौल-स्पीति की सभी टैक्सी यूनियन के साथ एक बैठक बुलाई गई है।

## 10 और 50 रुपए के स्टांप पेपर न मिलने से लोगों को हो रही परेशानी

**बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन पंजगाई इकाई के महासचिव सुंदरलाल शर्मा ने बताया कि बिलासपुर में 10 और 50 रुपए के स्टांप पेपर न मिलने के कारण जहां आम आदमी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं पर उन्हें वित्तीय नुकसान भी सहन करना पड़ रहा है।

कई लोग नए घर बना रहे हैं, उनमें बिजली के नए मीटर लगाने के लिए 50 रुपए के स्टांप पेपर एक बिजली मीटर को लगाने के लिए लगते थे, जबकि 50 रुपए के स्टांप पेपर न मिलने के कारण लोगों को मजबूरी में 100 रुपए के स्टांप पेपर लगाने पड़ रहे। इसके बारे में कोई भी आम आदमी को 50 और 10 रुपए के स्टांप पेपर न मिलने के बारे में कुछ भी बताने को राजी नहीं है।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मिले दो लाख रुपए

**जगदीश सेठी, डंगार चौक**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक दधोल शाखा जिला बिलासपुर की ओर से फुलां देवी निवासी दधोल को उनके पती सुनील कुमार की मृत्यु होने के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपए की राशि का चेक भेंट किया गया। जानकारी देते हुए राज्य सहकारी बैंक दधोल शाखा के प्रबंधक महेंद्र सिंह ने बताया कि संकट की इस घड़ी में यह योजना फूलां देवी के परिवार का सहारा बनी है।

सुनील की अकस्मित मृत्यु हो गई थी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक दधोल शाखा से अपने खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा करवाया हुआ था। सुनील की मौत के बाद परिवार के सदस्यों ने बैंक प्रबंधन से संपर्क किया। बैंक प्रबंधन में कागजी प्रक्रिया निपटने के बाद पत्नी को दो लाख



पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत फूलां देवी को दो लाख रुपए देते हुए।

रुपए का चेक सौंपा। सभी बैंक ग्राहकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लेना चाहिए। सिर्फ 20 रुपए के वार्षिक शुल्क में बीमा धारक की हादसे में मौत के बाद परिवार को दो लाख रुपए की राशि दी जाती है। बीमा के तहत 436 वार्षिक शुल्क में सामान्य मौत के बाद परिवार को दो लाख रुपए की राशि दी जाती है।

## बरठीं में मेडिकल स्टोर से दवाइयों के लिए सैंपल

**बरठीं।** दवा निरीक्षक अंजना ने बरठीं में विभिन्न मेडिकल स्टोर और थोक विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवा विक्रेताओं के शेड्यूल एच-एक और विभिन्न प्रकार की दवाओं के रिकॉर्ड की भी जांच की।

उन्होंने विक्रेताओं को बिना पर्ची के शेड्यूल एच-एक और नारकोटिक्स दवाइयों को न बेचने की हिदायत दी। अगर किसी मेडिकल स्टोर के पास इन दवाइयों का पूरा रिकॉर्ड नहीं मिलता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई मेडिकल स्टोर संचालक किसी भी प्रकार की नशीली दवाइयों को बेचता हुआ पकड़ा जाता है, तो उसका लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने विभिन्न मेडिकल स्टोर से दवाइयों के सैंपल लिए।

## 80 प्रतिशत अधिक बीमारियां दूषित जल के कारण : परविंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- दस्त से बचाव के लिए जल स्रोतों को गंदा ने करें व उनमें स्नान न करें

विश्व की 80 प्रतिशत से अधिक बीमारियां दूषित जल के कारण होती हैं, जिनमें डायरिया प्रमुख है। जल प्राकृतिक रूप से स्वच्छ होता है, लेकिन मानव कृत्यों और अन्य कारणों से इसमें अशुद्धियां मिल जाने से यह दूषित हो जाता है। यह जानकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर डॉ. परविंद्र कुमार ने दी। जल जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जल प्रदूषण के मुख्य कारण नगरों के सीवरजों, नालियों, उद्योगों से निकलने वाले रासायनिक विषैले पदार्थ जैसे ऑर्गेनिक, शीशा और पारा पानी को दूषित करते हैं।

रासायनिक पदार्थ और रोग वाहक बैक्टीरिया, वायरस और प्रोटोजोआ आदि मानव शरीर में पहुंच जाते हैं, जो विभिन्न प्रकार की बीमारियां जैसे हैजा, पेचिश, पीलिया, उल्टी, कृमि रोग, पोलियो, दस्त, मलेरिया और डेंगू इत्यादि रोग उत्पन्न होते हैं। गर्मी और बरसात के मौसम में विशेष कर दस्त रोग शिशुओं और बच्चों में हो जाता है। अगर समय पर उपचार न किया गया, तो निर्जलीकरण से मौत भी हो सकती है।

दस्त से बचाव के लिए जल स्रोतों को गंदा न करें, उनमें स्नान न करें, कपड़े न धोएं साथ ही पेयजल स्रोतों के चारों ओर कंक्रीट की दीवार लगानी चाहिए, ताकि वर्षा का पानी उसमें न जाए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। साथ ही बीमार होने पर डॉक्टर से जांच करवाएं।

---

**कार्यक्रम** घुमारवीं के करयालग गांव में हुआ 'सरकार गांव के द्वार' आयोजित, मंत्री राजेश धर्माणी ने की अध्यक्षता

## कार्यक्रम में उठी सड़क, बिजली और पानी की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं को घर द्वार सुलझाने व सरकार की विकासात्मक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के मकसद से 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की बिलासपुर में बुधवार को शुरुआत हो गई। यह कार्यक्रम घुमारवीं उपमंडल के तहत कसारु पंचायत के गांव करयालग में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री राजेश धर्माणी ने स्थानीय ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए पात्र लोगों की ओर से इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। साथ ही स्थानीय



कार्यक्रम के दौरान विभागों की ओर से प्रदर्शनियां में धर्माणी निरीक्षण करते हुए।

लोगों ने अधिकरियों के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा, जिसे मंत्री राजेश धर्माणी ने जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश भी दिए। वहीं, कार्यक्रम में मुख्यत: सड़क सुविधा, बिजली व पानी की समस्या ग्रामीणों की ओर से उठाई गई थी। वहीं, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जनता व सरकार के बीच की दूरी को कम करने के मकसद से सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिले और उनकी अधिकतर समस्याओं का मौके पर निपटारा किया जा सके और अन्य बची समस्याओं का जल्द ही समाधान हो सके। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनियां लगाई गई थी, जिसका मंत्री राजेश धर्माणी ने निरीक्षण किया, इसके पश्चात प्रदेश सरकार ने अपनी चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया। इस कदम से प्रदेश के 1.36 लाख कर्मचारियों को सामाजिक आर्थिक सुरक्षा और आत्म सम्मान लौटाया।

कार्यक्रम के दौरान डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक, पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन गोकुलाचंद्रन व एडीसी डॉक्टर निधि पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पौधरोपण कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जनता व सरकार के बीच की दूरी को कम करने के मकसद से 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिले और उनकी अधिकतर समस्याओं का मौके पर निपटारा किया जा सके और अन्य बची समस्याओं का जल्द ही समाधान हो सके। मुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण के बाद ही मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना की घोषणा की थी। प्रदेश के अनाथ बच्चों और वेसहरा वर्गों के लिए कानून बनाने वाला प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बना इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 4000 से अधिक अनाथ बच्चे चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट भी घोषित किए गए।

## चेतना संस्था के तत्वावधान में निशुल्क कैंसर जांच शिविर 19 जनवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

चेतना संस्था और ह्मयूमैनिटी फर्स्ट के तत्वावधान में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन करने जा रहा है। यह जानकारी समाजसेवी तथा चेतना संस्था के प्रतिनिधि हरीश नड्डा ने बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए दी। 19 को यह शिविर घुमारवीं के एम चार यू होटल में लगाया जाएगा।

इस शिविर में मुख्य तौर पर शुगर और रक्तचाप परीक्षण, पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर के लिए परीक्षण, महिलाओं व पुरुषों के मुंह तथा रक्त कैंसर की जांच, मैमोग्राफी महिला स्तन कैंसर की जांच तथा आंखों का चेकअप भी किया जाएगा। शिविर में मुख्य तौर पर डॉक्टर धर्मेंद्र ढिल्लों, डॉक्टर कलश, डॉक्टर गुलशन, डॉक्टर रमन तथा लगभग 30 सहायक



चेतना संस्था के प्रतिनिधि हरीश नड्डा पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ।

विशेषज्ञों की ओर से लोगों की जांच की जाएगी। इसके अलावा हेल्थ मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर शिवानी चंदेल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रमन शर्मा तथा नाक-कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भूपेंद्र शर्मा ने भी शिविर में आने की सहमति प्रदान कर दी है। नड्डा ने बताया कि उपयुक्त स्थान पर पहुंच कर मुफ्त दवाइयां तथा अन्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अधिक संख्या में पधारें। इस शिविर में निशुल्क चश्मा और मधुमेह तथा रक्तचाप की दवाई भी वितरण की जाएगी। नड्डा ने बताया कि आने वाले दिनों में चेतना संस्था की ओर से 20 को विकलांग बच्चों की एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी जिला स्तर पर किया जा रहा है। चेतना संस्था की ओर से सदर क्षेत्र की 45 पंचायतों में जिम भी स्थापित कर दिए गए हैं। ह्मयूमैनिटी फर्स्ट संस्था की ओर से धालीवाल तथा अजय वीर इस कार्य में उनका सहयोग कर रहे हैं।

# 'सरकार गांव के द्वार' एक बड़ी पहल : सुनील बिट्टू

## मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार ने ग्राम पंचायत कालेअंब में सुनीं लोगों की समस्याएं

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सरकार गांव के द्वार' के तहत बुधवार को हमीरपुर की निकटवर्ती ग्राम पंचायत कालेअंब में लोगों की समस्याओं की सुनवाई के साथ-साथ सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान गांव कालेअंब, भारीं, भलेड़ा, गाहरा, रोपा, गजोह और आसपास के गांवों की समस्याओं की सुनवाई की गई।

इस अवसर पर सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश भर में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आरंभ किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में मुख्यमंत्री का यह एक और सराहनीय कदम है। इससे जहां लोगों की कई छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान मौके पर ही हो जाएगा, वहीं सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी। सुनील शर्मा बिट्टू ने इस सराहनीय पहल के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे आम लोगों से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। इसमें अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान निर्मला डोगरा और रत्न चंद डोगरा ने सुनील शर्मा बिट्टू और अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा काले अंब में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तेजनाथ, पुरुषोत्तम कालिया, नरेश ठाकुर, राकेश रानी, विक्रम शर्मा, राजेश ठाकुर आदि कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।



कालेअंब में सुनील शर्मा बिट्टू लोगों की समस्या सुनते हुए।

### 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच

**बड़ा।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाया गया 'सरकार गांव के द्वार' कार्यकम लोगों की जन समस्याओं के समाधान के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए इस कार्यक्रम से लोग प्रदेश सरकार के समक्ष अपनी जन समस्याओं को खुले मंच में रख सकेंगे। यह बात कांग्रेस के पूर्व मंडलाध्यक्ष मोहन कौंडल एवं कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी ने एक विशेष वार्ता के दौरान कही।

इस अवसर पर उनके साथ पंचायत पुतड़ियाल के उपप्रधान संजीव कुमार, संदीप कुमार दीप, कांग्रेस किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कुलदीप पटियाल, प्रवीण चौधरी आदि विशेष रूप से शामिल थे। इन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री सुक्खू कि दूरदर्शी सोच है क्योंकि उन्हें मालूम हैं कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से प्रदेश का हर व्यक्ति अपनी जन समस्या को सीधे प्रदेश के जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठा सकता है। इस कार्यक्रम से लोगों कि जन समस्याओं का समाधान होगा और विकास को भी गति मिलेगी। इन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो यह कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री ने जब से प्रदेश कि सत्ता संभाली हैं नादौन में कोई भी विकास नहीं हुआ तो वे अपनी आंखों से काला चश्मा उतार कर नादौन में हो रहे विकास को देखें। नादौन में अग्निश्मन केंद्र का खुलना जिसका भवन तैयार हैं मात्र लोकार्पण शेष हैं। 28 करोड़ कि लागत से बनने वाले टूरिज्म होटल का शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं करना आदि कई विकास कार्य हैं।

# बारिश न होने के कारण खांसी जुकाम के मरीजों में इजाफा


राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज में ओपीडी में सर्दी-जुकाम के मरीजों की लगी भीड़।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में बारिश न होने के कारण अब मरीजों को सूखी खांसी, बुखार, जुकाम हो रहा है। मेडिसिन वार्ड में रोजाना मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं।

बारिश न होने के कारण कोहरा पड़ रहा है, जिस कारण बीमार हो रहे हैं। मेडिसिन वार्ड के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं। मेडिसिन वार्ड की रोजाना की ओपीडी 600 से 650 के बीच होती है, लेकिन आजकल ओपीडी 700 से 800 के बीच पहुंच गई है। लोगों का कहना है कि कोहरा पड़ने के कारण सूखी खांसी, जुकाम, बुखार फैल रहा है। मेडिसिन वार्ड में भी घंटों तक इलाज लेने के लिए कतार में लगना पड़ रहा है।

### 700 से 800 रोजाना हो रही ओपीडी

> अस्पताल में हर व्यक्ति का इलाज हो रहा है और रोजाना हॉस्पिटल में 700 से 800 के करीब ओपीडी हो रही है और हर मरीज का सही से चेकअप हो रहा है।
> -डॉ. रमेश भारती, मेडिकल कॉलेज

# हनोह के जंगल में तेंदुए के दहाड़ने से सहमे लोग

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज की विभिन्न पंचायतों में आजकल तेंदुए ने नाक में दम कर रखा है। हनोह जंगल के नजदीकी गांवों में तेंदुए के मिलने से गांवों में दहशत का महौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही गांव जड़ोह, हनोह, फकडुही, नवलाख इत्यादि के नजदीक तेंदुआ दहाड़ने लगता है। दिन के समय भी तेंदुआ इन गांवों में दिखाई दे रहा है,जिससे लोगों में तेंदुए का खौफ बना हुआ है।



लोगों का मानना है कि यह वही मादा तेंदुआ है जिसने गत वर्ष लोगों को घायल किया था। पहले भी लोगों ने तेंदुए को उनके दो बच्चों सहित इलाके में देखा था। लोगों का कहना है कि शाम के समय बाहर निकलना मुश्किल हो गया है अब उनको अंधेरे में जाने से डर लग रहा है और खेतों-खलिहानों में भी अकेले जाने से तेंदुए का खौफ बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को भी स्कूल भेजना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों में प्रधान बोहरा राम, संदेश कुमार, राजिंद्र सिंह, हुकम चंद, धर्म चंद, रमेश कुमार, तिलक राज, राकेश कुमार, राज कुमार, मिलखी राम, राजेश शर्मा, बलदेव शर्मा इत्यादि ने वन विभाग से मांग की है कि शीघ्र क्षेत्र में पिंजरे लगाए जाएं।

उधर इस बारे वन रक्षक दीपक कुमार का कहना है कि यदि आवश्यक हुआ तो क्षेत्र में पिंजरे लगवा दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को भी हिदायत दी है के वे सावधानी बरतें व रात के समय जंगल से होकर सफर न करें।

# युवक ने महिला को मारे थप्पड़, केस दर्ज

**टौणी देवी।** थाना भोरंज के तहत गाड़ी चला रही महिला को रॉन्ग साइड खड़ी गाड़ी के चालक ने थप्पड़ मार दिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक नीलम कुमारी पत्नी शिशुपाल गांव चंबोह की शिकायत पर एफआईआर नंबर 15/24 धारा 341, 323, 504, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता अपनी गाड़ी नंबर एचपी 23डी-0810 में गधियानी से अपने घर चंबोह जा रही थी। जैसे ही वह कलाहू मोड़ के पास पहुंची तो गाड़ी नंबर एचपी 37एफ-2067 सड़क के रॉन्ग साइड खड़ी थी। महिला ने चालक को गाड़ी को साइड लगाने को कहा तो वह गाली-गलौज पर उतर आया। शिकायत पत्र के मुताबिक इसी बीच आरोपी ने महिला को थप्पड़ मार दिए। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

# भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी और विनोद ने उपमुख्यमंत्री के बयान पर किया पलटवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा के प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी और विनोद ठाकुर ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बयान पर पलटवार करते हुए लोकसभा चुनाव में अपनी हार निश्चित देखकर श्रीराम प्रभु की कसम खाकर अपनी पार्टी की डूबती नाव को बचाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी के निमंत्रण ठुकराने के बाद कांग्रेस का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है।


महेंद्र धर्माणी


विनोद ठाकुर

भाजपा प्रवक्ताओं ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमेशा दोहरी नीति अपनाकर जनता को गुमराह करके वोट हासिल करती रही है और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पक्षधर रही है। आज अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देखकर कांग्रेस नेता श्रीराम की कसम खाने के लिए और सत्ता प्राप्त करने के सपने देख रहे हैं। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व यानी तथाकथित गांधी परिवार हमेशा भारतीय संस्कृति और सनातन का विरोधी रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताने वाले अब देश काल्पनिक होने लगे हैं। भाजपा प्रवक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के संगठन व सरकार में आपसी तालमेल की कमी का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे प्रदेश का विकास प्रभावित हो रहा है। पार्टी संगठन के पदाधिकारी व विधायक सरकार की कार्यप्रणाली को पक्षपात पूर्ण बताकर कई बार सरकार को कटघरे में खड़ा कर चुके हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के बयान भी कई बार मुख्यमंत्री तथा उनकी सरकार को असहज कर चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भरेड़ी में पानी के लिए मचा हाहाकार



**भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल के भरेड़ी कस्बे में लगातार सात दिन से पानी की समस्या बनी हुई है। नलों में पानी न आने की वजह से लोगों को भारी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। जलशक्ति विभाग को इसके बारे में अवगत करवाने के बावजूद पानी की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

### भोरंज की पंचायतों में बिजली गुल, लोग परेशान



**जाहू।** भोरंज उपमंडल की एक दर्जन से अधिक पंचायतों की बुधवार सुबह छह बजे से बिजली गुल होने से लोगों व दुकानदारों को काफी परेशानी से गुजरना पड़ा। बिजली के बंद होने से सरकारी कार्यालयों में भी कार्य प्रभावित होता हुआ दिखा। बुधवार सुबह छह बजे के आसपास बिजली गुल हो गई, जिससे स्कूली बच्चों, अध्यापकों, व कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जबकि बच्चे व अभिभावक लोकमित्र केंद्रों व साइबर कैफे में अपने प्रमाण पत्र बनाने और अन्य कार्य करवाने के लिए पहुंचे परंतु दो-तीन घंटे तक बिजली आने का इंतजार के बाद बिना काम करवाए घरों को लौटना पड़ा। लोगों व दुकानदारों देश राज, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, रजनीश कुमार, रमेश चंद आदि ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही की बजह से लगभग आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इनका कहना है कि एक जंपर के खराब होने पर उसे ठीक करने में लगभग आठ घंटे लग जाते हैं। बिजली सुबह छह बजे गुल हो गई जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। मटन सिद्ध बिजली कार्यालय के अधिशाषी अभियंता अमित धीमान ने बताया कि जंपर के खराब होने की बजह से बिजली सप्लाई बंद हुई थी।

### संतोष बने राज्य सहकारी संघ के जिला डायरेक्टर

**धनेटा।** नादौन ब्लाक के धनेटा क्षेत्र से संतोष शर्मा को हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी संघ का जिला हमीरपुर का डायरेक्टर नियुक्त किया है। जिससे धनेटा क्षेत्र में खुशी की लहर है। इससे पता चलता है मुख्यमंत्री सुक्खू पार्टी के कार्यकर्ताओं की कितनी इज्जत व सम्मान करते हैं। इस बात का अंदाजा उनकी सादगी व दूरदर्शी सोच से लगाया जा सकता है। वह समय आने पर आम कार्यकर्ता को कोई अच्छा पद देकर सम्मानित करते हैं। इसके लिए धनेटा मंडल के प्रधान कैप्टन सुनील दत्त शर्मा, जिला परिषद सदस्य संजय कुमार, कोषाध्यक्ष भरतभूषण, सोनू धीमान, रजनीश, बूथ प्रभारी बाग सोनू शर्मा आदि ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है कि पार्टी के एक आम कार्यकर्ता को इस पद पर नियुक्त किया है। संतोष शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मुझे जो जिम्मेदारी प्रदान की है मैं उसे पूरी ईमानदारी से निभाउंगा।

### भाजपा की बैठक में लोकसभा चुनावों बारे हुई चर्चा

**नादौन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नादौन की बैठक मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री तथा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला महामंत्री राकेश ठाकुर, जिला महामंत्री अजय रिंटू, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जिला पार्षद आशीष डोगरा, महामंत्री अजमेल वर्मा, महामंत्री, सुरेंद्र शिंदा तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं ग्राम केंद्र अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में अगामी लोकसभा चुनावों बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी राजेश रिंकू ने बताया कि पार्टी में चुनाव के विषय को लेकर केंद्र की ओर से आए दिशा-निर्देशों के अनुसार अमलीजामा पहनाने तथा आने वाले लोकसभा चुनाव में किस तरह से पार्टी का पक्ष रखा जाए। इसके बारे में विस्तार से चर्चा की तथा एक सुदृढ़ योजना बनाई गई जिसके लिए सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी स्वीकृति दी तथा अयोध्या में 22 तारीख को होने वाले प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भी कई लोगों ने अपनी सहमति दी तथा अपना नाम दर्ज करवाया इस कार्यक्रम में विजय अग्निहोत्री ने देशराज शर्मा एवं प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना योगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

# जाहू बस अड्डे पर दो गुटों में चले लात घूंसे

**जाहू।** जाहू बस अड्डे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक ही दो गुटों में लात-घूंसे बरसने शुरू हो गए। जाहू बस अड्डे पर लगभग 11 बजे के आसपास एक बस से सवारियां बस अड्डे पर उतरी तो उनमें से तीन लड़के जैसे ही बस अड्डे पर उतरे तो उनमें लात घूसे चलना शुरू हो गए। लोगों ने इकट्ठे होकर दोनों गुटों के लोगों को शांत किया और पूछा कि ऐसा क्यों हो रहा है तो पता चला कि यह तो लड़की से छेड़छाड़ का मामला है। इसके बाद दोनों गुटों के लोग बसे अड्डे से भाग गए। पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।


जाहू बस अड्डे पर आपस में भिड़ते दो गुट।

# हरिजन बस्ती मसलाना को कब मिलेगी सड़क सुविधा?

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

विधानसभा क्षेत्र बड़सर में आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क सुविधा से महरूम है। हरिजन बस्ती मसलाना बिझड़ी ब्लॉक की हरसौर पंचायत के मसलाना कलां की हरिजन बस्ती के प्रीतम चंद पुत्र करम चंद की देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई।

सड़क सुविधा न होने की वजह से ग्रामीणों ने उबड़-खावड़ रास्ते से मरीज को चारपाई पर लेटकर सड़क तक पहुंचाया और टैक्सी में डालकर सिविल अस्पताल बड़सर में लेकर गए। डॉक्टरों ने मरीज को प्राथमिक उपचार देने के बाद अस्पताल में एडमिट कर लिया। क्षेत्र वासियों ने कुछ लोगों की तानाशाही को लेकर सवाल उठाए हैं कि शामलात भूमि होने के कारण भी गांव तक सड़क पहुंचने में अड़ंगा डाल रखा है।

क्षेत्र के लोगों ने सरकार से मांग की है कि मसलाना हरिजन बस्ती को सड़क सुविधा से जितनी जल्दी हो सके जोड़ा जाए, अन्यथा ग्रामीण आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने पर मजबूर हो सकते हैं। लोगों का यह भी कहना है कि चुनाव के वक्त नेता उन्हें ध्यान में लेकर वोट डलवा लेते हैं परंतु जब जनहित की बात आए तो सब कुछ धरे का धरा रह जाता है। इस संबंध में विधायक लखनपाल से जब दूरभाष पर बात हुई तो उन्होंने बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने 56 लाख रुपए का बजट मंजूर हो चुका है। शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिए जाएगा। उनका यह भी कहना था कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा कोर्ट से स्टे लिया है, लेकिन वह शीघ्र ही केस को वापस ले रहा है। स्टे समाप्त होने के तुरंत बाद सड़क का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिए जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### सड़क सुविधा न होने से मरीजों को होती है भारी परेशानी

# 30 किमी दायरे से बाहर तबादले की शर्त करें रिव्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हाल ही में हिमाचल के सरकारी स्कूलों में तैनात शिक्षकों के तबादला नीति में सरकार ने बड़ा बदलाव किया है। शिक्षकों के तबादले के लिए अब 30 किलोमीटर की दूरी तय कर दी है, यानी एक स्कूल से दूसरे स्कूल पर तबादला होने के लिए तीस किलोमीटर की दूरी होना अनिवार्य है। इस शर्त के बाद हमीरपुर और ऊना जिला में हो रहा है, जहां 30 किलोमीटर दायरे के चलते अधिकांश शिक्षकों को जिले से बाहर तबादले करवाने पड़ रहे हैं। इसके चलते इस दायरे को 20 किलोमीटर तय करने की मांग शिक्षक संगठनों ने उठाई है।

राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने प्रदेश सरकार से इस नियम को रिव्यू करने की मांग उठाई है, क्योंकि यह निर्णय बैकडेट से लागू किया जा रहा है। निर्णय को अधिसूचना की तिथि के बाद से ही लागू करना कानूनी रूप से सही होगा।

पूर्व सरकारों द्वारा किए गए तबादला आदेशों में जिन शर्तों में छूट देकर तबादले हुए हैं, वे सारे तबादले अवैध नहीं माने जा सकते हैं और उनके स्टे की अवधि को नए नियम के अनुसार क्लब करना और उसी स्टे के आधार पर नया तबादला 30 किलोमीटर से अधिक दूरी पर करना वैधानिक दृष्टि से चुनौती योग्य है। नया नियम अधिसूचना की तिथि के उपरांत होने वाले तबादलों पर ही लागू किया जाए। इस बारे में संघ की नादौन इकाई ने भी मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। टीजीटी कला संघ ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि 26 जनवरी से तबादलों पर लगी रोक हटाई जाए और दूरी की शर्त 30 किलोमीटर से घटाकर 20 किलोमीटर किया जाए।

इसके अलावा मंहगाई भत्ते की बकाया किश्तें भी शीघ्र जारी की जाएं। वहीं टीजीटी कला संघ ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव से आग्रह किया है कि कक्षा 10वीं में सामाजिक अध्ययन विषय के पेपर के लिए अवकाश दिया जाए, जिसका आश्वासन बोर्ड के पूर्व सचिव डॉ. हरीश गज्जू ने संघ को दिया था और इसके चलते अधिक पाठ्यक्रम वाले सामाजिक अध्ययन के पेपर की तैयारी को अवकाश मिलता था।

### शिक्षा बोर्ड सामाजिक अध्ययन विषय के पेपर्स में दे अवकाशः संघ

## डीएसपी केडी शर्मा ने किया चेन्नई मराठा रेस्तरां का शुभारंभ

# मनाली में पर्यटक भारतीय व्यंजनों का उठाएंगे आनंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली में पर्यटक अब भारतीय व्यंजन का आनंद उठाएंगे। डीएसपी केडी शर्मा ने बुधवार को मनाली में चेन्नई मराठा रेस्तरां का शुभारंभ किया। देश-विदेश से मनाली आने वाले पर्यटक अब चेन्नई मराठा रेस्तरां में दक्षिण भारतीय व्यंजनों का आनंद लेंगे, हालांकि मनाली में पर्यटकों की सुविधा के लिए अनेक रेस्तरां मनाली में खुले हैं, लेकिन इस रेस्तरां की अपनी अलग ही पहचान है।

रेस्तरां का शुभारंभ करने के बाद डीएसपी केडी शर्मा ने कहा कि चेन्नई मराठा के रेस्तरां में पर्यटक दक्षिण भारतीय व्यंजनों का स्वाद चखेंगे। उन्होंने रेस्तरां के संचालक को बधाई दी और बेहतर कारोबार की शुभकामनाएं दीं। रेस्तरां के संचालक प्रशांत पटेल, मनीष उप्पल व राकेश चंदन ने बताया कि उनके रेस्तरां में पर्यटकों को भारतीय मराठे व दक्षिण भारत के व्यंजनों का आनंद मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनकी ओर से पर्यटकों का अतिथि देवो भवः की तर्ज पर स्वागत किया जाएगा और बेहतरीन सेवाएं देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अप्पे रेसिपी रेस्तरां का विशेष पकवान है। इन पर्यटन कारोबारियों ने बताया कि पर्यटकों के बेहतरीन सेवाएं देना उनकी प्राथमिकता रहेगी।


रेस्तरां का शुभारंभ करते डीएसपी केडी शर्मा, साथ हैं अन्य।

# सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल के अधीन आने वाली शहीद अंकुश ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनोह में बुधवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों व अध्यापकों ने रैली निकाल कर लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

प्रधानाचार्य अशोक ठाकुर ने रैली को रवाना किया तथा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए यातायात के नियम मानव के हित में हैं। इनका सख्ती से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन पर बैठने के लिए दोनों सवारियों को हैल्मेट पहना जरूरी किया गया है। इसी तरह कार चलाते वक्त शीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि वाहन चालाकों की लापरवाही के कारण अधिकाशं दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे बचने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। उन्होंने स्कूली बच्चों को सड़क को पार करने के तरीकों से भी जागरूक किया। इस दौरान स्कूल सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी अनीता कुमारी, चमन लाल, संजय ठाकुर, लीला देवी, किशोरी लाल, रमेश डोगरा, सतनाम चड्ढा, दलवीर सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

> यातायात के नियमों का सख्ती से पालन करने पर दूर होगी दुर्घटनाएं: अशोक



शहीद अंकुश ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनोह में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रैली निकालते बच्चे व अध्यापक।

**समस्या** लोग सीढ़ी लगाकर आर-पार जाने को हैं मजबूर

# बरसात में टूटा रास्ता नहीं बना आज तक

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

हमीरपुर जिला के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की गवारडू पंचायत के वार्ड नंबर छह में बरसात में टूटा आम रास्ता अब तक नहीं बन पाया है। टूटे हुए रास्ते पर एक लोहे की सीढ़ी रख लोग आर-पार जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि आपदा के नाम पर आई राशि कहां है और पांच माह से टूटा रास्ता क्यों नहीं बन पा रहा है? ग्रामीणों का आरोप है कि कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

इस बारे में ग्रामीण रोशन लाल, सुरजीत, प्रकाश चंद, मिलाप चंद, सिमरो देवी व कांता देवी इत्यादि का कहना है कि पिछले साल 13 अगस्त 2023 को हुई तबाही में उनके गांव का मुख्य रास्ता तो टूट गया था और बीच में खाई बन गई, जिस पर एक लोहे की सीढ़ी रख लोग आर-पार जाने को मजबूर हैं। रास्ता टूटने की रिपोर्ट स्थानीय पटवारी और पंचायत प्रधान को दी गई। आपदा के नाम पर अगर पंचायत को पैसा आया तो अब तक उनका रास्ता क्यों नहीं बना। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है कि उन्हें आ रही दिक्कत को शीघ्र दूर किया जाए।


रास्ते को आर-पार करने के लिए लगाई गई सीढ़ी।

> मामला उनके ध्यान में है, जियो टैग होते ही टूटे हुए रास्ते का काम शुरू कर दिया जाएगा ताकि लोगों को आ रही दिक्कतें दूर हों।
> -सरोज कुमारी, प्रधान

# शोध कार्यों से जुड़े संस्थानों के छात्रों को इंटर्नशिप का प्रावधान करें

**एजेंसी, देहरादून**

मुख्य सचिव ने उत्तराखंड में भूस्खलन से संबंधित स्थापित शोध,अध्ययन डेडीकेटेड सेंटर को विश्व स्तरीय बनाने पर जोर देते हुए कहा कि भूस्खलन की शिक्षा और शोध कार्यों से जुड़े संस्थानों के छात्रों को अपने संस्थान में इंटर्नशिप का प्रावधान रखा जाए।

सचिवालय में मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने उत्तराखंड लैंडस्लाइड मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर के अगले पांच सालों की कार्ययोजना पर सेंटर के अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भूस्खलन से संबंधित शोध, अध्ययन के साथ ही उपचार के लिए एक डेडीकेटेड सेंटर बनाया गया है। अब इसे विश्व स्तरीय बनाने के लिए हम सब को मिलकर कार्य करना है ताकि प्रदेश के साथ ही देश और अन्य देशों, जो कि भूस्खलन जैसी आपदा से ग्रस्त हैं, उनको तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा सके। मुख्य सचिव संधू ने कहा कि इस प्रकार के कार्यों से जुड़े विश्व के अन्य संस्थानों के साथ सहभागिता कर के अपनी-अपनी तकनीक और शोध डाटा का आदान-प्रदान कर भूस्खलन न्यूनीकरण और प्रबंधन की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए।

**अगले पांच सालों की योजना की एक्टिविटी की टाइमलाइन निर्धारित करें**



### गणतंत्र दिवस पर 'सड़क सुरक्षा फोर्स' लोगों की सेवा में समर्पित की जाएगी

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर सीएम भगवंत मान ने 461 नौजवानों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**एजेंसी, चंडीगढ़**



श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर बुधवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 461 नौजवानों को नियुक्ति पत्र सौंपे और लोगों को इंसाफ दिलाने के लिए दसमेश पिता के नक्शे कदम पर चलने का न्योता दिया।

चंडीगढ़ में आयोजित समागम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पवित्र दिवस पर हम सभी को अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी, लगन और लगन के साथ निभाने का प्रण लेना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि हमें श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के दर्शाए मार्ग पर चलते हुए लोगों की सेवा उत्साह के साथ करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह म्यूंसिपल भवन ऐसे कई समागमों का गवाह रहा है, जिसमें नौजवानों को अलग-अलग सरकारी विभागों में नौकरियां मिलीं हैं। उन्होंने कहा कि यह नौजवानों की भलाई के लिए रोज़गार के नए रास्ता खोलने के लिए राज्य सरकार की वचनबद्धता को दर्शाता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह उनके लिए बहुत ही मान और संतोष की बात है कि अब तक 40 हजार से अधिक नौजवानों को केवल योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियों के लिए चुना गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर सड़क सुरक्षा फोर्स लोगों की सेवा में समर्पित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस समय पर यह फोर्स कपूरथला में प्रशिक्षण ले रही है और राज्य में सड़क हादसों के कारण होने वाली मौतों की दर को घटाने के लिए और राज्य की सड़कों पर यातायात को सुचारु बनाने के लिए इस फोर्स की शुरुआत की जाएगी।

# देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा पंच हुई लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**11** लाख की शुरुआती कीमत में मिलेगी

**421** किलोमीटर की रेंज का दावा



टाटा मोटर्स ने बुधवार 17 जनवरी को 10.99 लाख की शुरुआती कीमत में इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा पंच लॉन्च की। इसका टॉप वैरिएंट 14.49 लाख रुपए में मिलेगा। स्टैंडर्ड पंच ईवी में 25 kWh का बैटरी पैक लगा है। इसमें 315 किमी की सर्टिफाइड रेंज का दावा किया गया है। लॉन्ग रेंज वैरिएंट में 35 kWh का बैटरी पैक है। इसमें 421 किमी रेंज का दावा किया गया है।

यह ईवी 10 से 80 प्रतिशत तक 56 मिनट में किसी भी 50Kw के DC फास्ट चार्जर से चार्ज हो सकती है। इसमें वाटर प्रूफ बैटरी दी गई है जिस पर आठ साल या 1,60,000 किमी की वारंटी है। टाटा का यह पहला प्रोडक्ट है जो acti.ev आर्किटेक्चर पर बना है। कंपनी ने कार को पांच जनवरी को ऑफिशियली अनवील किया था। यह भारत की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक एसयूवी है। टाटा पंच ईवी की बुकिंग पहले ही शुरू हो गई है। इसे 21,000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक कर सकते हैं। डिलीवरी 22 जनवरी से शुरू होगी।

## न्यूज ब्रीफ




गंगोत्री धाम में शुरू हुई बर्फबारी, दिलकश हुआ नजारा।

### चारधाम यात्रा-2024 से पूर्व सभी सड़कों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**देहरादून।** पर्यटन व संस्कृति, मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा-2024 प्रारंभ होने से पूर्व सभी सड़कों को दुरुस्त करने के साथ-साथ वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए डेस्टिनेशन स्थलों तक पर्यटकों और यात्रियों के पहुंचने के लिए सड़कों का उचित प्रबंध किया जाए। सचिवालय स्थित वीर चंद्रसिंह गढ़वाली सभागार (पंचम तल) विश्वकर्मा भवन में आयोजित एक बैठक के दौरान पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, धर्मस्व एवं संस्कृति, मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा-2024 की पूर्व तैयारियों के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से यह बातें कहीं।

### गुरु गोबिंद सिंह जी का 352वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

**हरिद्वार।** सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह का 352वां प्रकाश पर्व कनखल स्थित ऐतिहासिक तप स्थल तीजी पातशाही गुरु अमर दास गुरुद्वारा में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन हुआ। अरदास की गई और कड़ा प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही अटूट लंगर का आयोजन किया। इस अवसर पर शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने बड़े मनोभाव से अपने गुरु गुरु गोविंद सिंह का भावपूर्ण स्मरण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### जम्मू में रात के तापमान में सुधार कश्मीर में हाड़ कंपाने वाली ठंड जारी

**जम्मू।** जम्मू में रात के तापमान में काफी सुधार लेकिन कश्मीर में हाड़ कंपा देने वाली ठंड जारी रही। इसी बीच मौसम विज्ञानियों ने 25-27 जनवरी तक जम्मू-कश्मीर में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी की जताई है। हालांकि 24 जनवरी तक शुष्क मौसम जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 28-30 जनवरी तक छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी की भी संभावना है। उन्होंने कहा कि जम्मू संभाग में अगले दो दिनों के दौरान दृश्यता और अधिकतम तापमान में सुधार होने जा रहा है, जहां पर सुबह के समय कोहरा छाया रहता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दोस्त घायल

**पलवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बहरोला मोड़ के निकट कार्यक्रम में शामिल होकर फरीदाबाद लौट रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। एक दोस्त घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद बुधवार को उसके परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार करमन गांव निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका दोस्त फरीदाबाद सेक्टर 23 निवासी राहुल उसके घर पर एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था।

## पंजाब के सात जिलों में कोहरे का रेड अलर्ट

**चंडीगढ़।** उत्तर भारत में पहाड़ से लेकर मैदान तक जमा देने वाली ठंड ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। घने कोहरे के साथ भीषण शीतलहर ने मुश्किलें और बढ़ा दी है। पंजाब में तापमान में गिरावट हो रही है। दृश्यता कम होने से यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई है।

पंजाब में रात के तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल कड़ाके की इस ठंड से राहत नहीं मिलेगी। विभाग ने बुधवार के लिए पंजाब के सात जिलों पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, जालंधर में बेहद घना कोहरा पड़ने की भविष्यवाणी की है। इसके साथ ही इन जिलों में सीवियर कोल्ड डे की स्थिति रहेगी व शीत लहर भी चलेगी। जबकि बाकी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुरुवार से लेकर अगले तीन दिनों का यलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार सुबह बेहद घना कोहरा छाए रहने के चलते बठिंडा में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। वहीं पटियाला में 25 मीटर और लुधियाना व अमृतसर में 50-50 मीटर की दर्ज की गई।

# ट्राले से टकराई पुलिस बस, महिला कांस्टेबल समेत चार कर्मियों की मौत

## गुरदासपुर जा रही थी पुलिस बस, घने कोहरे की वजह से हुआ हादसा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब में घने कोहरे के कारण बुधवार की सुबह हुए सड़क हादसे में तीन पुलिस कर्मियों की मौत हो गई जबकि दस घायल हो गए। पुलिस कर्मचारी जालंधर स्थित पुलिस अकादमी से गुरदासपुर के लिए जा रहे थे। हादसा सुबह करीब छह बजे हुआ है। बस में बीस पुलिस कर्मचारी सवार थे।

पंजाब पुलिस अकादमी जालंधर से एक बस बीस पुलिस कर्मियों को लेकर गुरदासपुर के लिए रवाना हुई। रास्ते में कोहरा घना था। मुकेरियां के पास सड़त किनारे एक ट्राला खड़ा था। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने पर पुलिस कर्मचारियों से भरी यह बस इस खड़े ट्राले से टकरा गई। हादसे के बारे में पता चलते ही आसपास के ग्रामीण तथा स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।



बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से ट्राले के बीच घुस गया था। इससे बस के चालक तथा उनके पीछे बैठी एक महिला कांस्टेबल व एक अन्य पुलिस कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दस अन्य पुलिस कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को जालंधर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल के निकट स्थित धार्मिक स्थल में सेवा करने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि हादसे के बाद बस में ही सवार कर्मचारी उनके पास आए और घटना के बारे में बताया।

इसके बाद स्थानीय लोग मदद को पहुंचे। कई पुलिस कर्मचारी जख्मी हालत में बस में फंसे हुए थे। उनको बाहर निकाल कर इलाज के लिए मुकेरियां सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

### मृत तीन पुलिस कर्मियों के आश्रितों को दो-दो करोड़ की सहायता देगी पंजाब सरकार

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को होशियारपुर के नज़दीक सड़क हादसे में तीन पुलिस कर्मचारियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवारों को दो-दो करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हादसे में पुलिस मुलाजिमों की जान जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह राज्य के लिए और पीड़ित परिवारों के लिए बहुत बड़ा घाटा है। उन्होंने कहा कि इस सहायता राशि में से एक-एक करोड़ रुपए राज्य सरकार की ओर से एक्स-ग्रेशिया के तौर पर दिए जाएंगे, जबकि एक-एक करोड़ रुपए बीमा की रकम एचडीएफसी बैंक की ओर से दी जाएगी।

**डीपफेक मामला**

### जालंधर में प्रिंसिपल की आपत्तिजनक फोटो वायरल अभिभावकों ने जताया रोष



**जालंधर।** जालंधर में डीपफेक से फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। होशियारपुर रोड पर एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल हुई हैं। इन फोटो में प्रिंसिपल स्कूल की ही दो अलग अलग टीचर्स के साथ दिख रहा है।

वहीं फोटो वायरल होते ही स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों में रोष फैल गया। अभिभावकों ने स्कूल पहुंच कर हंगामा कर दिया। पेरेंट्स का कहना है कि इससे हमारे बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है। अभिभावकों की मांग है कि स्कूल प्रशासन की ओर से उक्त प्रिंसिपल के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## सचिव और कृषि-उद्यान अधिकारियों को ग्राउंड पर उतरकर कार्य करने के निर्देश



**देहरादून।** कृषि और कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सचिव कृषि सहित जिला कृषि उद्यान अधिकारियों ग्राउंड पर उतरकर कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के आवंटित बजट को ससमय खर्च करें। बुधवार को कैंप कार्यालय में विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने कृषि एवं उद्यान विभाग की संयुक्त बैठक की गई। समीक्षा के दौरान विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को केंद्र पोषित एवं राज्य पोषित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली।

कृषि मंत्री जोशी ने विभाग की ओर से स्वीकृत बजट को समय पर खर्च न करने पर सचिव कृषि को अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य पोषित योजनाओं के क्रियान्वयन में लेटलतीफी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को किसानों को पौध, बीज, खाद, कृषि उपकरण दवाइयां इत्यादि समय पर उपलब्ध किया जाए। उन्होंने कहा कौन सी फसल का बीज कब किसानों को मिलना चाहिए तथा कौन सी खाद, दवाइयां कास्तकारों की दी जानी है।

**यह बात विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने कृषि एवं उद्यान विभाग की संयुक्त बैठक की**

मंत्री ने टेंडरिंग प्रक्रिया समय पर किया जाए और कैलेंडर के अनुरूप बागवानों कृषकों को समय पर उपलब्ध कराने के अधिकारियों को ठोस निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा लापरवाही बरतने पर अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री मधु ग्राम योजना के संबंध में भी अधिकारियों को शीघ्र प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

## ससुर ने पुत्रवुध के साथ किया दुष्कर्म, नौ सदस्यों पर केस दर्ज

**पलवल।** पलवल में शादी के बाद दहेज की मांग को लेकर विवाहिता दो बहनों से मारपीट कर तंग करने एवं ससुर द्वारा दुष्कर्म करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। महिला थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर बुधवार को नौ नामजद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार उपमंडल हथीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक विवाहित ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है उसकी व उसकी बहन की शादी एक ही घर में हुई थी। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लूकमान, सलमान, जैद, फत्ते मौहम्मद, नौमान व दो तीन अन्य उन दोनों बहनों को दहेज के लिए परेशान करने कर मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं आरोपी मारपीट कर दहेज की मांग पूरी न होने पर उन्हें जान से मारने की भी धमकी देने लगे। लेकिन दोनों बहनें घर बसाने के चलते आरोपियों के अत्याचारों को सहती रही।

उसने दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके साथ उसके ससुर ने जबरन दुष्कर्म किया। उसने विरोध किया तो उसके साथ पूरे परिजनों ने मारपीट की और उसे बचाने के लिए जब उसकी बहन आई तो उसके साथ भी मारपीट की और इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला थाना प्रभारी सुशीला ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर शाहपुरकंडी में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में बुधवार को गुरुद्वारा श्री सिंह सभा शाहपुरकंडी टाउनशिप की ओर से सभा के अध्यक्ष जत्थेदार सुखविंदर सिंह गोराया की देखरेख में गुरुद्वारा परिसर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पवित्र मौके पर गुरुद्वारा साहिब में सुबह से ही कई धार्मिक कार्यक्रम शुरू किए गए जिसमें सबसे रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब जी के भोग डाले गए। उसके उपरांत टाडी जत्थो की ओर से उपस्थित संगत को गुरु इतिहास से जोड़ा। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुखविंदर सिंह गोराया ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए कहा की आज सभी अपने अपने घरों में दीपमाला करे। इस मौके पर प्रधान सुखविंदर सिंह गोराया की अलावा, महासचिव स्वर्ण सिंह, मास्टर कमलजीत सिंह ,हरजिंदर सिंह ,कुलविंदर सिंह, रमिंदर सिंह,हरजीत सिंह ,सुरेंद्र सिंह ,अजीत सिंह, हरि सिंह, गुरिंदर सिंह ,मनजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में संगत उपस्थित थी।



शाहपुरकंडी के गुरुद्वारा परिसर में लोगों को लंगर बांटते कमेटी के सेवादार।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** व्यावसायिक संदर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर बहुत ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने वाक् चातुर्य से कार्य बना लेंगे। व्यापार-व्यवसाय में यश कीर्ति की वृद्धि होगी।

**वृषभ :** भाग्य आपको अपने वास्तविक लक्ष्य से विपरीत दिशा की ओर ले जाने को अग्रसर है। वर्तमान समय शुभ फल प्रदान करने वाला है। वाणी पर नियंत्रण रखें। बने काम बिगड़ सकते हैं।

**मिथुन :** संतान के विवाह की चिंता रहेगी। आज का दिन कुछ मिश्रित परिणाम प्रदान करने वाला हो सकता है। कुछ सकारात्मक घटनाक्रम होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पूंजी निवेश से लाभ संभव।

**कर्क :** आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे और ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाएंगे। आपको अपने कार्यस्थल पर कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है। व्यापार विस्तार की योजना सफल होगी।

**सिंह:** आप अपनी योग्यता को साबित करने के लिए बेहतर अवसरों का सुचारु रूप से लाभ उठाएंगे। आपके व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे। जीवन में नई उड़ान भरने का समय आया है, इसका लाभ लें।

**कन्या :** धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते हैं। मन में कई दुविधाएं चल रही है। आध्यत्मिक बल से लाभ होगा।

**तुला :** आपके लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद का आज अंतिम दिन है। आज महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे। आज ज्यादा घमंड से नुकसान आपको ही हो सकता है।

**वृष्चिक:** बहुत सारी व्यावसायिक गतिविधियां हो सकती हैं, किंतु यह अधर में ही लटक सकती हैं। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश में भटकना पड़ेगा। आप कितना सोचते हैं पर करते कितना हैं।

**धनु:** क्या करूं क्या न करूं इसी स्थिति से आप गुजर रहे है। शांति से फैसले लें, जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें। वाहन क्रय करने का मन बना रहे हैं। अपनी सोच को बदलें, लाभ होगा।

**मकर :** स्त्री जातकों का सहयोग मिलेगा और उनसे सलाह करके किसी कार्य को करना लाभकारी रहेगा। आप दूसरों के लिए बुरा न सोचें। अपने आहार पर नियंत्रण रखें। पेट संबंधित रोग संभव है।

**कुंभ :** आज आपको बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि आप इन अवसरों का कितना लाभ उठा पाते हैं। आज शांति से विचार कर कोई निर्णय लें। आजीविका के स्रोतों में वृद्धि के आसार हैं।

**मीन :** नौकरी में परिवर्तन के लिए यह सही समय नहीं है, इसलिए यथा स्थिति को बनाए रखने का प्रयास करें। कार्य की अधिकता के कारण जरूरी कार्य पूरे नहीं हो सकेंगे। उन्नति के पथ पर अग्रसर होंगे।

### आज का पंचांग

(18 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि** : अष्टमी 08:46 रात्रि तक, **नक्षत्र :** अश्विनी (02:58 रात्रि तक) , **पक्ष :** शुक्ल, **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:10-12:52 रात्रि तक) **राहुकाल :** 01:50-03:10 दोपहर तक।

### विशेष दिन

18 जनवरी 2024 : मासिक दुर्गाष्टमी आज।

सूर्योदय : 07:14
सूर्यास्त : 05:48

**मार्केट** निफ्टी भी 460 अंक टूटा; ऑटो-बैंकिंग शेयर फिसले, ईरान और पाकिस्तान के बीच तनाव से बाजार में दबाव

# सेंसेक्स 1628 अंक गिरकर 71,500 पर बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शेयर बाजार में बुधवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 1628 अंक गिरकर 71,500 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 460 अंक की गिरावट रही। यह 21,571 के लेवल पर बंद हुआ।

बुधवार के कारोबार में ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में सबसे ज्यादा गिरावट रही। तिमाही नतीजों के बाद एचडीएफसी बैंक के शेयर आठ प्रतिशत से ज्यादा टूटे हैं। कोटक बैंक भी करीब चार प्रतिशत नीचे बंद हुआ। वहीं टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति सुजुकी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही।



### बाजार में गिरावट के चार मुख्य कारण :

- बैंकिंग शेयरों में भारी बिकवाली का असर पूरे बाजार पर पड़ा है। इससे निफ्टी बैंक 2.5 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया।
- बाजारों में तेज रैली के बाद लोग कुछ प्रॉफिट बुकिंग कर रहे हैं। मिड और स्मॉल कैप ओवरवैल्यूड हो गए हैं।
- कमजोर ग्लोबल संकेतों ने बाजार को नीचे खींचा है। डाओ जोंस में मंगलवार को 0.62 प्रतिशत की गिरावट रही।
- इसराइल-हमास युद्ध के बाद अब ईरान और पाकिस्तान में तनाव के कारण जियो टेंशन फिर बढ़ने लगी हैं।

### सेंसेक्स को एचडीएफसी बैंक ने सबसे ज्यादा गिराया

**एचडीएफसी** बैंक के शेयर आज 137 रुपए या 8.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,542 रुपए पर बंद हुए। सेंसेक्स को गिराने में इसकी हिस्सेदारी 904 पॉइंट की रही। दरअसल, 30 शेयरों वाले इंडेक्स सेंसेक्स में हर स्टॉक को उसके मार्केट कैप के आधार पर एक वेटेज दिया गया है। ज्यादा मार्केट कैप वाले शेयरों को इंडेक्स में ज्यादा वेटेज मिलता है। जैसे रिलायंस का सबसे ज्यादा मार्केट कैप है, इसलिए उसका वेटेज 11.95 प्रतिशत है। एचडीएफसी बैंक का वेटेज 10.38 प्रतिशत है। वहीं विप्रो का सबसे कम 0.81 प्रतिशत का वेटेज है।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह प्रकाशोत्सव की धूम, गुरुद्वारों में पाठ और शबद कीर्तन का किया आयोजन



प्रकाशोत्सव पर ऊना जिले में कार्यक्रम की झलकियां





अनंत ज्ञान, ऊना

**सरबसंदानी** दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश दिवस हर वर्ष की तरह जिला में बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस उपलक्ष्य में जिला के विभिन्न गुरुद्वारा में पाठ और शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर लंगर में प्रसाद वितरित किया गया। श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव के तहत सप्ताह भर से धार्मिक आयोजन चल रहे थे। बुधवार को सुबह शहर के बाबा साहिब सिंह बेदी प्रमुख गुरुद्वारा में प्रभात फेरी का आयोजन हुआ।

इस उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान गांव कुरियाला से किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी ऊना तक महान नगर कीर्तन बाबा सरबजोत सिंह जी के मार्गदर्शन में किया गया।

यह नगर कीर्तन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया व पांच प्यारों के नेतृत्व में सजाया गया, जो कि कुरियाला से शुरु हुआ था। यह नगर कीर्तन डंगेडा, बरनोह, डंगोली, अजनोली, कोटला कलां, अरनियाला, गलुआ आदि स्थानों से होता हुआ शहर की परिक्रमा करते हुए किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी ऊना में संपन्न हुआ।

इससे पहले नगर कीर्तन का जगह-जगह पर जोरदार स्वागत किया गया। हजारों की संख्या में संगत भी नगर कीर्तन के साथ चल रही थी। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ यह नगर कीर्तन करीब छह घंटों बाद गंतव्य तक पहुंचा।

किला बाबा बेदी साहिब में गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी, बाबा अमरजोत सिंह जी बेदी द्वारा नगर कीर्तन का स्वागत पुष्प वर्षा से किया गया। प्रमुख आकर्षण में नगर कीर्तन के दौरान श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की पालकी को सुंदर रूप में सजाया गया था और सैकड़ों की तादात में श्रद्धालु संगत शब्द कीर्तन करती हुई साथ चल रही थी।

विभिन्न स्थानों पर संगत द्वारा नगर कीर्तन के स्वागत में फलों के अलावा मिठाइयों का भी प्रसाद बांटा गया। श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी को रूमाले व पांच प्यारों को सिरोपा भेंट किए गए। किला बेदी साहिब पहुंचने पर बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी द्वारा पांच प्यारों व संत महापुरुषों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रागी जत्थों द्वारा शब्द कीर्तन किया गया और गुरु गोविंद सिंह जी के इतिहास के बारे में संगत को अवगत करवाया गया।

इस अवसर पर संत बाबा जीत सिंह, बाबा प्रितपाल सिंह, बाबा अमनदीप सिंह, परमजीत सिंह,हरपाल सिंह कोटला, जोगमान सिंह, सुखवंत सिंह, बलविंदर सिंह, सुखविंद्र सिंह, गुरिक्बाल सिंह, गुरमेज सिंह पुबोवाल सहित कई उपस्थित थे। इस अवसर पर गुरु के लंगर का आयोजन भी किया गया।

## गुरु नानक मिशन संस्था गतका अखाड़ा के वीर योद्धाओं ने किया पुरानी युद्ध कला का प्रदर्शन

**बुधवार** को गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर ऊना जिला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गुरु नानक मिशन संस्था गतका अखाड़ा के वीर योद्धाओं द्वारा इस अवसर पर पुरानी युद्ध कला का सुंदर प्रदर्शन किया। कुरियाला गुरुद्वारा साहिब से शुरु हुए नगर कीर्तन के दौरान सिख युवकों द्वारा गतका और तलवारबाजी आदि साहसिक खेल का प्रदर्शन किया। इसमें तलवार के वार से युवक की गर्दन पर रखे नारियल को काटा गया। इस नगर कीर्तन में इस टीम ने कुरियाला से ऊना तक विभिन्न स्थानों पर ऐसे साहसिक खेल का प्रदर्शन किया।



हरोली। सिख धर्म के 10 वे गुरु गुरु गोबिंद सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार को युवाओं द्वारा भदोड़ी में पूरी और आलू सब्जी का लंगर लगाया गया, जिसमें युवाओं द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए राहगीरों को सब्जी व पूरी के लंगर का वितरण किया गया सिख संगतों द्वारा गुरुवाणी का भी पाठ किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क सुरक्षा सप्ताह पर कार्यक्रम आयोजित





सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लोगों को जागरूक करते आर्य पब्लिक स्कूल के बच्चे।

**बंगाणा।** नेहरू युवा केंद्र ऊना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह के नेहरू युवा केंद्र संगठन ऊना के सौजन्य से आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में सड़क सुरक्षा सप्ताह पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नेहरू युवा केंद्र संगठन के उपनिदेशक डॉ. लाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्टूडेंट्स ने रैली निकाली और पेंटिंग प्रतियोगिता में भी सहभागिता की। राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 से 17 जनवरी तक मनाया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र उपनिदेशक डॉ. लाल सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह दुर्घटना और उससे होने वाली मृत्यु की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है, साथ ही यह जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने, पैदल यात्री सुरक्षा और बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे की अनिवार्यता के महत्व को समझाने में मदद करता है। भारत में हर साल लगभग 80 हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं, जो पूरी दुनिया में होने वाली कुल मृत्यु का 13 प्रतिशत है। ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण। इस मौके पर आर्य पब्लिक स्कूल के प्रबंधक जोगिंद्र देव आर्य, शिक्षक नरेश, सीमा, नीना, इंदु समेत अन्य उपस्थित रहे

### नशामुक्त अभियान निरंतर चलाने की अपील की





नशामुक्त ऊना अभियान के तहत अमरोह स्कूल के बच्चों के साथ इंजार्च शिव कुमार।

**बंगाणा।** जिला ऊना के सभी स्कूलों में नशामुक्त ऊना अभियान पर नवचेतना मॉड्यूल पर एक्टीविटी करवाई जा रही है। यह अनोखी पहल कहीं न कहीं बच्चों को मानसिक रूप से और समय के हिसाब से सशक्त बना रही है। यह जानकारी देते हुए बंगाणा ब्लॉक के राजकीय माध्यमिक विद्यालय अमरोह के इंचार्ज शिव कुमार ने अभियान को आगे भी चलाने के लिए जिला प्रशासन से निवेदन किया है। अमरोह स्कूल के इंचार्ज ने बताया की बच्चों अपने घरों में भी अब नशे के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। अभिभावक स्कूल में आकर हमसे इस अभियान को निरंतर चलाने की अपील कर रहे हैं, ताकि जो जन आंदोलन नशामुक्त ऊना अभियान ने शुरू किया है, वह तब तक जारी रहे, जब तक हमारा समाज नशामुक्त नहीं हो जाता है। इस मौके पर नशामुक्त ऊना अभियान के प्रोग्राम अधिकारी सतपाल रणावत, स्थानीय स्कूल के मेंटर टीचर विश्वनाथ, पंचायत के कर्मचारी और सभी अध्यपाक और बच्चे, स्थानीय बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

### बेकरी प्रोडक्ट बनाने का दिया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षित महिलाएं।

**संतोषगढ़।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड ऊना व नवज्योति यूथ वेलफेयर सोसायटी संतोषगढ के संयुक्त तत्वावधान में बसोली गांव में महिलाओं के लिए चल रही बेकरी उत्पाद को लेकर 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में लीड बैंक मैनेज़र गुरबचन सिंह भट्टी ने शिरकत की व विशेष रूप से नाबार्ड के जिला प्रबंधक सबरीना राजवंशी उपस्थित रही। नवज्योति यूथ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष नवीन महेश ने बताया की इस 15 दिवसीय शिविर में महिलाओं को बिस्कुट, केक, मिक्स फ्रूट केक, सेंडविच, स्प्रिंग रोल, पिज़ा,पेस्टी आदि की ट्रेनिग दी गई। उन्होंने बताया की प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल के क्रिमिका उद्योग का भी भ्रमण करवाया गया। नाबार्ड प्रबंधक सबरीना राजवंशी ने नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया सबरीना ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को 15 दिवसीय शिविर में बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह व स्वयं देयता समूह की महिलाओं को बेकरी के प्रशिक्षण से नए आमदनी के साधन अर्जित करेगी। मुख्यतिथि जीएस भट्टी ने कहा कि नाबार्ड समय-समय पर महिलाओं के लिए ऐसे शिवरों का आयोजन करता रहता है, जिससे महिलाओं को लाभ मिलता है। प्रशिक्षण के उपरांत मुख्यातिथि द्वारा प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर बेकरी प्रशिक्षक सुनीता मरोल, बसोली गांव की प्रधान शशी देवी, उपप्रधान बलदेव सिंह, वार्ड पंच रजनी, प्रवीण, समाजसेवी सतनाम सिंह, वलविंद्र कौर व नवज्योति यूथ वेलफेयर सोसायटी की फिल्ड ऑफिसर ललिता शर्मा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दो सड़क हादसों में एक बाइक सवार की मौत, दो लोग घायल

अनंत ज्ञान, अंब

क्षेत्र के तहत दो सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक व्यक्ति की गंभीर हालत हो देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके हादसों की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी ने अनुसार पहला हादसा मंगलवार रात करीब सवा आठ बजे मुबारिकपुर से भरवाईं रोड पर सिद्द चलेहड़ के समीप पेश आया, जहां पर बाइक सवार प्रदीप कुमार पुत्र गिरधारी लाल व रवि कुमार पुत्र करतार चंद निवासी अप्पर भंजाल हाई-वे पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार को गए। हादसे में प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से रवि को उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंब लाया गया। यहां पर उसकी हालत में कोई सुधार न होता देख डाक्टर ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। वहीं दूसरे सड़क हादसे में अठमां-अंदौरा चौक पर एक कार चालक ने सड़क किनारे पैदल जा रहे कृष्ण कुमार पुत्र विपतु राम निवासी अठमां को टक्कर मार दी। हादसे में कृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि आरोपी चालक मौके से गगरेट की तरफ फरार हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंब पहुंचाया। डीएपसी अंब वसुधा सूद ने कहा है कि सड़क हादसों के सूचना मिलने पर केस दर्ज कर लिए हैं। हादसे में मृतक का क्षेत्रीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## भलौण में बाइक की टक्कर से एक घायल आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**ऊना।** बंगाणा तहसील के भलौण गांव में मंगलवार को एक सड़क हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही रहने वाले ऋषि पठानिया ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि मंगलवार रात करीब आठ बजे वह अपने साथी यशपाल के साथ भलौण अपने घर की ओर जा रहा था। तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल आई और उसने यशपाल को टक्कर मार दी। टक्कर से यशपाल घायल हो गया। ऋषि की शिकायत पर बंगाणा थाने में आरोपी प्रकाश शर्मा पुत्र संजय शर्मा, निवासी उत्तर प्रदेश, हाल रिहायश गांव चौकीमन्यार के विरुद्ध तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 279 और 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## अदालत के बाहर से शातिर चोरों ने उड़ाई मोटरसाइकिल

**ऊना।** ऊना अदालत परिसर के बाहर बने पार्किंग स्टैंड से मंगलवार को शातिर चोर मोटरसाइकिल उड़ा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक कुमार पुत्र जगन्नाथ, निवासी गांव ललड़ी, तहसील हरोली ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह 11 जनवरी की सुबह 10 बजे के करीब अपनी मोटरसाइकिल को अदालत परिसर के बाहर बने मोटरसाइकिल स्टैंड पर खड़ी करके अंदर गया था। दोपहर करीब तीन बजे जब वापस लौटा तो मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। शिकायत पर सदर थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## ऊना पुलिस ने टिप्पर और ट्रैक्टर चालकों को ठोंका 30 हजार का जुर्माना

**ऊना।** पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त एक ट्रैक्टर और एक टिप्पर पर 30 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। पुलिस की रोजाना गतिविधि में मंगलवार को ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले 140 वाहनों के भी चालान काटे गए। उनमें से 11 का मौके पर निपटारा कर दिया गया व उनसे 5200 रुपए जुर्माना वसूला गया, साथ ही छह लोगों से 600 रुपए भी वसूले गए हैं, जो सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान कर रहे थे।

## अंब में विदेश भेजने के नाम पर दो लाख ठगे

**ऊना।** यदि कोई विदेश भेजने के नाम पर आपसे लाखों रूपए की मांग करता है तो आप सावधान हो जाएं। ऐसा न हो कि आपके जीवन की जमा पूंजी कोई ट्रैवल एजेंट लूट ले जाए। ऐसा ही एक मामला अम्ब तहसील के जबेहड़ गांव से रिपोर्ट हुआ है। गांव के ही रहने वाले परमजीत सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह ने अम्ब थाने में दी शिकायत में लिखा है कि उसने नंगल जरियाला के राहुल पुत्र सिकंदर पाल से विदेश भेजने को लेकर बात की थी। इस पर राहुल ने उससे 2.5 लाख रूपए की मांग की। परमजीत का आरोप है कि उसने राहुल को साल 2022 में दो लाख रूपए का भुगतान कर दिया था और बाकी रकम काम हो जाने के बाद देना तय हुआ था। मगर राहुल ने न ही उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापस किए। उल्टा राहुल ने उसे जाली हवाई टिकट देकर धोखाधड़ी कर डाली। जब उसने उस टिकट का पता किया तो वह पूरी तरह से फर्जी पाई गई थी। अब परमजीत आरोपी राहुल से पैसे मांगता है तो वह देने से मना कर रहा है। अंब थाने में राहुल और उसकी मां सुमन लता के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हरोली में सट्टेबाज चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ऊना।** हरोली पुलिस ने दड़ा-सट्टा की पर्चियों और पैसों के साथ एक व्यक्ति को काबू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरोली पुलिस की एक टीम जिस समय समनाल चौक के पास मौजूद थी, तभी गुप्त सूचना के आधार पर सैंसोवाल निवासी राकेश कुमार की तालाशी लेने पर उससे दड़ा-सट्टा पर्चियां और 660 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तीन दिन के रिमांड पर बसोली का ड्रग कारोबारी

**ऊना।** बसोली गांव में ड्रग रैकेट चलाने वाला बलराम सिंह पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। मंगलवार को ऊना पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया और तीन दिन की रिमांड हासिल की। जबकि मामले में आरोपी उसकी पत्नी मधुबाला को अदालत ने 14 दिन की न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बलराम सिंह और उसकी पत्नी मधुबाला पर आरोप है कि वे लंबे समय से नशीली दवाओं का अवैध कारोबार कर रहे थे। बता दें कि पिछले दिनों ऊना से 8 किमी दूर बसोली गांव में पुलिस और ड्रग विभाग की एक टीम को नकली और नशीली गोलियों का जखीरा मिला था। ज्यादातर गोलियों के पत्ते जला दिए गए थे और कुछ साबुत पत्ते ड्रग इंस्पेक्टर के हाथ लग गए थे। नशे का कारोबारी और आरोपी बलराम सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी है लेकिन कई सालों से वह नकली और नशीली दवाओं का व्यापार कर रहा था। जिस दिन ड्रग इंस्पेक्टर ने छापेमारी की थी उस दिन बलराम फरार होने में कामयाब हो गया था।

# लखरुंह महिला मंडल ने बांटे अयोध्या से आए अक्षत

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**उपमंडल** बंगाणा की जसाना पंचायत के महिला मंडल प्रधान सीमा ठाकुर व पंचायत प्रधान अनीता राणा और दर्जनों महिलाओं ने श्री अयोध्या से आए अक्षत निमंत्रण कलश को पूरे लखरुंह गांव में घुमाकर अक्षत वितरण किए। जयश्री के नारे व भजनों से समय भक्तिमय किया। स्थानीय प्रधान अनीता राणा व महिला मंडल प्रधान सीमा ने कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 140 करोड़ भारतीयों का सपना साकार किया है। 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा करके भगवान श्रीराम जी को 500 वर्षों बाद मंदिर में स्थापित करेंगे। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मदन राणा, कुटलैहड़ भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष व बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू, निर्मला देवी, सीमा देवी, इंदु बाला, कल्पना पटियाल के अलावा दर्जनों महिलाए मौजूद रही।



श्री अयोध्या से आए अक्षत निमंत्रण कलश को पूरे लखरुंह गांव में घुमाकर अक्षत वितरण करतीं लखरुंह महिला मंडल की महिलाए।

## भाजपा ने किया अग्निहोत्री के बयान पर पलटवार

**ऊना।** भाजपा के जिला ऊना मीडिया प्रभारी संजीवन ठाकुर ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बयान पर पलटवार करते हुए लोकसभा चुनाव में अपनी हार निश्चित देखकर श्रीराम प्रभु की कसम खाकर अपनी पार्टी की डूबती नाव को बचाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। भाजपा प्रभारी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमेशा दोहरी नीति अपनाकर जनता को गुमराह करके वोट हासिल करती रही है और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पक्षधर रही है। आज अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देखकर कांग्रेस नेता राम की कसम खाने के लिए और सत्ता प्राप्त करने के सपने देख रहे हैं।

**टूर्नामेंट** नॉर्थ जोन खो-खो प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने पूल ए के तीन मैच जीतकर किया शानदार आगाज

# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने किया अगले दौर में प्रवेश

अनंत ज्ञान, ऊना

**एलपीयू** यूनिवर्सिटी जालंधर में चल रही अंतर विश्वविद्यालय नार्थ जोन खो-खो पुरुष प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम ने पूल ए के तीन मैच जीतकर शानदार आगाज किया। पहला मैच बाई, दूसरे मैच में एमजेपी रोहिल खंड विश्वविद्यालय बरेली को सात प्वाइंट और एक टर्न से हराया। तीसरे मैच में एकतरफा जीत अर्जित करते हुए आरएमपीएस यूनिवर्सिटी अलीगढ़ को 28-3 और एक टर्न के भारी अंतर से हराया। चौथे मैच में डॉ. आरएमएल अवध विश्वविद्यालय अयोध्या को रोमांचक मैच में चार अंकों के पराजित किया। अब आल इंडिया क्वालीफाई करने और अपने पूल का अंतिम मैच गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर के साथ खेलेगी। टीम कोच प्रो. संदीप शर्मा ने बताया कि टीम ने अब तक के मैच में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी मैच में एक तरफा जीत हासिल की। टीम मैनेजर डॉ. संदीप नेगी और कोच प्रो. संदीप शर्मा ने बताया कि आगे के अभियान में टीम उच्चतम प्रदर्शन करेगी।



## स्कूली अंडर-17 हैंडबाल प्रतियोगिता में हिमाचल ने दर्ज की पहली जीत

**ऊना।** नेशनल हैंडबाल प्रतियोगिता में हिमाचल अंडर-17 स्कूली टीम ने सीआईएससीई की टीम को 22 के मुकाबले आठ गोलों से पराजित किया है। हिमाचल की टीम ने इस टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की है। खिलाड़ियों में सिद्धार्थ ठाकुर, मनप्रीत सिंह, करणवीर सिंह, मनीष कुमार, अमरीक सिंह सुभाष राणा, वंश राणा, लक्ष्य ठाकुर, सर्वप्रीत ठाकुर, मन्नत गौतम, प्रिंस चौहान, परीक्षित, मोहम्मद विजाद, लक्ष्य दक्ष शर्मा, नरेश और हंसराज को टीम में शामिल किया गया था। टीम के कोच विपिन कुमार रायजादा और संजीव कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के कारण हिमाचल ने जीत से शुरुआत की है। खेल प्रेमियों रमन सैनी, रमेश सैनी, अनुराग दयाल, विजय बहादुर, रमेश कुमार, और हैंडबाल प्रेमियों ने खिलाड़ियों और कोच को जीत के लिए बधाई दी है।

# डीपफेक क्राइम से बचाव जागरूकता पर निर्भर

**भारत** में डीपफेक रुक नहीं रहा, बल्कि बढ़ता ही जा रहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना, काजोल, कटरीना कैफ तथा टीवी एक्ट्रेस जन्नत जुबैर और अनुष्का सेन, सचिन तेंदुलकर एवं उनकी बेटी सारा तेंदुलकर भी डीपफेक का शिकार हो चुकी हैं। डीपफेक को लेकर केंद्र सरकार अब सख्त हो गई है और सात दिन में आईटी नियम बनाने की बात कही है, जोकि बेहद सराहनीय कदम है। सरकार अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से चर्चा कर जरूरी कदम उठाने जा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई टेक्नोलॉजी से अपराध की दुनिया में एक बड़ा जाल फैलता जा रहा है। आज के दौर में ऑनलाइन फ्रॉड से बचने और सतर्क रहने की बेहद जरूरत है। बढ़ते साइबर क्राइम से न केवल हिमाचल अपितु पूरा देश त्रस्त है। डीपफेक यानी नकली वीडियो के बढ़ते खतरे को देखते हुए सभी चिंतित हैं। डीपफेक टेक्नोलॉजी में ऐसे टूल्स का इस्तेमाल किया जा रहा है कि यूजर बिना सोचे-समझे पैसे या अपनी जरूरी जानकारी आदि शेयर करने के लिए विवश हो जाता है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने पहले ही डीपफेक वीडियो में चिंताजनक वृद्धि का खुलासा करते हुए चेतावनी जारी कर रखी है। डीपफेक टेक्नोलॉजी से ऑरिजनल फुटेज से छेड़छाड़ की जाती है। इसका ज्यादातर इस्तेमाल पोर्नोग्राफी के लिए हो रहा है। डीपफेक टेक्नोलॉजी को लेकर एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस तकनीक का इस्तेमाल नेताओं और प्रसिद्ध हस्तियों की छवि को धूमिल करने के लिए किया जा रहा है। प्रसिद्ध महिला हस्तियों के चेहरे को न्यूड फोटो के साथ जोड़ दिया जाता है जिससे यह फर्क करना मुश्किल हो जाता है कि ये तस्वीर या वीडियो सही है या गलत। कई सारी घटनाओं के बावजूद डीपफेक पोर्नोग्राफी ने 13 करोड़ से ज्यादा लोगों को आकर्षित किया है। जिन साइटों पर लोगों ने ये वीडियो देखे हैं वहां ज्यादातर वीडियो डीपफेक तकनीक से बनाए गए हैं। इंटरनेट पर मौजूद टॉप 10 पोर्न साइटों में से आठ पर इस तरह के वीडियो मौजूद हैं। हैरत यह है कि वास्तविक फुटेज से छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो अब राजनीतिक स्कैंडल का कारण भी बनने लग पड़े हैं। ऐसा ही एक वीडियो मलेशियाई सरकार के साथ गैबॉन में एक तख्तापलट की कोशिश का कारण बन चुका है। राष्ट्रपति ब्रूनो माउबाम्बा के एक वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई थी। इसमें उनके बयान को बदल दिया गया था। डीपफेक के साथ-साथ अब 'शैलोफेक' भी एक बड़ी समस्या बन रही है। इसमें वीडियो के साथ थोड़ा बहुत हेरफेर कर दिया जाता है। इसका मकसद एक विशेष राजनीतिक हथकंडे को बढ़ावा देना या राजनीतिक फायदा उठाना होता है। ऐसा ही एक वीडियो ट्रंप प्रशासन की ओर से शेयर किया गया था। इसमें सीएनएन के पत्रकार जिम एकोस्टा के शारीरिक व्यवहार में परिवर्तन कर दिया गया था जिससे ये लगे कि वे व्हाइट हाउस के प्रति अधिक आक्रामक व्यवहार कर रहे हैं, जबकि वास्तव में उनका व्यवहार उतना आक्रामक नहीं था। प्रोफेशनल डीपफेक क्रिएटर्स, सर्विस पोर्टल और एप्स की संख्या बढ़ती जा रही है। ये ऑनलाइन धोखाधड़ी करने, जासूसी, राजनीतिक रूप से प्रेरित ट्रोल्स की मदद कर रहे हैं। कुल मिलाकर डीपफेक अब ट्रोल, धोखेबाज और जासूसों के लिए नया हथियार बन गया है।

# त्याग और शक्ति के परिचायक मर्यादा पुरुषोत्तम राम

## अयोध्या में विराजेंगे रामलला

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित होने वाली भगवान विष्णु के अवतार श्रीराम की मूर्ति पांच वर्ष के बालक रूप में काले पत्थर की मूर्ति है। यह मूर्ति 51 इंच की है। इसे श्याम शिला से तैयार किया गया है और इस भव्य मूर्ति को बनाया है कर्नाटक के मूर्तिकार योगीराज अरुण ने। मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर जहां रामलला बाल रूप में रहेंगे वहीं ऊपर की मंजिल में श्रीराम तीन भाइयों, सीता और हनुमान के साथ विराजमान होंगे। रामलला की मूर्ति बनाने वाले कलाकार का नाम अरुण योगीराज है। 37 साल के स्कल्पचर आर्टिस्ट अरुण योगीराज मैसूर महल के कलाकार परिवार से आते हैं। 2008 में मैसूर विश्वविद्यालय से एमबीए करने के बाद उन्होंने नौकरी की। बाद में वे नौकरी छोड़कर प्रतिमाएं बनाने लगे। केदारनाथ में स्थापित जगद्गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा एवं दिल्ली में इंडिया गेट पर स्थापित नेताजी की मूर्ति का निर्माण भी अरुण योगीराज ने ही किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनके काम की तारीफ कर चुके हैं। अयोध्या में बना भव्य श्रीराम मंदिर पारंपरिक नागर शैली में निर्मित है और मंदिर परिसर 380 फीट लंबा (पूर्व-पश्चिम दिशा), 250 फीट चौड़ा और 161 फीट ऊंचा है। राम जन्मभूमि मंदिर के प्रवेश द्वार पर गज, सिंह, हनुमान और गरुड़ जी की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। ये मूर्तियां राजस्थान के भरतपुर जनपद के ग्राम बंसी पहाड़पुर के हलके गुलाबी रंग के बलुआ पत्थर से बनी हैं।



लेखक
पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक

**'राम'नाम वरानने**
**राम रामेति रामेति, रमे रामे मनोरमे।**
**सहस्त्रनाम तत्तुल्यं, रामनाम वरानने।।**

'राम राम राम' (राम का नाम) का ध्यान करने से मन राम की दिव्य चेतना में लीन हो जाता है, जो कि दिव्य है। राम का नाम भगवान के हजारों नामों (विष्णुसहस्त्रनाम) के समान महान है।

'राम' शब्द में भारत की संपूर्ण संस्कृति समाहित है। हमारे देश में राम राम, जय राम जी की, जय सियाराम जैसे अभिवादन के शब्द तो गहरे गुंथे हुए हैं। राम भारत के लोकाचार में हैं। भारत में बच्चों का नामकरण 'राम' नाम से करना श्रेयस्कर माना जाता है। कुछ वर्षों पूर्व तक तो नामकरण करते वक्त 'राम' शब्द को अनिवार्य रूप से जोड़ने की परंपरा थी ताकि बच्चे का नाम लेते समय स्वत: ही जिव्हा से भगवान राम का स्मरण हो जाए। राम का चरित्र हमारी आस्था, संस्कृति और आचार-व्यवहार से जुड़ा है। यदि हमें राम को समझना है तो उनके जीवन चरित्र को समझना जरूरी है। राम त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने राज्य सिंहासन त्यागकर वनवास जाना स्वीकार किया। त्याग के साथ-साथ श्रीराम शक्ति के भी परिचायक हैं। श्रीराम ने बाल्यकाल में अनेक असुरों का वध किया, शिव के धनुष पिनाक को तोड़ा, उनका क्रोध देखकर समुद्र त्राहिमाम करने लगा और उन्होंने कालजयी रावण का वध किया। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में त्याग और शक्ति दोनों पूज्य हैं परंतु राम शक्ति की मर्यादा को भी जानते हैं और अपनी शक्ति से कभी भी दूसरों के अधिकारों का हनन नहीं करते। इसीलिए श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहलाते हैं।

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो इसकी शुरुआत आजादी से पहले ही हो चुकी थी। 29 जनवरी, 1885 में पहली बार यह मामला अदालत पहुंचा। महंत रघुबर दास ने उप-न्यायाधीश फैजाबाद अदालत में विवादित ढांचे से लगे राम चबूतरे पर राम मंदिर के निर्माण की इजाजत के लिए अपील दायर की थी। 24 दिसंबर, 1885 में फैजाबाद अदालत ने यह कहते हुए महंत की अपील ठुकरा दी कि अगर मंदिर निर्माण की अनुमति दे दी जाती है तो, इससे दंगे भड़क सकते हैं। दूसरी अपील 25 मई 1886 को अवध के न्यायिक आयुक्त डब्ल्यू यंग की अदालत में दायर की गई थी, इन्होंने भी यह अपील खारिज कर दी। इसी के साथ,



श्री राम मंदिर के लिए लड़ी गई पहले दौर की कानूनी लड़ाई का अंत हो गया। फैजाबाद जिला गजट 1905 के अनुसार- 1855 तक हिंदू और मुसलमान दोनों एक ही इमारत में पूजा या इबादत करते रहे थे। 1857 के विद्रोह के बाद मस्जिद के सामने एक बाहरी दीवार डाल दी गई और हिंदुओं को अंदरूनी प्रांगण में जाने से मना कर दिया गया। आजादी के बाद 23 दिसंबर, 1949 को विवादित ढांचे के भीतर भगवान राम की मूर्ति रखने के बाद इस मामले में नया मोड़ आया। हिंदुओं ने यहां पूजा आरंभ कर दी और मुसलमानों ने नमाज पढ़ना बंद कर दिया, लेकिन सरकारी आदेश से कुछ समय बाद यहां ताला जड़ दिया गया। इसे लेकर पहला मुकदमा 1950 में दायर हुआ। इसके पश्चात वर्ष 1984 में मंदिर का ताला खोलने की मुहिम की एक बार फिर शुरुआत हुई। विश्व हिंदू परिषद ने इस विषय को प्रमुखता से उठाया। एक फरवरी 1986 को फैजाबाद के जिला जज ने ताला खुलवाकर हिंदुओं को पूजा की इजाजत दे दी तो इस मामले ने फिर से तूल पकड़ा। इसी के बाद बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी बनी।

राजनीतिक दलों में बीजेपी ने इस मसले को जून 1989 में अपने एजेंडे में ले लिया और इसका खुला समर्थन किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 9 नवंबर 1989 को इस विवाद को टालने के लिए ढांचे के करीब शिलान्यास की इजाजत दी। 1990 में प्रधानमंत्री से वार्ता के लिए सर्वाधिकार प्राप्त समिति भी बनी जिसमें महंत अवेद्यनाथ, महंत नृत्य गोपाल दास, दाऊ दयाल खन्ना, अशोक सिंघल, विष्णुहरि डालमिया और गुमानमल लोढ़ा समेत आठ लोग शामिल थे। उसी दौरान महंत अवेद्यनाथ ने एक ऐसे फार्मूले को आगे किया था जिसके तहत मंदिर भी बन जाए और मस्जिद भी नहीं टूटे पर बात बनी नहीं।

चंद्रशेखर के प्रधानमंत्री काल में विहिप और बाबरी समिति के साथ सबसे गंभीर वार्ता का दौर चला। दोनों पक्षों ने अपने-अपने दावों की पुष्टि के लिए प्रमाण भी सरकार को सौंपे। सुप्रीम कोर्ट से इस बिंदु पर राय मांगी गई कि क्या विवादित स्थल कभी हिंदू मंदिर था। इसके पश्चात ही 15 मार्च से अगस्त 2003 के बीच भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने न्यायालय के आदेश पर खुदाई की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर 14 अपीलों पर 16 अक्तूबर 2010 को सुनवाई पूरी की थी। 9 मई 2011 को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। 9 नवंबर, 2019 को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले और केंद्र सरकार की पहल के बाद अयोध्या में राम जन्म भूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में भूमि पूजन किया, जिसके बाद राम मंदिर बनाने का काम तेजी से शुरू हुआ।

9 नवंबर 2019 को आए सुप्रीम फैसले से जुड़ी संविधान पीठ की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने की। न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर संविधान पीठ में शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि विवादित जमीन रामलला विराजमान को दी जाए और मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट बनाया जाए। साथ ही वैकल्पिक रूप से नई मस्जिद के निर्माण के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड को प्रमुख स्थान पर पांच एकड़ का भूखंड आवंटित किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि मस्जिद निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन या तो अधिगृहित जमीन से दी जाए या फिर अयोध्या में कहीं भी दी जाए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 5 फरवरी 2020 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए ट्रस्ट की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह घोषणा संसद में की। यह घोषणा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार की गई।

### मंदिर निर्माण यात्रा

-29 जनवरी, 1885 को यह मामला पहली बार अदालत पहुंचा
-महंत रघुबर दास ने फैजाबाद अदालत में अपील दायर की
-राम चबूतरे पर राम मंदिर के निर्माण की इजाजत मांगी
-24 दिसंबर, 1885 को फैजाबाद अदालत ने महंत की अपील ठुकरा दी
-25 मई 1886 को अवध के न्यायिक आयुक्त डब्ल्यू यंग की अदालत में दूसरी अपील दायर हुई
-फैजाबाद जिला गजट 1905 के अनुसार
-1855 तक हिंदू-मुसलमान दोनों एक ही इमारत में पूजा या इबादत करते थे
-1857 के विद्रोह के बाद, मस्जिद के सामने एक बाहरी दीवार डाल दी गई
-23 दिसंबर, 1949 को विवादित स्थल के भीतर भगवान राम की मूर्ति रखी गई
-पहला मुकदमा 1950 में दायर हुआ
-वर्ष 1984 में मंदिर का ताला खोलने की मुहिम की एक बार फिर शुरुआत हुई
-बीजेपी ने इस मसले को जून 1989 में अपने एजेंडे में शामिल किया
-9 नवंबर 1989 को विवाद को टालने के लिए ढांचे के करीब शिलान्यास की इजाजत दी गई
-महंत अवैद्यनाथ, महंत नृत्य गोपाल दास, दाऊ दयाल खन्ना, अशोक सिंघल,विष्णु हरि डालमिया और गुमानमल लोढ़ा शामिल
-15 मार्च से अगस्त 2003 के बीच भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने न्यायालय के आदेश पर खुदाई की
-सितंबर 2010 के फैसले के खिलाफ दायर 14 अपीलों पर 16 अक्तूबर 2010 को सुनवाई पूरी
-9 मई 2011 को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी
-9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### नाराजगी

*बहुत दिनों से उसकी चुप्पी को देखकर*
*भानू गुस्से में , मेघ को सताए कोई डर।*
*भानू लाल होता गया*
*मेघ कम होते गए*
*चो नदी नाले बेचारे*
*अपना राग कौन सुनाए।*
*बेचारों की बेचारगी में बना डाले घर*
*बेखौफ सब , नहीं किसी को कोई डर।*
*जंगल काट दिए सब*
*खनन जोरों पे अब*
*पहाड़ खोद दिए सारे*
*दरकने लगे पहाड़ अब।*
*बोल रहे है पहाड़ , जरा कान धर*
*रूदन करती प्रकृति , बहती नहीं वायु सरसर ।*
*मेघ अब प्रचंड होने लगे*
*बरसते नहीं वो फटने लगे*
*चो नदी नाले अब तो*
*जन जन को डराने लगे*
*नदी नाले सारे अब हैं उफान पर*
*तिनका तिनका बनी गाड़ियां बह गए घर ।*
*आदमी बन बैठा है शक्तिमान*
*सिर चढा हुआ है अभियान*
*है स्वार्थ लालच की भूख*
*बन गया अब वो शैतान ।*
*सम्भल जा, सुधर जा, प्रकृति है घर*
*नहीं तो झेलना पड़ेगा प्रकृति का कहर।*



कवि
अनिल शर्मा नील

## प्रेरक कथा



### चुनौतियां वरदान हैं

**महाराज** दशरथ को जब संतान प्राप्ति नहीं हो रही थी, तब वो बड़े दु:खी रहते थे। ऐसे समय में उनको एक ही बात से हौसला मिलता था जो कभी उन्हें आशाहीन नहीं होने देता था। मजे की बात यह है कि इस हौसले की वजह किसी ऋषि-मुनि या देवता का वरदान नहीं बल्कि श्रवण के पिता का श्राप था! दशरथ जब-जब दुखी होते थे तो उन्हें श्रवण के पिता का दिया श्राप याद आ जाता था। श्रवण के पिता ने यह श्राप दिया था कि जैसे मैं पुत्र वियोग में तड़प-तड़प के मर रहा हूं, वैसे ही तू भी तड़प-तड़प कर मरेगा। दशरथ को पता था कि यह श्राप अवश्य फलीभूत होगा और इसका मतलब है कि मुझे इस जन्म में तो जरूर पुत्र प्राप्त होगा, तभी तो उसके शोक में मैं तड़प के मरूंगा? यानी यह श्राप दशरथ के लिए संतान प्राप्ति का सौभाग्य लेकर आया! ऐसी ही एक घटना सुग्रीव के साथ भी हुई! सुग्रीव जब सीताजी की खोज में वानर वीरों को पृथ्वी की अलग-अलग दिशाओं में भेज रहे थे तो उसके साथ-साथ उन्हें ये भी बता रहे थे कि किस दिशा में तुम्हें क्या मिलेगा और किस दिशा में तुम्हें जाना चाहिए या नहीं जाना चाहिए। प्रभु श्रीराम सुग्रीव का ये भौगोलिक ज्ञान देखकर हतप्रभ थे, उन्होंने सुग्रीव से पूछा कि सुग्रीव तुमको यह सब कैसे पता? तो सुग्रीव ने उनसे कहा कि मैं बाली के भय से जब मारा-मारा फिर रहा था, तब पूरी पृथ्वी पर कहीं शरण न मिली और इस चक्कर में मैंने पूरी पृथ्वी छान मारी और इसी दौरान मुझे सारे भूगोल का ज्ञान हो गया! सोचिए, अगर सुग्रीव पर ये संकट न आया होता तो उन्हें भूगोल का ज्ञान नहीं होता और माता जानकी को खोजना कितना कठिन हो जाता! इसीलिए संतों ने बड़ा सुंदर कहा है कि अनुकूलता भोजन है, प्रतिकूलता विटामिन है और चुनौतियां वरदान हैं और जो उनके अनुसार व्यवहार करे वही पुरुषार्थी है।

# जमीन का इंतकाल करवाना सरकार की सराहनीय पहल

**जमीन** इंतकाल की बेला पर पटवार खानों में प्रेशर कुक्करों की सीटियां बजाने वाले हाकमों की उम्मीदों पर सुख की सरकार ने पानी फेरकर रख दिया है। जमीन का इंतकाल पटवार खाने में होने वाला हो और पूरा तामझाम न किया जाए ऐसा बहुत कम बार देखने को मिलता है। इंतकाल की एवज में पीड़ित जनता से मनमानी दक्षिणा वसूलने की कुप्रथा को सुखविंद्र सिंह सूक्खू सरकार ने बंद किए जाने की सराहनीय पहल का आगाज किया है। न्याय वही जो जनता को समय रहते मिले, देरी से मिलने वाला न्याय किसी प्रताड़ना से कम नहीं होता है। सत्तासीन सुख की सरकार ने 65 हजार जमीन इंतकाल के दशकों से लंबित मामलों को लोक अदालतों में सुलझाकर जनता को बहुत बड़ी राहत पहुंचाई जिसके लिए प्रदेश सरकार बधाई की पात्र है। सुख की सरकार अब तहसील, उपतहसील स्तर पर भी इसी मुहिम को शुरू करने का ऐलान कर चुकी है।

सरकार गांव द्वार कार्यक्रम के तहत जनता से संवाद करके उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना इस अभियान में शामिल है। सुख की सरकार ने वह करके दिखाया जिसे आज दिन तक हिमाचल प्रदेश के इतिहास में कोई भी सरकार नहीं कर पाई है। दशकों से लंबित हजारों जमीन इंतकाल का निदान किया जाना सच में व्यवस्था परिवर्तन की एक बेहतरीन मिसाल है। प्रदेश सरकार ने बिना कोई जनमंच लगाकर भू राजस्व विभाग के कर्मचारियों को जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास करवाकर पीड़ित जनता को राहत पहुंचाई है। एक तहसील स्तर पर जमीन विवादों तक्सीम, इंतकाल और निशानदेही के हजारों मामले लंबित पड़े हैं। भू राजस्व विभाग कहने को ऑनलाइन है मगर भू राजस्व विभाग के कर्मचारियों की व्यस्तता का खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है। भू राजस्व विभाग के अधिकारियों पर प्रदेश सरकारों का कोई कायदा, कानून और नियम कभी लागू नहीं हुआ ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। रिश्वत खाने के बावजूद जनता को दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर करना इस विभाग की कार्यप्रणाली में शामिल है। एक भाई को दूसरे भाई की जान का दुश्मन बनाना भी भू राजस्व विभाग के स्वार्थी अधिकारियों की देन है। आजकल खून क्यों पानी बनता जा रहा कि समाज जमीनी विवादों के चलते एक-दूसरे को मौत के घाट उतारने से गुरेज नहीं कर रहा है। समाज में आपसी फूट का एक बड़ा कारण जमीन विवाद हैं। कुछ एक भू राजस्व विभाग के अधिकारियों ने प्रत्येक जमीनी काम की मोटी रकम तय कर रखी है। हिमाचल प्रदेश में शायद ही किसी दिन भू राजस्व विभाग के अधिकारियों को विजिलेंस की टीम मोटी रिश्वत की रकम लेते हुए रंगें हाथों न दबोचती हो। रिश्वतखोर अधिकारियों के सिर पर बिना राजनीतिक संरक्षण के वह ऐसा करने की हिमाकत कतई नहीं कर सकते है। सरकारी राजस्व को चूना लगाकर अपनी जेबें भरने वाले अधिकारी लालची नेताओं का हिस्सा देना नहीं भूलते हैं। विजिलेंस विभाग की टीमें रिश्वतखोर भू राजस्व विभाग के अधिकारियों को सिर्फ कागजी कार्रवाई किए जाने के लिए गिरफ्तार करती है। राजनीतिक संरक्षण की आड़ में रिश्वतखोर कर्मचारी आखिर पुन: अपनी सेवाएं बहाल करवाकर जनता को दोनों हाथों से लूटने का क्रम शुरू करते हैं। सुख की सरकार ने नवीन विधेयक बनाकर लापरवाह अधिकारियों की जनता के प्रति जिम्मेदारियां तय करके उनकी जवाबदेही मांगने की पहल शुरू की है। अपनी मनमर्जी से कार्य करने वाले कर्मचारी सरकार के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करके अब शांत बैठ गए हैं। प्रदेश सरकार अब भू राजस्व विभाग के अधिकारियों को प्रदेश केडर में लाकर उन्हें अन्य जिलों की सैर करवाने का खाका तैयार कर चुकी है। भू राजस्व विभाग में कुछ एक अधिकारी वर्षों से होम स्टेशनों पर सेवाएं देकर अपनी मनमर्जी से कार्य करते हुए जनता की अनदेखी करते हैं। जमीनों के दाम आसमान की बुलंदियों को छू रहे हैं जिसके लिए स्वार्थी कर्मचारी दोषी हैं। सरकारी जमीनों पर भू माफिया दिनों दिन अतिक्रमण कर रहा और विभाग के अधिकारी ऐसे लोगों के मार्गदर्शक बने हुए हैं। जमीनों की कीमतों का आंकलन कम दर्शाकर स्टांप ड्यूटी कम लगाकर सरकारों के राजस्व को चूना लगाने का दौर चल रहा है। प्रदेश सरकार ने ऐसे घाटे से उभरने के लिए अब स्टांप ड्यूटी भी कई गुना अधिक बढ़ाकर इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने की योजना बनाई है। माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू कई बार मंचों से ऐलान कर चुके हैं कि वह सत्ता का सुख भोगने के लिए नहीं आए हैं। वह सिर्फ सदियों से बिगड़ी कुव्यवस्था का परिवर्तन करने आए हैं। प्रदेश मुखिया ने जिस तरह भारी मात्रा में इंतकाल के लंबित मामलों का निपटारा किया उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह सच में व्यवस्था परिवर्तन करने के लिए सत्तासीन है। बिगड़े भ्रष्ट सिस्टम को दुरुस्त करके पटरी पर लाना कोई आसान काम नहीं है। अकेली सरकार कुछ नहीं कर सकती, इसलिए उसे जनता का सहयोग जरूरी है। सुख की सरकार को प्रदेश की जनता पसंद कर रही है।

पूर्व भाजपा सरकार में भू राजस्व विभाग स्वयं मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के पास रहा है। पूर्व भाजपा सरकार भू राजस्व विभाग के लंबित जमीन विवादों का समाधान किए जाने में नाकाम रही थी। हिमाचल प्रदेश में करीब 26 जनमंचों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद जमीन विवादों का कोई समाधान न होना खेदजनक रहा है। प्रदेश कांग्रेस सरकार ने बिना कोई खर्च किए लोक अदालतों में जिस तरह 65 हजार जमीन इंतकाल मामले निपटाए वे बेमिसाल है। हिमाचल प्रदेश सरकार की इस सराहनीय पहल की कर्नाटक सरकार ने प्रशंसा की है।



लेखक
सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

# भारत के खिलाफ मालदीव के कंधे पर चीन ने रखी बंदूक

**चीन** कुछ समय से भारत पर लगातार हमलावर है। चीन एलएसी का उल्लंघन निरंतर करता रहा है, लेकिन हर मोर्चे पर विफल रहने के बाद उसने भारत के खिलाफ अत्यक्ष युद्ध छेड़ दिया है। वह यह काम भारत के पड़ोसी देशों को अपनी कर्जजाल नीति में उलझाकर कर रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्ष्यद्वीप यात्रा के बाद जिस तरीके से मालदीव के तीन मंत्रियों-मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महजूम ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी पर जुबानी हमला किया, वह मालदीव का हमला नहीं है बल्कि उसने यह काम साम्राज्यवादी चीन के इशारे पर किया है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू चीन के समर्थक हैं और वह अपने देश में भारत विरोधी राजनीति कर ही सत्ता में आए हैं। सितंबर 2023 में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के उम्मीदवार मोइज्जू वहां के राष्ट्रपति चुने गए थे। उनका चीन के साथ मजबूत संबंधों पर जोर है। मोइज्जू ने भारतीय सैनिकों को मालदीव से बाहर करने के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था। इसलिए ऐसा माना जा रहा था कि वह राष्ट्रपति बनने के बाद चीन के इशारे पर काम करेंगे। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि मालदीव के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के खिलाफ जहर क्यों उगला। इसके पीछे निहितार्थ क्या थे। इसके पीछे चीन क्यों है। वास्तविकता तो यह है कि चीन केवल मालदीव को ही नहीं, बल्कि भारत के पड़ोसी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका सहित सार्क देशों में तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। इसके लिए वह इन देशों को अपनी कर्ज जाल नीति और विस्तारवादी नीति के तहत अपने चंगुल में फंसा रहा है। चीन ने नेपाल में 1.34 अरब डॉलर का निवेश किया है। नेपाल में ड्रैगन कई प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुका है। नेपाल में चीन एयरपोर्ट, रोड, कॉलेज, शॉपिंग मॉल तक बना रहा है और रेल लाइन बिछा रहा है। नेपाल भारत के लिए बहुत प्रासंगिक है, लेकिन ओली सरकार ने भारत के साथ अत्यंत पुराने रिश्तों को बिगाड़ दिया था। हालांकि मौजूदा प्रधानमंत्री प्रचंड ने रिश्तों को सुधारने की अच्छी कोशिश की है। भारत के एक और पड़ोसी देश म्यांमार पर चीन लगातार लोन का बोझ डालता रहा है। उसने वहां के रखाइन में पानी के भीतर बंदरगाह बनाने का काम शुरू कर दिया है। म्यांमार का आर्थिक गलियारा, हाईस्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट, हाईवे और एक्सप्रेस-वे चीन के ही भरोसे हैं। इसके अलावा ड्रैगन अपनी वन बेल्ट वन रोड परियोजना के लिए वह म्यांमार से पहले दिसंबर 2016 में बांग्लादेश को अपने चंगुल में ले चुका है। वहां पायरा बंदरगाह भी 600 मिलियन डॉलर के निवेश से चीनी कंपनियां ही बना रही हैं।



ब्लॉगर
लेखक: डॉ. अनिल कुमार निगम
स्वतंत्र लेखक

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

## आपका पत्र

**आजकल** राजनीति में प्रमुख पार्टियों में एक-दूसरे को नीचा दिखाने के लिए भारत की छवि को भी ताक पर रखा जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। जब भी किसी पार्टी का बड़ा नेता विदेश में जाता है तो वह वहां पर दूसरी पार्टी को नीचा दिखाने के लिए वहां ऐसा बयान दे देता है जो कि भारत की छवि के लिहाज से एक प्रतिशत भी सही नहीं होता। इसलिए किसी भी पार्टी के बड़े नेता को विदेश में जाने पर ऐसा बयान देने से पहले भारत माता के बारे में सोचना चाहिए। आजकल सोशल मीडिया इतना ताकतवर हो चुका है कि लोगों को अब अच्छे-बुरे की पहचान हो चुकी है। अगर कोई भी नेता गलत बयान देता है तो उन्हें मालूम हो जाता है कि कौन सा नेता झूठी बयानबाजी कर रहा है। इसलिए अब नेताओं को भी सोचना होगा कि अब वे ऐसे बयान देने से पहले अपने देश के बारे में सोचें। इंडिया की एक ऐसे ही बड़ी पार्टी के गर्त में जाने का यही मुख्य कारण है। भारत में सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे से मिल-जुलकर रहते हैं और किसी भी धर्म का त्योहार हो, एक-दूसरे को मुबारकबाद देते हैं। देश के समझदार या यूं कहें कि आम नागरिक भी ऐसे नेताओं को हार का मुंह दिखाएं या उस पार्टी को हमेशा सत्ता के बाहर का रास्ता ही दिखाएं।

–सुमन

## आपकी डायरी

दुनिया वालों ने बहुत चाहा
महब्बत की मगर
मैंने तासीर नहीं बदली
भले जां दे दी
आसमां और जमीं एक
सी जानी मैंने
उसकी तसीर नहीं बदली
भले जां दे दी



शायर
कुलदीप गर्ग तरुण
अर्की, सोलन

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098




# फिन के तूफान में उड़ा पाकिस्तान

- पाकिस्तान के खिलाफ 137 रन की पारी में जड़े 16 छक्के
- न्यूजीलैंड 45 रन से जीता, सीरीज में 3-0 से बनाई बढ़त
- पाकिस्तान 7 विकेट के नुकसान पर 179 रन पर सिमटा

**एजेंसी, डुनेडिन**

**न्यूजीलैंड** ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरा टी-20 भी एकतरफा अंदाज में जीत लिया। डुनेडिन में बुधवार को टीम ने 45 रन से मैच जीतकर 5 टी-20 की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड से फिन एलन ने 16 सिक्स लगाकर 137 रन की पारी खेली। ऐलन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 224 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम 7 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना सकी।

## एलन बने प्लेयर ऑफ द मैच, सबसे ज्यादा सिक्स लगाने की बराबरी

**फिन** ऐलन को 137 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल की एक पारी में सबसे ज्यादा 16 छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। उनसे पहले अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई भी आयरलैंड के खिलाफ 2019 में 16 सिक्स लगा चुके हैं। ऐलन ने पारी में 16 सिक्स के साथ 5 चौके भी लगाए। यानी उन्होंने बाउंड्री से 116 रन बना लिए। इसी के साथ वह एक पारी में बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कीवी बैटर बन गए। उनसे पहले ब्रेंडन मैक्कुलम ने बाउंड्री से 96 रन बनाए थे। ऐलन ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ा टी-20 स्कोर भी बनाया। उनसे पहले मैक्कुलम ने ही 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 123 रन बनाए थे।

## पाकिस्तान की शुरुआत ही खराब रही

**225** रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही। ओपनर सैम अय्युब 13 बॉल में 10 रन की धीमी पारी खेलकर आउट हो गए। मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ पारी संभाली। रिजवान 24 रन बनाकर आउट हुए। 62 रन पर रिजवान का विकेट गंवाने के बाद बाबर एक एंड पर टिक गए, लेकिन उनके सामने फखर जमान 19, आजम खान 10 और इफ्तिखार अहमद 1 ही रन बनाकर आउट हो गए। बाबर ने भी फिफ्टी लगाई लेकिन वह भी 37 बॉल में 58 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। पाकिस्तान का स्कोर 16 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 134 रन ही पहुंच सका। आखिर में मोहम्मद नवाज ने 28 और कप्तान शाहीन अफरीदी ने 16 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने की कोशिश की। लेकिन दोनों मिलकर टीम का स्कोर 20 ओवर में 180 के पार भी नहीं पहुंचा सके। पाकिस्तान 7 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना सका।

कप्तान कमिंस और हेजलवुड ने उड़ाईं 4-4 गिल्लियां

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 188 रन पर समेटा



पैट कमिंस और कैमरून ग्रीन ने मिलकर टेगेनरीन चंद्रपॉल को आउट करने के बाद खुशी मनाते ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी।

- ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच के पहले दिन दो विकेट पर 59 रन वेस्टइंडीज से 129 रन पीछे
- जोसेफ ने किया कारनामा टेस्ट क्रिकेट में पहली गेंद पर चटकाई विकेट

**एजेंसी, एडिलेड**

**कप्तान** पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के चार-चार विकेट की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन पहली पारी में 188 रन पर ढेर कर दिया।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 59 रन बनाए थे। वह अभी वेस्टइंडीज से 129 रन पीछे है।

डेविड वार्नर के संन्यास लेने के बाद पारी का आगाज करने के लिए उतरे स्टीव स्मिथ (12) अपनी नई भूमिका में सफल नहीं रहे। उन्होंने शेमार जोसेफ की गेंद पर तीसरी स्लिप में कैच दिया। जोसेफ ने इस तरह से टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली गेंद पर विकेट लेने का कारनामा किया।

इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने इसके बाद मार्नस लाबुशेन (10) को भी पवेलियन भेजा। उन्होंने अब तक 18 रन देकर दो विकेट लिए हैं।

स्टंप उखड़ने के समय उस्मान ख्वाजा 30 और कैमरन ग्रीन छह रन पर खेल रहे थे। ग्रीन पिछले साल जून में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेल रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ पिछली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की 3-0 से जीत में 19 विकेट लेने वाले कमिंस ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 41 रन देकर चार विकेट लिए। हेजलवुड ने 44 रन देकर चार विकेट हासिल किए। मिशेल स्टार्क और नाथन लियोन ने एक-एक विकेट लिया।

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे वेस्टइंडीज की तरफ से किर्क मैकेंजी ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे शेमार जोसेफ ने 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरकर 41 गेंद पर 36 रन की आक्रामक पारी खेली। उन्होंने केमार रोच (नाबाद 17) के साथ दसवें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की।



आखिरी ओवर में 20 रन बनाकर जीता जिम्बाब्वे

# श्रीलंका को दूसरे टी-20 में 4 विकेट से दी शिकस्त

- सीरीज 1-1 से बराबर, डिसाइडर मैच कल

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे ने मंगलवार को रोमांचक टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 4 विकेट से हरा दिया। आखिरी ओवर में टीम को 20 रन की जरूरत थी। यहां ल्यूक जोंगवे और क्लाइव मदाने ने 5 ही गेंद पर 24 रन बनाए और जिम्बाब्वे को जीत दिला दी। श्रीलंका से एंजलो मैथ्यूज आखिरी ओवर फेंक रहे थे। दूसरे टी-20 में जीत के साथ जिम्बाब्वे ने 3 मैचों की सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। पहला टी-20 श्रीलंका ने 3 विकेट से जीता था। तीसरा और आखिरी मुकाबला 18 जनवरी को कोलंबो में खेला जाएगा। इससे पहले जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने 27 रन के स्कोर पर ही 4 विकेट गंवा दिए। पथुम निसांका 1, कुसल मेंडिस 4 और सदीरा समरविक्रमा 16 ही रन बनाकर आउट हो गए। कुसल परेरा तो खाता भी नहीं खोल सके।

## जोंगवे प्लेयर ऑफ द मैच

2 विकेट लेने और 12 बॉल पर 25 रन बनाने के लिए ल्यूक जोंगवे को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वह मैथ्यूज को रोल मॉडल मानकर ही बड़े हुए हैं। अब मैथ्यूज के ही खिलाफ उन्होंने आखिरी ओवर में अपनी टीम को जीत दिलाई।

## न्यूज ब्रीफ

### उज्बेकिस्तान को कड़ी टक्कर देने के लिए उतरेगी भारतीय पुरुष फुटबाल टीम

**अल रेयान (कतर)।** अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के सामने चुनौती पेश करने वाली भारतीय टीम वीरवार को एशिया कप फुटबाल टूर्नामेंट के अपने दूसरे ग्रुप मैच में उज़्बेकिस्तान का सामना करेगी और उसका लक्ष्य पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत विश्व रैंकिंग में 102वें, जबकि उजबेकिस्तान 68वें नंबर पर है। छेत्री ने हालांकि कहा कि उज़्बेकिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया की तरह मजबूत नहीं है और भारत उसे कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि उज़्बेकिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया की तरह मजबूत नहीं है, लेकिन वह एक अच्छी टीम है, इसलिए हमारे सामने इस मैच में भी बड़ी चुनौती होगी।

### प्रगनानंद भारत के नंबर-1 चेस खिलाड़ी बने विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ा

**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने बुधवार को टाटा स्टील मास्टर्स 2024 के चौथे राउंड में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हरा दिया। उन्होंने इस बड़ी जीत के साथ टूर्नामेंट के पांचवें राउंड में जगह बना ली है। वे विश्वनाथन आनंद के बाद क्लासिकल शतरंज के डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन को हराने वाले दूसरे भारतीय हैं। इसी के साथ प्रगनानंद, विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर लाइव क्लासिकल शतरंज रैंकिंग में भारत के नंबर-1 चेस खिलाड़ी बन गए। 18 साल के प्रगनानंद 2748.3 रेटिंग अंकों के साथ दो स्थान की छलांग लगाकर कुल मिलाकर 11वें स्थान पर पहुंच गए, जो आनंद से 0.3 ज्यादा है। यह प्रतियोगिता नीदरलैंड के विज्क आन जी में जारी है, 28 जनवरी तक चलेगी।

### ब्रिसन फर्नांडिज के गोल से एफसी गोवा ने दूसरी जीत की दर्ज, बेंगलुरु को हराया

**भुवनेश्वर।** ब्रिसन फर्नांडिज के 'इंजुरी टाइम' में किए गए गोल की बदौलत एफसी गोवा ने बुधवार को सुपर कप के ग्रुप डी मैच में बेंगलुरु एफसी को 1-0 से शिकस्त देकर प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत हासिल की। इस हार से पिछले सत्र के फाइनल में पहुंची बेंगलुरु की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, जबकि एफसी गोवा दो मैच में छह अंक से तालिका में मजबूत स्थिति में है। गोवा के लिए इंजुरी टाइम में फर्नांडिज ने 90+4वें मिनट में मोहम्मद नेमिल के क्रास को हेडर से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई, जबकि बेंगलुरु का कप का सपना टूट गया।

### ओलंपिक में पदक के दावेदार के रूप में उतरना चाहता हूं : किदांबी श्रीकांत

**नई दिल्ली।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को कहा कि वह इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में पदक के दावेदार के रूप में उतरना चाहते हैं और सिर्फ प्रतिनिधित्व के लिए खेलों के इस महाकुंभ में खेलने का उनका कोई इरादा नहीं है। श्रीकांत ने इंडिया ओपन के पहले दौर में हांगकांग के ली च्युक यीयु के खिलाफ शिकस्त के बाद संवाददाताओं से कहा कि मेरी नजरें लगातार अच्छे प्रदर्शन पर टिकी हैं। मैं ओलंपिक में पदक के दावेदार के रूप में जाना चाहता हूं, सिर्फ खेलने के इरादे से नहीं। मैं टूर्नामेंट जीतना चाहता हूं और अगर ऐसा करता हूं तो निश्चित तौर पर ओलंपिक में जगह बनाऊंगा। मुझे नहीं लगता कि सिर्फ कुछ मैच जीतकर ओलंपिक में जगह बनाने से कोई फर्क पड़ने वाला है इसलिए मैं टूर्नामेंट जीतना चाहता हूं।

### ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में अवनी शीर्ष 10 में बरकरार

**मेलबर्न।** भारत की उभरती गोल्फर अवनी प्रशांत ने बुधवार को दूसरे दौर में दो ओवर 75 का कार्ड खेलने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा। भारत की एक अन्य खिलाड़ी हिना कांग ने हालांकि सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला और वह कट से चूक गई। लड़कों के वर्ग में वरुण मुथप्पा कीज़बोरो कोर्स में कुल पांच ओवर 147 के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहे। उन्होंने दूसरे दिन एक ओवर 73 का स्कोर किया। अवनी का दूसरे दिन का खेल उतार चढ़ाव भरा रहा, जिससे वह संयुक्त दसवें स्थान पर खिसक गई। वह संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया की अमेलिया हैरिस और जापान की आइना फुजीमोटो से अभी पांच स्ट्रोक पीछे हैं।

### अश्विनी और तनीषा इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली।** अनुभवी अश्विनी पोनप्पा और युवा तनीषा क्रास्टो की भारतीय जोड़ी को बुधवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के पहले दौर के कड़े मुकाबले में जोंगकोलफान किटिथराकुल और राविंडा प्राजोंगजाई की थाईलैंड की जोड़ी से शिकस्त झेलनी पड़ी। अश्विनी और तनीषा की दुनिया की 20वें नंबर की जोड़ी को जोंगकोलफान और राविंड की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 5-21, 21-18, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी और तनीषा की जोड़ी शुरुआत में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आई। दोनों ने कई शॉट बाहर मारे और नेट पर उलझाए। उनके पास थाईलैंड की जोड़ी के तेजतर्रार खेल का कोई जवाब नहीं था।

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग : अक्षर और जायसवाल शीर्ष टॉप टेन में

**एजेंसी, दुबई**

अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही श्रृंखला के शुरूआती दो मैच में प्रदर्शन की बदौलत भारत के बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए, जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल छठे स्थान पर पहुंचने में सफल रहे।

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में पहले दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में समान छह विकेट से जीत हासिल की, जिसमें पटेल ने 23 रन देकर दो और 16 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। इससे वह आल राउंडर खिलाड़ियों की सूची में दो पायदान के उछाल से 16वें स्थान पर पहुंच गए।

जायसवाल ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 34 गेंद में 68 रन की पारी खेली थी, जिससे उन्हें सात पायदान का फायदा हुआ और वह भी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंच गए। वहीं बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दूबे लगातार 60 और 63 रन की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 265वें स्थान से उछलकर 58वें स्थान पर काबिज हो गए।

बल्लेबाज शुभमन गिल सात पायदान के लाभ से 60वें स्थान, जबकि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा तीन पायदान के फायदे से संयुक्त 61वें स्थान पर बने हुए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चार पायदान के उछाल से 21वें स्थान पर पहुंच गए।

अफगानिस्तान के खिलाड़ियों में नजीबुल्लाह जदरान (46) और मोहम्मद नबी (54) को बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ। न्यूजीलैंड के फिन एलेन पाकिस्तान के खिलाफ 34 और 74 रन की पारियों से बल्लेबाजी रैंकिंग में 16वें स्थान पर पहुंच गए। उनके साथी टिम साउदी गेंदबाजी सूची में आठ पायदान के लाभ से 18वें नंबर पर पहुंचे। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार अर्धशतकों से एक पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह चौथे स्थान पर काबिज हैं।

# चिन्नास्वामी में रोहित और रिंकू का जलजला




- कप्तान ने खेली 121 रन की पारी, जड़ा 5वां शतक
- टी-20 में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाले बैटर बने
- रिंकू ने जमाई फिफ्टी

**बेंगलुरु।** कप्तान रोहित शर्मा के विस्फोटक शतक के दम पर भारत ने टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में अफगानिस्तान को जीत के लिए 213 रन का टारगेट दिया है। टीम इंडिया ने बेंगलुरु में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 212 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने 69 बॉल पर 121 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 5वां टी-20 शतक जमाया। रोहित टी-20 में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाले बैटर बने। रोहित के अलावा, रिंकू सिंह ने 39 बॉल पर 69 रन बनाए। उन्होंने दूसरा अर्धशतक जमाया। भारतीय टीम ने 22 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां से रोहित-रिंकू ने 95 बॉल पर 190 रन नाबाद साझेदारी की। अफगान टीम से फरीद अहमद को 3 विकेट मिले।

भारतीय टीम ने शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। टीम इंडिया ने शुरुआती दोनों टी-20 मैच 6-6 विकेट के अंतर से जीते।

ओलंपिक क्वालीफायर्स | न्यूजीलैंड और इटली को हराकर पूल बी में दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में बनाई है जगह

# जर्मनी को हराकर पेरिस का टिकट कटाने उतरेगा भारत

**एजेंसी, रांची**

**पेरिस** ओलंपिक में जगह बनाने से केवल एक जीत दूर खड़ी भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर्स में अपने से अधिक रैंकिंग के जर्मनी के खिलाफ वीरवार को होने वाले सेमीफाइनल में सफलता हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।

भारतीय टीम टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में अमेरिका से 0-1 से हार गई थी, लेकिन इसके बाद उसने न्यूजीलैंड और इटली को हराकर पूल बी में दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने पिछले दो मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया और सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम जर्मनी के खिलाफ भी इसी तरह का खेल जारी रखने की कोशिश करेगी।

इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम इस साल होने वाले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस तरह से वीरवार को जीत दर्ज करने पर भारतीय टीम का पेरिस का टिकट पक्का हो जाएगा। अगर भारतीय टीम इस मैच को जीतने में नाकाम रहती है तो उसे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का एक और मौका मिलेगा। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए शुक्रवार को मैच खेला जाएगा, जिसमें जीत दर्ज करने वाली टीम ओलंपिक में जगह बनाएगी। जहां तक जर्मनी का सवाल है तो वह पूल ए में सात अंक लेकर शीर्ष पर रहा। जापान के भी इतने ही अंक थे लेकिन जर्मनी का गोल अंतर बेहतर था। जर्मनी अभी विश्व रैंकिंग में पांचवें जबकि भारत छठे नंबर पर है। दोनों टीम एक दूसरे को कड़ी टक्कर देने में सक्षम हैं।



# विश्व में बढ़ा भारत का मान

## पीएम मोदी बोले- विश्व मित्र के रूप में देख रही पूरी दुनिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केरल में पार्टी के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा की आगामी आम चुनावों में जीत में केरल की भी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि हमारा पहला संकल्प होना चाहिए 'हम अपना बूथ जीतेंगे' और अगर हम एक बूथ जीत सकते हैं, तो हम केरल जीत सकते हैं। प्रधानमंत्री ने केरल के कोच्चि में पार्टी के शक्ति केंद्र प्रभारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस, सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमें मतदाताओं को बताना होगा कि 10 साल पहले देश में एक कमजोर सरकार थी। तब आए दिन आतंकी हमले होते थे। आज पूरी दुनिया भारत को विश्व मित्र के रूप में देख रही है और भारत और भारतीयों का गौरव नई ऊंचाइयों को छू रहा है। खाड़ी देशों में भारतीयों का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए अपना बूथ जीतने के लिए हर घर संपर्क करने और पहली बार मतदान करने वाले युवा वोटरों पर विशेष फोकस करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बूथ कार्यकर्ताओं को पहली बार मतदाताओं से जुड़ने और उन्हें मताधिकार देने के फायदे समझाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अपने बूथ पर लोगों को वोटर लिस्ट से जोड़ने पर काम करें। फर्स्ट टाइम वोटर को जोड़कर उन्हें वोट करने के लाभ बताएं। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से जनता को यह बताने का आग्रह किया कि केरल में एलडीएफ और यूडीएफ का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार के इतिहास का पर्याय है। उन्होंने जनता की भलाई के लिए अपनी सरकार द्वारा लागू की गई विविध पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा आज पूरे देश की देश के हर क्षेत्र की, हर वर्ग की पार्टी है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके पास तेज विकास का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और भविष्य का स्पष्ट विजन भी है।

**केरल में एलडीएफ और यूडीएफ का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार के इतिहास का पर्याय**

### भाजपा सरकार की स्पष्ट नीति

**भाजपा** सरकार की स्पष्ट नीति और निर्णयों का सकारात्मक असर देश में दिख रहा है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में आया है कि पिछले नौ साल में देश में 25 करोड़ लोग, गरीबी से बाहर निकले हैं। जिस देश में पांच दशकों तक कांग्रेस जैसे दलों ने सिर्फ गरीबी हटाओं का नारा दिया, वहां सिर्फ नौ साल में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से निकलना बहुत बड़ी बात है।

# अयोध्या में सीता जी को मुंह दिखाई में मिला था कनक भवन, पुरुषों का जाना था वर्जित

**एजेंसी, अयोध्या**



अयोध्या में एक ऐसा मंदिर है जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां आज भी श्रीराम और माता सीता भ्रमण के लिए आते हैं, नाम है कनक भवन। इसका संबंध कैकेयी और माता सीता से है। अयोध्या के उत्तर-पूर्व में बना यह विशाल कनक मंदिर अपनी अनोखी कलाकृति के लिए प्रसिद्ध है।

पौराणिक मान्यता है कि कैकेयी ने अपनी बहू माता सीता को ये भवन मुंह दिखाई में दिया था। त्रेता युग में मिथिला में प्रभू श्रीराम और माता जानकी का विवाह हुआ तब उस रात्रि श्रीराम के मन में विचार आया कि अयोध्या में सीता जी के लिए सुंदर भवन होना चाहिए। कहते हैं जिस पल भगवान के मन में ये कामना उत्पन्न हुई, उसी क्षण अयोध्या में महारानी कैकेयी को स्वप्न एक दिव्य महल दिखाई दिया। उन्होंने अपना सपना राजा दशरथ से व्यक्त किया और उसकी प्रतिकृति अयोध्या में बनवाने का आग्रह किया। राजा दशरथ के अनुरोध पर देवताओं के शिल्पकार विश्वकर्मा जी की देखरेख में कनक भवन बनवाया गया। मान्यता है कि यहां राम जी के अलावा किसी पुरुष को आने की अनुमति नहीं थी। राम-सीता की देह त्याग के बाद उनके बेटे कुश ने यहां उनके विग्रह स्थापित किए थे। अयोध्या राम मंदिर विवाद के समय कनक भवन पर भी आंच आई थी, ये भवन टट्-फूट कर ऊंचा टीला बन चुका था। कहते हैं द्वापर युग में जब यहां श्रीकृष्ण अपनी पत्नी के साथ टीले पर बैठे थे तब उन्होंने द्विव्य दृष्टि से इसका सत्य जान लिया और पुनः श्रीसीताराम के प्राचीन विग्रहों को प्राप्त कर वहां स्थापित कर दिया।

वर्तमान कनक भवन का निर्माण ओरछा के राजा सवाई महेन्द्र प्रताप सिंह की धर्मपत्नी महारानी वृषभानु कुंवरि ने किया है। 1891 ई. में प्राचीन मूर्तियों के साथ में मंदिर में दो नए राम सीता के विग्रह की भी स्थापना करवाई थी।

**1891 ई. में प्राचीन मूर्तियों के साथ में मंदिर में दो नए राम सीता के विग्रह की भी स्थापना करवाई थी**




### शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत, हवाई और रेल सेवा पर असर

# दिल्ली में कोहरे से 120 उड़ानें प्रभावित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**समूचा** उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली-एनसीआर के लोगों को भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी दिल्ली के सफदरजंग में बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिल्ली एयरपोर्ट ने घने कोहरे के कारण उड़ान संचालन में देरी की सूचना दी है। इससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय आगमन और प्रस्थान दोनों सहित लगभग 120 उड़ानें प्रभावित हुई हैं। 21 घरेलू आगमन, 16 घरेलू प्रस्थान, 13 अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान और तीन अंतरराष्ट्रीय आगमन सहित कुल 53 उड़ानें कोहरे और अन्य परिचालन कारणों से दिल्ली हवाई अड्डे से रद्द कर दी गई हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली पहुंचने वाली 20 ट्रेनें कोहरे के कारण देरी से चल रही हैं। इस बीच कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल जारी रही। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद सुबह घना कोहरा छाया रहा। पंजाब के अमृतसर में शीतलहर के बीच घना कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी काफी कम रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अमृतसर में आज न्यूनतम तापमान 5 और अधिकतम 12 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार सुबह सात बजे की नवीनतम सेटेलाइट तस्वीर जारी की हैं। विभाग ने कहा कि आधी रात के बाद से बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश और दिल्ली में कोहरा कुछ कम रहा। हालांकि, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा।

### दिल्ली का न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज

दिल्ली में 24 घंटे पहले मंगलवार सुबह ठंड रही, लेकिन दोपहर में धूप खिलने से लोगों को राहत मिली। अधिकतम तापमान मौसम के औसत से दो डिग्री कम 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज गया। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। इससे रेल और सड़क यातायात प्रभावित हुआ।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला तीन की गई जान

**इंफाल।** मणिपुर के मोरेह में बुधवार की सुबह उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया। इसमें राज्य पुलिस के दो जवानों और एक महिला की मौत हो गई, तीन जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई। हमलावरों के कुकी समुदाय के होने की आशंका जताई जा रही है। मणिपुर पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई थी। उग्रवादियों ने मोरेह एसबीआई के पास सुरक्षाबलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की। उग्रवादियों ने अस्थायी कमांडो पोस्ट पर गोले भी दागे, जिससे आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि एक पुलिस अधिकारी की हत्या के मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किए जाने के 48 घंटे बाद ये घटना हुई है।

## मुस्लिम कारीगरों के बनाए गर्भगृह में 22 जनवरी को विराजेंगे प्रभु श्रीराम

**बलिया।** अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राममंदिर में लग रहे पत्थर राजस्थान के मकराना के जिन मुस्लिम कारीगरों ने तराशे हैं, उन्ही कारीगरों ने बलिया में भृगु मंदिर के सामने श्रीराम मंदिर को भी संवारा है। यहां बुधवार से अनुष्ठान शुरू हो गया है। 22 जनवरी को भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा विधिपूर्वक होगी।



बलिया के इतिहास पर शोध कर चुके डॉ. शिवकुमार कौशिकेय के अनुसार पौराणिक काल से ही भृगु क्षेत्र की मान्यता रही है। वर्तमान बलिया शहर तीसरी बार बसाया गया है। इसके पहले दो बार यानी 1884 और 1905 में यह शहर विस्थापित हो चुका है। जिसके कारण वर्तमान में संवर रहे भृगु मंदिर के सामने स्थित श्रीराम मंदिर में मूर्तियां बचाकर लायी गईं।

## 31 साल पहले रामलला के दर्शन कर मोदी ने ली थी 'भीष्म प्रतिज्ञा'

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री मोदी की एक प्रतिज्ञा भी अब साकार रूप लेने जा रही है। 11 दिसंबर 1991 को शुरू हुई कन्याकुमारी से कश्मीर तक की एकता यात्रा के दौरान 14 जनवरी 1992 को वह अयोध्या आए थे। विवादित ढांचे में स्थित रामलला के दर्शन करने के दौरान ही उन्होंने संकल्प लिया था कि मंदिर निर्माण होने पर ही वह दोबारा उनके पास आएंगे। वह जब पहली बार अयोध्या आए तो सामान्य कार्यकर्ता थे। उन्होंने जो प्रतिज्ञा ली, वह भीष्म प्रतिज्ञा बन गई।

### प्रतिज्ञा लेने के बाद 28 साल तक नहीं आए अयोध्या

**पीएम** मोदी ने अयोध्या में जो प्रतिज्ञा ली, उसे निभाया भी। 14 जनवरी 1992 के बाद वह 28 वर्षों तक अयोध्या नहीं आए। नौ नवंबर 2019 को राममंदिर के हक में फैसला आने के बाद जब पांच अगस्त 2020 को राममंदिर के भूमिपूजन की तिथि तय हुई, तभी मोदी ने अयोध्या आने का ऐलान किया। वह न सिर्फ अयोध्या आए, बल्कि राममंदिर की आधारशिला भी रखी। 2022 में भी वह अयोध्या आए और दीपोत्सव में शामिल हुए। फिर 30 दिसंबर 2023 को उन्होंने अयोध्या में रोड शो कर इतिहास रचा। रामनगरी में रोड शो करने वाले पहले पीएम बने। अब 22 जनवरी को पीएम राममंदिर का उद्घाटन करने आ रहे हैं तो उनकी प्रतिज्ञा चर्चा में है।



## वर्ल्ड न्यूज

### मुंबई एयरपोर्ट पर चार किलो सोना जब्त, चार गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर दो करोड़ रुपए से अधिक कीमत का चार किलोग्राम सोना जब्त किया है। इस संबंध में डीआरआई की टीम ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को मुंबई एयरपोर्ट पर डीआरआई की टीम निगरानी कर रही थी। इसी दौरान जेद्दा से आए दो संदिग्ध लग रहे यात्रियों के सामान की जांच की गई, तो दोनों यात्रियों के इनरवीयर में मोम के रूप में दो किलोग्राम सोने की धूल मिली। इसमें तीन मिक्सर ग्राइंडर में छिपाकर लाए गए दो किलोग्राम सोने के टुकड़े मिले, जिसे जब्त कर लिया गया। इस प्रकार 2.59 करोड़ रुपए मूल्य का कुल चार किलोग्राम तस्करी का सोना बरामद किया गया।

### महुआ मोइत्रा को मिला बेदखली का नया नोटिस

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की नेता महुआ मोइत्रा को नई दिली में सरकार की ओर से आवंटित आवास खाली करने के लिए नया नोटिस मिला है। सरकारी आवास खाली करने के लिए यह नोटिस संपदा निदेशालय की तरफ से तीसरी बार भेजा गया है। बुधवार को बेदखली का यह नया नोटिस सरकारी आवास की दीवार पर चस्पा दिया गया है।

### शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करेगा। उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए इस याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करने का आग्रह किया, जिसके बाद कोर्ट ने 22 जनवरी को सुनवाई करने का आदेश दिया।

# 'भूल भुलैया 3' में आ रही है मंजुलिका!

**एजेंसी, नई दिल्ली**



फिर आ रही है मंजुलिका, कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' में विद्या बालन की एंट्री कंफर्म इस साल दर्शकों को 'भूल भुलैया 3' देखने कोमिलेगी। साल 2022 में बड़े पर्दे और ओटीटी पर कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 2' ने खूब धमाल मचाया था। इस फिल्म में कार्तिक संग कियारा आडवाणी और तब्बू ने काम किया था।



### विद्या बालन करेंगी वापसी

इस साल दर्शकों को 'भूल भुलैया 3' देखने को मिलेगी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म केहीरो कार्तिक आर्यन हैं। उम्मीद की जा रही है कि डायरेक्टर अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में और ज्यादा एक्साइटमेंट डाली जाएगी। इसमें कई ट्विस्ट भी होंगे। जानकारी के अनुसार एक्ट्रेस विद्या बालन इस फिल्म का हिस्सा होंगी। वो फ्रेंचाइजी में मंजुलिका के रूप में वापसी कर रही हैं।

**कार्तिक आर्यन के साथ जमेगी विद्या बालन की जोड़ी?**

# कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री योगी ने ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर की शुरुआत

**एजेंसी, लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले समय में देश और दुनिया में टूरिस्ट डेस्टिनेशन के लिए सबसे प्रमुख शहर होने जा रहा है।

अयोध्या वैसे भी स्थानीय श्रद्धालुओं की बहुत बड़ी संख्या है, लेकिन पूरे देश में जिस तरह की आतुरता है, उसे देखते हुए श्रद्धालुओं के यहां आवागमन को सुलभ बनाने का दायित्व हमने निभाया है। इसके लिए नागर विमानन मंत्रालय ने जो काम किया है वह सराहनीय है।



### एयर कनेक्टिविटी में यूपी बना प्रमुख राज्य

**मुख्यमंत्री** योगी ने कहा कि नागरिक विमान मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और जनरल वीके सिंह को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस करते हुए उसे हर संभव सहयोग प्रदान किया है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस दिशा में बेहतरीन परिणाम सामने दिए हैं और विगत साढ़े नौ वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश में न केवल नए एयरपोर्ट्स आए हैं, बल्कि चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ उत्तर प्रदेश एयर कनेक्टिविटी की दृष्टि से एक अहम राज्य हो गया है।

### कर्नाटक से हनुमान जी का संदेश अयोध्या लाने में होगी सुविधा

योगी ने कहा कि अयोध्या में उत्तर प्रदेश सरकार पहले ही 821 एकड़ भूमि नागर विमानन मंत्रालय को उपलब्ध करा चुकी है। अभी वहां 500 यात्री एक साथ इस विमान तल का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही आठ विमान वहां लैंड कर सकते हैं। पार्किंग की सुविधा उन्हें उपलब्ध कराई गई है। भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जो योजना नागर विमानन मंत्रालय ने बनाई है, राज्य सरकार इस पूरे कार्यक्रम के साथ सकारात्मक सहयोग करेगी। अब बेंगलुरु से अयोध्या की कनेक्टिविटी होने से अब कर्नाटक से हनुमान जी के संदेश को अयोध्या तक लाने में सुविधा होगी।

## अनुराग ने वाल्मीकि मंदिर में किया श्रमदान



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता सेवा अभियान के तहत राजधानी में स्थित वाल्मीकि मंदिर परिसर में श्रमदान किया। ठाकुर ने महर्षि वाल्मीकि की पूजा-अर्चना कर दिल्ली एवं देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

**डब्ल्यूईएफ रिपोर्ट** जलवायु परिवर्तन से बढ़ी आपदाओं के चलते दुनियाभर में हो सकता है 12.5 लाख करोड़ डॉलर का नुकसान

# 2050 तक 1.45 करोड़ लोगों की मौत की आशंका

**एजेंसी, दावोस**

**जलवायु** संकट से बढ़ी आपदाओं के चलते 2050 तक दुनियाभर में 12.5 लाख करोड़ डॉलर का आर्थिक नुकसान होने के साथ 1.45 करोड़ लोगों की मौत भी हो सकती है।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक हितधारकों के पास इन पूर्वानुमानों से निपटने और विश्व स्तर पर जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य दुष्प्रभावों को कम करने के लिए निर्णायक एवं रणनीतिक कार्रवाई करने का अभी भी समय है। ओलिवर वायमन के सहयोग से 'मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की मात्रा' पर जारी यह रिपोर्ट डब्ल्यूईएफ की यहां चल रही वार्षिक बैठक में जारी की गई। इस रिपोर्ट में दुनियाभर में मानव स्वास्थ्य, वैश्विक अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं पर जलवायु परिवर्तन के अप्रत्यक्ष प्रभावों की एक विस्तृत तस्वीर पेश करने की कोशिश की गई है।



### रिपोर्ट में समुद्र के बढ़ते जलस्तर के नकारात्मक प्रभावों का आकलन

**यह** विश्लेषण इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की ओर से धरती के बढ़ते औसत तापमान, पूर्व-औद्योगिक स्तरों की तुलना में 2.5 डिग्री से 2.9 डिग्री सेल्सियस के सबसे संभावित प्रक्षेपवक्र पर विकसित परिदृश्यों पर आधारित है। इस रिपोर्ट में बाढ़, सूखा, लू के थपेड़ों, उष्णकटिबंधीय तूफान, जंगल की आग और समुद्र के बढ़ते जलस्तर के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों का आकलन किया गया है।

### धरती के बढ़ते तापमान से भुगतने होंगे दुष्परिणाम

डब्ल्यूईएफ की कार्यकारिणी के सदस्य श्याम बिशेन ने कहा कि हालांकि प्रकृति और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में खूब चर्चा हुई है, लेकिन धरती के बढ़ते तापमान के कुछ सबसे गंभीर परिणाम इंसानी स्वास्थ्य और वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पर होंगे। उत्सर्जन में बड़ी कटौती एवं इसे रोकने के उपायों के दुरुस्त नहीं होने और जलवायु के लिहाज से सशक्त एवं लचीली स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए निर्णायक वैश्विक कदम नहीं उठाए जाने तक हाल में हुई प्रगति को हम गंवा देंगे।

### बाढ़ की वजह से हो सकती है 85 लाख लोगों की मौत

बाढ़ की वजह से 2050 तक 85 लाख लोगों की मौत हो सकती है। वहीं, सूखे की वजह से करीब 32 लाख लोगों की जान जा सकती है। वायु प्रदूषण एवं ओजोन परत के क्षीण होने से हर साल करीब 90 लाख लोगों की मौतें हो सकती हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से कई संवेदनशील बीमारियां भी सामने आ सकती हैं, जिनमें विषाणु-जनित रोग भी शामिल होंगे।